RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 101
नई दिल्ली, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



नहीं कर रहे इतिहास का पुनर्लेखन
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# भारत ने रक्षा उत्पादन क्षेत्र का किया कायाकल्प

## एयरो इंडिया के 14वें संस्करण के उद्घाटन पर बोले प्रधानमंत्री, भारत 2024-25 तक सैन्य साजोसामान के निर्यात को पांच अरब डालर करने की सोच रहा

● कहा, एयरो इंडिया केवल एक शो नहीं है, ये इंडिया की शक्ति भी है, 21वीं सदी का नया भारत, अब न कोई मौका खोएगा और न ही मेहनत में कमी रखेगा



पीएनएस/एजेंसी। बेंगलुरु

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत ने पिछले आठ-नौ वर्षों में रक्षा उत्पादन क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है और अब देश अनुकूल आर्थिक नीतियों के सहारे विश्व स्तर पर सैन्य साजो-सामान के प्रमुख निर्यातकों में से एक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

मोदी ने बेंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित एलहंका वायुसेना स्टेशन परिसर में एयरो इंडिया के 14वें संस्करण का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत दशकों से सैन्य साजो-सामान का सबसे बड़ा आयातक था, लेकिन अब यह दुनिया के 75 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। रक्षा क्षेत्र में विभिन्न सुधारों और उपलब्धियों को गिनाते हुए मोदी ने सैन्य साजो-सामान के उत्पादन के लिए भारत को एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में पेश किया और कहा कि भारत 2024-25 तक सैन्य साजो-सामान के निर्यात को 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर पांच अरब अमेरिकी डॉलर करने की सोच रहा है। अमेरिकी वायुसेना का एफ-35ए सुपरसोनिक बहुउद्देश्ईय विमान कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में शामिल है। कई भारतीय और प्रमुख विदेशी रक्षा कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजस हल्के लड़ाकू विमान और आईएनएस विक्रांत जैसे मेड इन इंडिया सैन्य साजो-सामान रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में भारत के बेहतरीन उदाहरण हैं। मोदी ने कहा, बेंगलुरु का आसमान न्यू इंडिया की क्षमताओं का गवाह है। यह नई उंचाई न्यू इंडिया की हकीकत है, आज भारत नई उंचाइयों को छू रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के प्रति भारतीय वायुसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए एयर शो के दौरान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने स्वदेश निर्मित तेजस हल्के लड़ाकू विमान से उड़ान भरी।

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर से उड़ान भरी। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का नया भारत, अब न कोई मौका खोएगा और न ही अपनी मेहनत में कोई कमी रखेगा। हम कमर कस चुके हैं। हम सुधारों के रास्ते पर हर क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते पांच वर्षों में देश का रक्षा निर्यात छह गुना बढ़ा है और अपने निर्यात में 1.5 अरब डॉलर के आंकड़े को हमने पार कर लिया है। इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी को एशिया में सबसे बड़ी प्रदर्शनी माना जाता है। इसमें 700 से अधिक भारतीय और विदेशी रक्षा कंपनियां और 100 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इसमें कई देशों के रक्षा मंत्री भी शामिल हैं। मोदी ने कहा, आप भी जानते हैं कि रक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसकी प्रौद्योगिकी को, जिसके बाजार को और जिसके व्यापार को सबसे जटिल माना जाता है। इसके बावजूद, भारत ने बीते आठ-नौ साल के अंदर अपने यहां रक्षा क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है। इसलिए, हम इसे अभी केवल एक शुरुआत मानते हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि 2024-25 तक हम निर्यात के इस आंकड़े को डेढ़ अरब डॉलर से बढ़ाकर पांच अरब डॉलर तक ले जाएंगे। मोदी ने कहा कि रक्षा एवं एयरोस्पेस के क्षेत्र में किए गए प्रयास भारत के लिए एक लॉन्च पैड की तरह काम करेंगे। उन्होंने कहा, अब यहां से भारत, दुनिया के सबसे बड़े रक्षा उत्पादन वाले देशों में शामिल होने के लिए तेजी से कदम बढ़ाएगा। इसमें हमारे निजी क्षेत्र और निवेशकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। आज मैं भारत के निजी क्षेत्र से आह्वान करूंगा कि भारत के रक्षा क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा निवेश करे। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत में रक्षा क्षेत्र में आपका ( शेष पेज 8 )

### पहली बार नजर आया अमेरिका का एफ-35 विमान

पीएनएस/एजेंसी। बेंगलुरु

**अमेरिकी** वायु सेना (यूएसएएफ) के पांचवीं पीढ़ी के सुपरसोनिक बहुउद्देशीय एफ-35ए विमान सोमवार को यहां एरो-इंडिया में पहली बार नजर आए। दो लड़ाकू विमान- एफ-35ए लाइटनिंग दो और एफ-35ए ज्वाइंट स्ट्राइक फाइटर अमेरिका में उताह और अलास्का वायुसेना के ठिकानों से अपनी यात्रा के बाद एलहंका वायुसेना स्टेशन पहुंचे। भारतीय सैन्य अधिकारियों के अनुसार, यह पहली बार है जब अमेरिकी वायुसेना का एफ-35 विमान भारत में उतरा है। दो एफ-35एस के अलावा,



अमेरिकी वायुसेना का एक एफ-16 लड़ाकू विमान फाल्कन बल के प्रमुख लड़ाकू विमानों में से एक की क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए हवाई करतब करेगा। एफए-18ई और एफए-18एफ सुपर हॉर्नेट, अमेरिकी नौसेना के सबसे उन्नत फ्रंटलाइन कैरियर-आधारित मल्टीरोल स्ट्राइक फाइटर विमान भी अमेरिका के प्रदर्शन का हिस्सा हैं।

# नियामकीय तंत्र को मजबूत करने के लिए बनेगी समिति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● केंद्र सुप्रीम कोर्ट के प्रस्ताव से सहमत, सीलबंद लिफाफे में समिति के लिए विशेषज्ञों के नाम और कार्यक्षेत्र की जानकारी देने का किया अनुरोध

● शेयर बाजारों में गिरावट की पृष्ठभूमि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, भारतीय निवेशकों के हितों की रक्षा की जरूरत

**केंद्र** सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि शेयर बाजार के लिए नियामकीय तंत्र को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञों की समिति गठित करने प्रस्ताव को लेकर उसे कोई आपत्ति नहीं है। उच्चतम न्यायालय हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट के मामले की सुनवाई कर रहा था।

केंद्र सरकार ने हालांकि मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि व्यापक हित को देखते हुए वह सीलबंद लिफाफे में समिति के लिए विशेषज्ञों के नाम और उसके कार्यक्षेत्र की जानकारी देना चाहती है। केंद्र सरकार और सेबी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि बाजार नियामक और अन्य वैधानिक इकाइयां हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद उपजी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को समिति बनाने में कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन विशेषज्ञों के नामों का सुझाव हम दे सकते हैं। हम सीलबंद लिफाफे में नाम सुझा सकते हैं। मेहता ने आशंका जताई कि पैनल की स्थापना पर किसी भी अनजाने संदेश का धन प्रवाह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। शीर्ष अदालत ने निवेशकों को नुकसान पहुंचाने और अडाणी समूह के शेयरों को कृत्रिम तरीके से गिराने संबंधी दो जनहित याचिकाओं (पीआईएल) की शुक्रवार सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।

उच्चतम न्यायालय ने अडाणी समूह के शेयर बाजारों में गिरावट की पृष्ठभूमि में 10 फरवरी को कहा था कि भारतीय निवेशकों के हितों की रक्षा की जरूरत है। न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित कर नियामकीय तंत्र को मजबूत करने के लिए विचार करने के लिए कहा था।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वोट नहीं डाल सकते मनोनीत पार्षद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली महापौर चुनाव**

● अब सबकी निगाहें सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर, सुनवाई 17 फरवरी को होगी

**दिल्ली** नगर निगम में महापौर चुनाव को लेकर चली आ रही खींचतान पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अहम टिप्पणी की है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि निगम के मनोनीत सदस्य महापौर चुनाव में मतदान नहीं कर सकते और इस पर संवैधानिक प्रावधान बिलकुल स्पष्ट हैं।

मनोनीत पार्षदों के वोट डालने पर आम आदमी पार्टी के कड़े विरोध के चलते तीन बार से महापौर का चुनाव संपन्न नहीं कराया जा सका है। हालांकि, भाजपा और आप दोनों ने एक-दूसरे पर महापौर चुनाव में अड़ंगा डालने का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने आम आदमी पार्टी (आप) की महापौर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय की महापौर चुनाव जल्द कराने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी। दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) संजय जैन ने कहा कि 16 फरवरी को होने वाले मतदान को 17 फरवरी के बाद की तारीख तक के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। पीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि मनोनीत सदस्य चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकते। संवैधानिक प्रावधान बिलकुल स्पष्ट हैं। पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी थे।

प्रधान न्यायाधीश ने एएसजी से कहा कि मनोनीत सदस्यों को मतदान नहीं करना चाहिए। यह बहुत अच्छी तरह से निर्धारित है। यह बहुत स्पष्ट है। हालांकि, जैन ने कहा कि वह इस पहलू पर दलीलें रखेंगे। ओबेरॉय की ओर से पेश अधिवक्ता शादान फरासत ने पीठ से कहा कि याचिकाकर्ता दो निर्देशों का ( शेष पेज 8 )



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वाराणसी यात्रा के दौरान सोमवार को काशी विश्वनाथ और काल भैरव के दर्शन-पूजन के बाद प्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने बाबा भोलेनाथ से देश की सुरक्षा व समृद्धि का आशीर्वाद मांगा

# जम्मू-कश्मीर परिसीमन आयोग के खिलाफ याचिका खारिज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा, फैसले में किसी भी चीज को संविधान के अनुच्छेद 370 के खंड एक और तीन के तहत शक्ति के प्रयोग का अनुमोदन नहीं माना जाएगा

**केंद्र** शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के लिए गठित परिसीमन आयोग के खिलाफ याचिका सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति एएस ओका की पीठ ने कश्मीर के दो निवासियों द्वारा दायर याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि इस फैसले में किसी भी चीज को संविधान के अनुच्छेद 370 के खंड एक और तीन के तहत शक्ति के प्रयोग का अनुमोदन नहीं माना जाएगा। पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 370 से संबंधित शक्ति के प्रयोग की वैधता का मुद्दा शीर्ष अदालत ( शेष पेज 8 )

# पीडीएस डिजिटलीकरण से सालाना 1,200 करोड़ बचाए: आदित्यनाथ

● जी-20 डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप के उद्घाटन भाषण में यूपी के सीएम ने कहा- आज हम सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से 15 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध करा रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



लखनऊ में जी20 समिट के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पहली जी20 डिजिटल इकॉनमी वर्किंग ग्रुप की बैठक का शुभारंभ करते हुए कहा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर।

यह वास्तव में भारत का वो प्राचीन श्लोक है जो भारत की दुनिया के बारे में उस सोच को प्रदर्शित करता है कि भारत के पास जो कुछ भी था उसे बिना राग-द्वेष के या किसी भी अहंकार के कभी यह नहीं कहा कि यह मेरा है तो इस पर मेरा ही एकाधिकार है। निश्चित ही डिजिटल इकॉनमी वसुधैव कुटुम्बकम के इस भाव के साथ पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में आगे बढ़ाने में मदद कर सकती है और मानवता के जीवन में कल्याण का काम कर सकती है।

मुझे पूरा विश्वास है कि यह बैठक कुछ नए मुद्दों को लेकर आगे बढ़ेगी और मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करते हुए एक नई दिशा देने का कार्य करेंगे। योगी ने कहाकि तकनीक का उपयोग करते हुए हम लोग इतनी बड़ी आबादी के साथ पूरे पारदर्शी तरीके से काम कर रहे हैं। तकनीक का लाभ किस रूप में प्रदेश के लोगों को प्राप्त हो रहा है यह देश की सबसे बड़ी खाद्यान्न योजना के वितरण के रूप में देखी जा सकती है। यूपी में 80 हजार फेयर प्राइज शॉप्स हैं। 6 वर्ष पहले एक शिकायत होती ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,431 | ↓ 250 | |
| निफ्टी | 17,770 | ↓ 85 | |
| सोना | 56,982 | ↑ 114 | /10g |
| चांदी | 66,802 | ↓ 319 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बजट सत्र का पहला चरण संपन्न, दोनों सदनों की बैठक 13 मार्च तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के दोनो सदनो की बैठक सोमवार को बजट सत्र के दूसरे चरण के लिए 13 मार्च तक स्थगित कर दी गई। बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी को संसद के दोनो सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ था और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को लोकसभा मे बजट प्रस्तुत किया था। सत्र के पहले चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दोनो सदनों में हुई चर्चा का जवाब दिया, वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दोनो सदनों में बजट पर हुई चर्चा का जवाब दिया। सत्र के शुरुआती कुछ दिन अडाणी समूह पर हिडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने या न्यायिक जांच कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कामकाज बाधित रहा था।

# तमिलनाडु के नेता ने प्रभाकरण को जीवित बताया, श्रीलंका ने दावों को किया खारिज

भाषा। तंजावुर, कोलंबो

**श्रीलंका** सरकार द्वारा लिट्टे नेता वेलुपिल्लई प्रभाकरन की मौत की घोषणा के 14 साल बाद तमिल नेता पाझा नेदुमारन ने सोमवार को दावा किया कि प्रभाकरन ठीक है और अब उसके सामने आने के लिए अनुकूल माहौल है। श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय ने दावे को मजाक बताकर खारिज कर दिया और प्रभाकरन के 2009 में मारे जाने का दावा करने के लिए डीएनए सबूत का हवाला दिया।

श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल नलिन हेराथ ने कहा, इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि वह 19 मई 2009 को मारा गया था। डीएनए ने इसे साबित कर दिया है। लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिलों के लिए एक स्वतंत्र राष्ट्र के लिए लड़ रहा था। हालांकि, श्रीलंकाई सेना द्वारा प्रभाकरन के मारे जाने की सटीक तारीख का पता नहीं है। उसकी मृत्यु की घोषणा 19 मई, 2009 को की गई थी। नेदुमारन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्रीलंका में सिंहली लोगों द्वारा राजपक्षे परिवार का उग्र विरोध और अंतरराष्ट्रीय (राजनीतिक) माहौल ने ईलम तमिलों के नेता प्रभाकरन के सामने आने के लिए उचित माहौल बनाया है। हालांकि, नेदुमारन के दावे को एमडीएमके महासचिव वाइको सहित तमिल राष्ट्रवादी नेताओं का समर्थन नहीं मिला।

तमिल राष्ट्रवाद की विचारधारा का समर्थन करने वाले तमिलनाडु के नेताओं ने पिछले वर्षों में कई बार दावा किया है कि प्रभाकरन जिंदा है। एमडीएमके प्रमुख वाइको ने भी कुछ वर्ष पहले कहा था कि प्रभाकरन जीवित है। इस तरह के दावों को श्रीलंका में तमिलों की उम्मीदों को जीवित रखने के प्रयास के रूप में देखा गया था। वाइको ने एक बयान में कहा कि कुछ लड़ाके जो तमिल ईलम के ( शेष पेज 8 )

# स्मृति मंधाना सबसे महंगी बिकी, आरसीबी ने खरीदा

भाषा। मुंबई

● डब्ल्यूपीएल नीलामी में नौ भारतीयों को मिले एक करोड़ से ज्यादा

● हरमनप्रीत कौर को मुंबई इंडियन ने 1.80 करोड़ रुपए में खरीदा

**भारतीय उप** कप्तान स्मृति मंधाना शुरुआती महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए यहां सोमवार को हुई नीलामी में सबसे ज्यादा राशि में बिकने वाली खिलाड़ी रहीं जिन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने बोली की टक्कर में मुंबई इंडियंस को पछाड़ते हुए 3.40 करोड़ रुपए (410,000 डॉलर) में खरीदा।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को मुंबई इंडियंस ने काफी सस्ता मंधाना से आधी राशि में 1.80 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। वह मुंबई की सबसे महंगी खिलाड़ी भी नहीं हैं क्योंकि टीम ने इंग्लैंड की नैट स्किवर ब्रंट को सबसे ज्यादा 3.20 करोड़ रुपए देकर हासिल किया। बल्कि हरमनप्रीत भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष छह में भी शामिल नहीं है क्योंकि देश की दूसरी सबसे महंगी बिकने वाली भारतीय खिलाड़ी आल राउंडर दीप्ति शर्मा हैं जिन्हें यूपी वारियर्स ने 2.6 करोड़ रूपए में खरीदा। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के लिए मशहूर युवा शेफाली वर्मा और रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ विश्व टी20 मैच की स्टार रहीं जेमिमा रोड्रिग्स को दिल्ली कैपिटल्स ने क्रमश: दो और 2.20 करोड़ रुपए में खरीदा। आल राउंडर पूजा वस्त्राकर (मुंबई इंडियंस) और ऋचा घोष (आरसीबी) को भी 1.90 करोड़ रूपए मिले। जेमिमा और ऋचा को रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत से काफी फायदा मिला। यास्तिका भाटिया को मुंबई इंडियंस ने 1.50 करोड़ रुपए जबकि रेणुका को आरसीबी ने इतनी ही राशि पर अपने साथ जोड़ा। दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे अच्छा सौदा समकालीन महिला क्रिकेट की बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक आस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग को 1.10 करोड़ रूपए में खरीदना रहा। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने अपनी पंसदीदा खिलाड़ियों को खरीदने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, हर कोई मंधाना और एलिस पैरी को जानता है, हम कुछ खिलाड़ियों को लेने के लिए प्रतिबद्ध थे। हम इतनी शानदार खिलाड़ियों को खरीदकर काफी खुश हैं। मंधाना, पैरी और सोफी डेविने को टीम में शामिल करना स्वप्निल नतीजा रहा। स्मृति को कप्तानी का काफी अनुभव है और वह भारतीय हालात से काफी परिचित हैं इसलिए पूरी संभावना है (कि वह कप्तान होंगी)।

मंधाना अपनी टीम के साथ नीलामी देख रही थीं। उन्होंने कहा, हम पुरूष खिलाड़ियों की भी नीलामी देखते रहे हैं। महिला खिलाड़ियों के लिए इस तरह की नीलामी होना बड़ा पल है। यह पूरी प्रक्रिया काफी कड़ी है। आरसीबी की विरासत काफी बड़ी है और उनका फैन बेस भी काफी बड़ा है। उम्मीद करते हैं कि हम एक बड़ी टीम बना सकेंगे। दीप्ति ने कहा, हम इस मौके का इंतजार कर रहे थे। मैं उत्तर प्रदेश की हूं तो अपने राज्य की टीम के लिए चुना जाना शानदार अहसास है। मैं यूपी वारियर्स के लिए ज्यादा से ज्यादा योगदान करना चाहूंगी। नीलामी ( शेष पेज 8 )




स्मृति मंधाना का फाइल चित्र

# पर्थला फ्लाईओवर पर यात्री जल्द भरेंगे फर्राटा

## नोएडा, गाजियाबाद और हापुड़ को मिलेगा फायदा, दो लाख वाहन चालकों को मिलेगी जाम से राहत

● फ्लाइओवर का 85 फीसद से ज्यादा काम पूरा, अधिकारियों ने कहा, अप्रैल माह से शुरू हो जाएगा ट्रैफिक



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पर्थला फ्लाईओवर का निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है और इस फ्लाईओवर की उम्मीदें लगाई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि फ्लाईओवर के तैयार होने से करीब 2 लाख लोगों को जाम से राहत मिलेगी। पर्थला फ्लाईओवर के शुरू होने जाने के बाद गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, हापुड़ से आने वाले लाखों लोगों को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही लोगों का 30 से 45 मिनट की भी बचत भी होगी।

नोएडा प्राधिकरण पहला केबल सस्पेंशन फ्लाईओवर बना रहा है, जिसका निर्माण जल्द ही पूरा हो वाला है, जिसके बाद इस फ्लाइओवर का लोकार्पण कर दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार पर्थला फ्लाइओवर का 85 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है और अधिकारी के अधिकारी अप्रैल के महीने से इस पर ट्रैफिक शुरू करने का दावा कर रहे हैं। इस फ्लाईओवर के निर्माण से सेक्टर.51, 52, 61, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 121, 122 के हजारों निवासियों को फायदा होगा।

साथ ही दिल्ली से गाजियाबाद, हापुड़, ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन को जाने के लिए उक्त चौराहे पर बिना किसी रेड लाइट के सीधे पहुंचा जा सकता है। बता दें कि वर्तमान में पर्थला गोल चक्कर पर सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े दस बजे तक करीब 18 हजार वाहन निकलते हैं, लेकिन इन सभी वाहन सवारों को जाम के चलते ऑफिस सही समय पर पहुंचने के लिए 30 से 45 मिनट पहले घर से निकलना पड़ता है। जबकि अधिकारियों का माना है कि फ्लाईओवर तैयार होने के बाद इस रूट से हर रोज 25 से 30 हजार वाहनों निकलने का अनुमान है। पर्थला फ्लाईओवर का काम युद्धस्तर पर चल रहा है और काम के 31 मार्च में पूरा होने की उम्मीद है, लेकिन इन दिनों काम को ध्यान में रखते हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा की ओर से आने.जाने वाले वाहन को सेक्टर 121 और सेक्टर 71 की ओर निकाला जा रहा है।

# कॉमर्शियल हब की पार्किंग होगी स्मार्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के कॉमर्शियल हब सेक्टर-18 में मल्टीलेवल पार्किंग अब स्मार्ट होने जा रही है। ये सेंसर पर काम करेंगी। ये सेंसर सभी पार्किंग स्लॉट पर लगाना होगा। ताकि पूरी पार्किंग रिमोट कंट्रोल से संचालित की जा सकेगी। ये काम सरफेस पार्किंग के लिए भी होगा।

इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने रिक्यूस्ट फॉर प्रपोजल आरएफपी जारी की है। 24 फरवरी तक कंपनियां आवेदन कर सकती है। उनके साथ पांच साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया जाएगा। जिसमें तीन महीने में उनको सभी सुविधाएं उपलब्ध करानी होगी। नोएडा के सेक्टर.18 में दो तरह की पार्किंग है। पहली ऑन स्ट्रीट पार्किंग। इसकी क्षमता 1062 कार और 279 टू व्हीलर की है। दूसरी पार्किंग कवर्ड यापी मल्टीलेवल पार्किंग है इसकी क्षमता 2823 कार और 180 टू व्हीलर है।

इन दोनों तरह की पार्किंग को स्मार्ट बनाया जा रहा है। इसके लिए 24 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। ऑनलाइन पार्किंग के स्लॉट बुक कराने के लिए आपको पार्क स्मार्ट एप डाउनलोड करना होगा। स्मार्ट पार्किंग शुरू होने से पहले इसमें कुछ बदलाव किए जाएंगे। इसके बाद ये सुचारु रूप से काम करेगा। वर्तमान में भी इसके जरिए पार्किंग बुक कराई जा सकती है। इसके लिए एप पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

# गाजियाबाद के टीला मोड़ पर दो समुदायों के लोग आपस में भिड़े

● दोनों पक्षों ने एसीपी कार्यालय और थाने पर किया हंगामा, एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के टीला मोड़ इलाके में दो समुदायों में भिड़ंत हो गई। पानी के कैंपर बेचने वाले मुस्लिम शख्स का आरोप है कि हिन्दू रक्षा दल से जुड़े लोगों ने हमला किया और कैंपर जमीन पर पटककर तोड़ डाले। दूसरी तरफ हिन्दू रक्षा दल कार्यकर्ताओं ने भी हमले का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने एसीपी कार्यालय और थाने पर हंगामा किया। एक.दूसरे के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की।

फिलहाल पुलिस ने हिन्दू रक्षा दल की तरफ से आई शिकायत पर एक्शन लेते हुए दूसरे पक्ष के पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई को लेकर रोष बना हुआ है। गरिमा गार्डन ब्लॉक निवासी अय्यूब ने बताया 12 फरवरी की सुबह सा? 11 बजे पानी सप्लाई करने वाला सद्दाम उनके घर पर कैंपर रख रहा था। तभी हिन्दू रक्षा दल के मंडल संयोजक ईशु चौधरी उर्फ अन्नू, अरविंद, राकेश, विपिन, तरुण, आकाश, राहुल, गोलू, सत्या राजपूत, शिवम, चंदन समेत करीब 15.20 अज्ञात युवक अय्यूब के घर में लाठी.डंडे लेकर घुस आए। इन युवकों ने सद्दाम का इस मोहल्ले में आने का विरोध किया। आरोप है कि उन्होंने सद्दाम से भी कहा कि लक्ष्मण गार्डन के अंदर हम मुल्लों के हाथ का पानी नहीं पियेंगे। अय्यूब का कहना है कि उन्होंने इसका विरोध किया तो दूसरे पक्ष ने मारपीट शुरू कर दी। बीच.बचाव में आई अय्यूब की पत्नी को भी पीटने का आरोप है। अय्यूब के मुताबिक, हमलावरों में से एक शख्स ने चाकू निकालकर सद्दाम पर वार किया, जिसमें वो घायल हो गया। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। अय्यूब की तरफ से इस मामले में थाना टीला मोड़ में एप्लीकेशन दी गई है। वहीं घायल सद्दाम जिला अस्पताल में भर्ती है। इस घटना से जुड़ी एक वीडियो भी सामने आई है, जिसमें सद्दाम की रेहड़ी पर रखे पानी के कैंपरों को दूसरा पक्ष जमीन पर पटककर तोड़ रहा है। दूसरी तरफ से हिन्दू रक्षा दल से जुड़े अन्नू चौधरी उर्फ ईशु ने सद्दाम, सोहेल, शाहिद, यूसुफ गुलाम मोहम्मद, शकील, शाहरुख, अमन, सोनू, मोनू व अन्य के खिलाफ जानलेवा हमले का केस थाना टीला मोड़ में दर्ज कराया है।

अन्नू चौधरी का कहना है कि दोपहर 12 बजे वो अपने कार्यालय पर जा रहा था। रास्ते में ब्राह्मण चौक के पास सद्दाम मिल गया और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। उसे बचाने जब अन्य युवक आए तो उन पर भी हमला किया गया।

अन्नू के मुताबिक, हमलावरों में से एक व्यक्ति ने उस पर पिस्टल तान दी और जान से मारने के लिए भी कहा। पुलिस ने इस शिकायत पर एक्शन लेते हुए नामजद में से पांच युवकों को पकड़ लिया है।

# नशीला स्प्रे कर 5.5 लाख की बकरियां चोरी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।

● न्याय पाने को 22 दिन तक पुलिस के चक्कर काटता रहा पीड़ित

नंदग्राम थाना क्षेत्र के दीनदयालपुरी में चोरों ने 19 जनवरी की रात मकान की छत से 31 बकरियां चोरी कर लीं। चोर बराबर की छत के रास्ते आए और नशीला स्प्रे कर सो रहे युवक को बेहोश कर दिया। इसके बाद आरोपित मकान का दरवाजा खोलकर बकरियां चुरा ले गए।

मामले की शिकायत नंदग्राम चौकी में की गई तो पुलिस 22 दिन तक घुमाती रही। पीड़ित रिपोर्ट दर्ज करने के लिए चक्कर काटता रहाए पर पुलिसकर्मियों ने नसीहत दी कि बकरियों का बीमा क्यों नहीं कराया। बाद में थाने पर शिकायत करने पर रिपोर्ट दर्ज की गई। चोरी बकरियों की कीमत साढ़े पांच लाख रुपये बताई गई हैं। दीनदयालपुरी के रोहित माली का काम करने के साथ बकरी पालन करते हैं। उनका कहना है कि वह 19 जनवरी के रात परिवार के साथ मकान में सोए थे। छत पर उन्होंने 40 बकरी बांधी थीं। उनकी सुरक्षा के लिए छत पर प्रदीप को सुलाया था। रात में बराबर के प्लाट से कुछ लोग छत पर आए और प्रदीप को नशीला स्प्रे छिड़ककर बेहोश कर दिया। आरोपित बकरी खोलकर सीढ़ियों के रास्ते ले गए। पुलिस कंट्रोल रूम के साथ नंदग्राम पुलिस चौकी पर शिकायत दी। आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और उन्हें लगातार घुमाती रही। वह 10 फरवरी को थाने पहुंचे तो रिपोर्ट दर्ज की गई। एसीपी नंदग्राम आलोक दुबे का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## पांच लाख की लूट के खुलासे के करीब पुलिस

गाजियाबाद। दो दिन पूर्व साहिबाबाद थाना क्षेत्र में स्क्रैप कारोबारी अनस मलिक के साथ हुई लूट में पुलिस के हाथ कुछ ऐसे महत्वपूर्ण सुराग लगे हैं जिनकी बिन्हा पर अधिकारी कह रहे हैं कि इस वारदात का खुलासा करने में अब देर नहीं लगेगी। इस संदर्भ में डीसीपी ट्रांस हिंडन डॉक्टर दीक्षा शर्मा ने बताया कि स्क्रैप कारोबारी के साथ हुई लूट के खुलासे के लिये उनकी टीम व क्राइम ब्रांच सहित आधा दर्जन टीम लगी हुई हैं।

## झुग्गी में आग से एक और व्यक्ति की मौत

नोएडा। नोएडा की सेक्टर-8 की झुग्गी में लगी आग से झुलस गए रिजवान की मौत हो गई। रिजवान 37 साल का था। परिवार के दो बच्चों जिसमें 12 साल के रिहान और 12 दिन के नवाज अरीबा की जलने से पहले ही मौत हो चुकी है। अभी शबाना, अनीशा और अहद का इलाज सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

रविवार को तड़के सा? तीन बने नोएडा के सेक्टर.8 की डी.221 में सिलेंडर फटने से आग लग गई थी। इसी आग से छह लोग झुलस गए थे। दमकल कर्मियों ने आग बुझाकर बच्चो की डेड बाड़ी निकाली थी। चार लोगों लोकल अस्पताल में इलाज के बाद दिल्ली रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान रिजवान की मौत हो गई।

# ग्रेटर नोएडा ओएसडी के खिलाफ विजिलेंस ने दर्ज किया मुकदमा

● नोएडा विकास प्राधिकरण में थे विशेष कार्य अधिकारी, वर्तमान में ग्रेटर नोएडा के हैं ओएसडी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी रविन्द्र सिंह यादव के खिलाफ सतर्कता अधिष्ठान विजिलेंस मेरठ ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मुकदमा दर्ज किया है। विजिलेंस ने उनके खिलाफ यह दूसरा मुकदमा दर्ज किया है।

पिछले वर्ष नवंबर माह में तमाम वित्तीय अनियमितताएं करने के आरोप में विजिलेंस ने उनके खिलाफ पहला मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के पुख्ता प्रमाण मिलने पर एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। सतर्कता अधिष्ठान मेरठ के अधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर विजिलेंस रविंद्र सिंह यादव के 24 वर्ष के कार्यकाल की जांच कर रहे है। वह पहले नोएडा विकास प्राधिकरण में विशेष कार्य अधिकारी थे। वर्तमान में वह ग्रेटर नोएडा के ओएसडी हैं। अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान ऐसे प्रमाण मिले हैं जिसमें उन्होंने आय के समस्त स्रोतों से 24 वर्ष के कार्यकाल में 94.49 लाख रुपए की आय अर्जित की।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों की खैर नहीं

नोएडा। गौतम बुद्ध नगर में पुलिस के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस पैदल मार्च करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले लोगों की चेकिंग कर रही है। इसी कड़ी में नोएडा के थाना फेस वन पुलिस और बिसरख पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने 41 लोगों को खुले में शराब पीते हुए पकड़ा। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर ये कार्रवाई की जा रही है। फेस वन पुलिस और बिसरख पुलिस ने भी शराब पीने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।


## कार्यालय-ग्राम पंचायत अंडौली वि0ख0 हसायन, जनपद-हाथरस।

पत्रांक /ग्राम पंचायत/वित्त आयोग मद/टेण्डर/2022-23 — दिनांक : 12/02/2023

### अति अल्पकालीन निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चतुर्थ राज्य वित्त/15 वॉ वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नांकित कार्यों हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित विवरणानुसार सामग्री की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक 17/02/2023 को दिन के 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3:00 बजे उपस्थिति निविदा दाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा की शर्ते निम्नवत् निर्धारित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत अंडौली से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 17/02/2023 तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि की एफ0डी0आर0/एस0टी0डी0आर0 जो अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी जमा करनी होगी।
3 निविदा पत्र के साथ एक सौ रुपये का नॉन जुडिशियल स्टांप पेपर, एक रुपये का रेवेन्यू टीकअ के साथ होना अनिवार्य है।
4 अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मिलित करते हुए 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
5. बिलों के भुगतान में नियमानुसार आयकर, वैट एवं रायल्टी आदि की कटौती की जाएगी।
6. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिये।
7. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौंसिल में पंजीकृत हो, निविदा देने से प्रतिबंधित होंगे।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत सामग्री (रुपये में) | धरोहर धनराशि राशि (रुपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये मे) | कार्य की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बन्टू के घर से रमेश के घर तक इण्टर लॉक व नाली निर्माण | 301193 | 6023 | 250 | 6 माह |

ग्राम प्रधान/अध्यक्ष, ग्राम पंचायत-अंडौली, विकास खण्ड- हसायन।

सचिव, ग्राम पंचायत-अंडौली हसायन, विकास खण्ड- हसायन।



## कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
कार्पोरेट पहचान संख्या : एल70109डीएल1980पीएलसी169318
फोन : 7303495374, ई-मेल : camaccommercial@gmail.com,
वेबसाइट : www.camaccommercial.com

31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रु. लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत तिमाही समाप्त 31 दिसम्बर, 2022 (अलेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्त 31 दिसम्बर, 2022 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31 दिसम्बर, 2021 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 45.97 | 202.36 | 64.72 | 637.07 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 17.39 | 30.95 | 52.32 | 555.88 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 17.39 | (439.15) | 52.32 | 555.88 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर तथा अपवाद मदों के बाद | 17.47 | (439.16) | 42.71 | 464.77 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि/वर्ष हेतु लाभ/ (हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 2,151.22 | 15,012.72 | (445.06) | 1,086.43 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.28 |
| 7 | अन्य इक्विटी | | | | 158,185.70 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन, रू. 10/-प्रत्येक का (क) मूल (रू.) | 1.98 | (49.75) | 4.84 | 52.65 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 1.98 | (49.75) | 4.84 | 52.65 |

नोट्स :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 13 फरवरी, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित एवं अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 13 फरवरी, 2023 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./-
(स्वाति श्रीवास्तव)
निदेशक
डीआईएन : 08529225

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 13 फरवरी, 2023


# बाइक चोर गिरोह का सरगना गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने रॉकस्टार गैंग के शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 24 मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी अपने साथी के साथ मिलकर बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करता था। इसके बाद गाड़ियों के नंबर प्लेट इंजन बदलकर दिल्ली क्षेत्र में कम दामों पर बेच दिया करता था।

ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा 2 पुलिस ने चेकिंग के दौरान इस अंतर्राज्यीय रॉक स्टार वाहन चोर गैंग के लीडर विपिन को सिग्मा गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया है। जोकि बुलंदशहर का रहने वाला है और इसका एक साथी मौके से फरार हो गया। चोर की निशादेही पर राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से चोरी की गई 24 बाइक बरामद हुई है। एडिशनल डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि गिरफ्तार युवक शातिर किस्म का अंतर्राज्यीय वाहन चोर है। जिसका दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में एक सक्रिय गैंग है। जिसका गैंग लीडर विपिन है। शिवम इस गैंग का सक्रिय सदस्य है जो मैकेनिक भी है।

# यमुना सिटी में इनोवेशन सेंटर पर खर्च होंगे 4 हजार करोड़

● यमुना प्राधिकरण और ब्रिटेन की कंपनी के बीच हुआ समझौता

पीएनएस। नोएडा/लखनऊ

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में इनोवेशन सेंटर विद ओसीआई स्थापित किया जाएगा। इस पर 4000 करोड़ रुपए लागत आएगी। इस केंद्र के स्थापित होने से क्षेत्र में करीब 20,000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में यूनाइटेड किंगडम पार्टनर कंट्री सेशन के दौरान इंडियन पार्टनरशिप फोरम लंदन (यूके) के प्रेसिडेंट डॉ. मोहन कोल और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी की उपस्थिति में यूके के साथ किए गए 7 एमओयू धारक कंपनियों के प्रतिनिधियों को मंच पर बुलाया गया। सभी एमओयू ब्रिटेन में इंडियन एम्बेसी से वेट कराकर प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में ब्रिटेन के दल का प्रतिनिधित्व एलेक्स चाक-के सी एमपी, मिनिस्टर फॉर डिफेंस प्रोक्योरमेंट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अथितियों को यूपी के औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार व अन्य आयोजकों द्वारा मोमेंटो भेंट किए गए।

कार्यक्रम में प्राधिकरण की तरफ से अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी रविन्द्र सिंह, विशेष कार्याधिकारी शैलेन्द्र भाटिया, महाप्रबंधक परियोजना केके सिंह, एसओ मार्केटिंग नन्दकिशोर सुंदरियाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


## कामा होल्डिंग्स लिमिटेड

KAMA Holdings

सीआईएन : एल92199डीएल2000पीएलसी104779
पंजीकृत कार्यालय : दि गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार, यूनिट नंबर 236 एवं 237, द्वितीय तल, मयूर प्लेस, नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज-1 एक्सटेंशन, दिल्ली-110091
कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक सी, सेक्टर-45, गुरूग्राम-122003, फोन नंबर : (+91-11) 49482870, फैक्स : (+91-11) 49482900
ई-मेल : info@kamaholdings.com वेबसाइट : www.kamaholdings.com

31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत तिमाही समाप्त 31 दिस. 22 (1) अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत तिमाही समाप्त 31 दिस. 21 (2) अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत नौ माह समाप्त 31 दिस. 22 (3) अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत नौ माह समाप्त 31 दिस. 21 (4) अलेखापरीक्षित | समेकित तिमाही समाप्त 31 दिस. 22 (5) अलेखापरीक्षित | समेकित तिमाही समाप्त 31 दिस. 21 (6) अलेखापरीक्षित | समेकित नौ माह समाप्त 31 दिस. 22 (7) अलेखापरीक्षित | समेकित नौ माह समाप्त 31 दिस. 21 (8) अलेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 6.97 | 0.11 | 20035.89 | 3606.18 | 350322.71 | 336097.01 | 1130647.08 | 893876.36 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले | (29.01) | (42.84) | 19962.28 | 3466.24 | 64802.67 | 73317.57 | 226065.67 | 180545.80 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | (20.57) | (42.58) | 19523.30 | 3466.67 | 52447.74 | 50665.02 | 175865.86 | 128620.51 |
| 4. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) सम्मिलित है) | (20.49) | (42.44) | 19523.06 | 3466.65 | 63252.45 | 55062.20 | 154715.07 | 133785.33 |
| 5. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 |
| 6. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (क) मूल : | (0.32) | (0.66) | 302.56 | 53.73 | 420.76 | 399.82 | 1497.76 | 1012.58 |
| | (ख) तनुकृत : | (0.32) | (0.66) | 302.56 | 53.73 | 420.76 | 399.82 | 1497.76 | 1012.58 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.kamaholdings.com) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते बोर्ड
कार्तिक भरत राम
अध्यक्ष
(डीआईएन : 00008557)

स्थान : गुरूग्राम, हरियाणा
तिथि : 13 फरवरी, 2023



## सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुशा चरण स्वैन/ श्रद्धांजलि स्वैन/ LBGHZ00002360284 | फ्लैट नंबर- 1602, 16वीं मंजिल, ब्लॉक-बी, गायत्री ऑरा, प्लॉट नंबर- जीएच 011, सेक्टर- 01 नोएडा एक्सटेंशन, ग्रेटर नोएडा वेस्ट/ फरवरी 10, 2023 | सितंबर 23, 2022 रु. 17,03,919/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : फरवरी 14, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आंसू बहाए, पेपर दिखाए पर नहीं रुका बुलडोजर

## डीडीए की कार्रवाई चौथे दिन भी रही जारी, ध्वस्तीकरण के दौरान छलका लोगों को दर्द, दुकानें और प्रतिष्ठान बचाने के लिए मानव श्रृंखला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महरौली में दिल्ली विकास प्राधिकरण की तोड़फोड़ की कार्रवाई के चौथे दिन पीड़ितों ने आंसू बहाए, पेपर दिखाए पर बुलडोजर नहीं रूका। डीडीए का एक्शन के दौरान आंखें नमकर देने वाले मंजर सामने आ रहे हैं। ध्वस्तीकरण के दौरान कोई रो रहा था तो कोई अपनों को सांत्वना दे रहा था। घरों , दुकानों और प्रतिष्ठानों को बचाने के लिए कुछ लोग मानव चेन बनाते भी नजर आए। पीड़ित लोग अपना दर्द सुनाते रहे और कार्रवाई करने वाली टीम को अपने भवनों से संबंधी दस्तावेज का हवाला देते रहे।

दिल्ली विकास प्राधिकरण का लगातार चौथे दिन यानी सोमवार को भी महरौली के पुरातात्विक उद्यान क्षेत्र में अतिक्रमण रोधी अभियान जारी रहा। इस तोड़फोड़ की कार्रवाई बीच डीडीए और पुलिस कर्मियों को अभियान के दौरान स्थानीय निवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। डीडीए के अनुसार, मुहिम शुक्रवार को शुरू हुई थी और एक महीने बाद ही दक्षिणी दिल्ली के इस उद्यान में जी-20 की बैठक प्रस्तावित है तथा इस उद्यान में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राज्य पुरातत्व विभाग और प्राधिकरण के संरक्षण में लगभग 55 स्मारक हैं।

डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तोड़फोड़ अभियान सोमवार को भी जारी रहा और भूल भुलैया स्मारक के पास स्थित इलाके में अवैध निर्माण हटाए गए।

डीडीए के सूत्रों के अनुसार अवैध निर्माण को हटाने के लिए अभियान जारी रहेगा। कुछ पक्षों ने तोड़फोड़ अभियान पर रोक के लिए अदालत का रुख किया है और इसलिए केवल उन्हीं ढांचों को हटाया जाएगा जो किसी मुकदमेबाजी का हिस्सा नहीं हैं। अतिक्रमण रोधी मुहिम के विरोध में इलाके की 50 महिलाओं के समूह ने प्रदर्शन किया। उन्होंने न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए और मुहिम के दौरान मौजूद मीडिया को अपने दस्तावेज भी दिखाए।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अधिकारियों ने उनसे बात की और उन्हें शांत कराया तथा आखिरकार उन्होंने अपना प्रदर्शन रोक दिया। एक दिन पहले प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं के एक समूह ने मुहिम के दौरान ड्यूटी पर तैनात कई पुलिसकर्मियों पर मिर्ची का पाउडर फेंका था। लाडो सराय गांव में शुक्रवार को शुरू हुई अतिक्रमण रोधी मुहिम को विरोध का सामना करना पड़ा।













राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण विरोधी अभियान के चौथे दिन पीड़ितों के गम, गुस्सा और लाचारी के बीच सुरक्षा के साए में कार्रवाई जारी रही। फोटो : रंजन डिमरी

### हाईकोर्ट ने मंगलवार तक लगाई तोड़फोड़ पर रोक

**नई दिल्ली।** महरौली में डीडीए की तोड़फोड़ की कार्रवाई पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। अदालत ने सोमवार को दस याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए डीडीए को महरौली इलाके में मंगलवार तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई मंगलवार को होगी।

जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने निर्देश दिया कि डीडीए मंगलवार तक अतिक्रमण की कार्रवाई नहीं करेगा। यह आदेश महरौली क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों के निवासियों द्वारा क्षेत्र में तोड़-फोड़ के बीच दायर की गई 10 याचिकाओं के संबंध में पारित किया गया है। आदेश की जानकारी डीडीए के अधिकारियों को दे दी गई।

### आप विधायक ने तोड़फोड़ रोकने की अपील की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने डिमार्केशन आदेश को रद्द कर दिया है। इसके बावजूद भाजपा शासित डीडीए और उपराज्यपाल लोगों के सर से छत छीनने का काम कर रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में एलजी को पत्र लिखकर तोड़फोड़ रोकने की अपील की है। लेकिन एलजी ने इंकार कर दिया। एलजी ने कहा कि वह दिल्ली को साफ-सुथरा करेंगे। अनधिकृत कॉलोनी से लेकर बहुमंजिला इमारतों को तोड़ेंगे।

सोमनाथ भारती और महरौली के विधायक नरेश कुमार ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश पर मंत्री कैलाश गहलोत ने डिमार्केशन का रिव्यू कर उसे गलत करार दिया। फ्रॉड डिमार्केशन के रद्द होने के बावजूद महरौली में तोड़फोड़ की जा रही है।

# जामिया हिंसा : निचली अदालत की टिप्पणियां नहीं हटेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● **हाई कोर्ट ने कहा- इन टिप्पणियों से मुकदमे की सुनवाई पर फर्क नहीं पड़ेगा**

उच्च न्यायालय ने 2019 के जामिया नगर हिंसा मामले में छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम और अन्य को आरोप मुक्त करने के निचली अदालत के फैसले में पुलिस के खिलाफ की गई टिप्पणियों को फिलहाल हटाने से इनकार कर दिया। हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा कि इन टिप्पणियों से आगे की जांच या किसी भी आरोपी के खिलाफ मुकदमे पर असर नहीं पड़ेगा। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी।

उच्च न्यायालय ने सोमवार को छात्र कार्यकर्ताओं शरजील इमाम, आसिफ इकबाल तनहा, सफूरा जरगर और अन्य से मामले में उन्हें आरोपमुक्त करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर उनका जवाब मांगा। दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने इस दलील के आधार पर उच्च न्यायालय से निचली अदालत द्वारा की गई टिप्पणियों को हटाने का आग्रह किया कि मामला असहमति के अधिकार से संबंधित नहीं, बल्कि गैरकानूनी जमावड़े के हिंसक होने से संबंधित है। जैन ने कहा, अदालत के अवलोकन प्रभावित करने वाले हैं और आगे की किसी भी जांच के लिए नुकसानदेह होंगे। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि मौजूदा चरण में टिप्पणियों को नहीं हटाया जा रहा, लेकिन आदेश दिया, जांच एजेंसी के खिलाफ की गई टिप्पणियों से आगे की जांच या किसी भी आरोपी के खिलाफ मुकदमे पर असर नहीं पड़ेगा।

निचली अदालत ने 4 फरवरी के इमाम और तनहा सहित 11 लोगों को यह कहते हुए आरोपमुक्त कर दिया था कि उन्हें पुलिस द्वारा बलि का बकरा बनाया गया था। दिसंबर 2019 में यहां जामिया नगर इलाके में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच झड़प के बाद भड़की हिंसा के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने पुनर्विचार याचिका में कहा है कि निचली अदालत का आदेश कानून के स्थापित सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है और इसमें काफी विसंगतियां हैं। पुलिस की दलील में कहा गया है कि निचली अदालत ने न केवल आरोपी व्यक्तियों को आरोपमुक्त किया, बल्कि भावनाओं में बह गई तथा अभियोजन एजेंसी पर आक्षेप लगाया है।

# फोन टैपिंग मामला : गहलोत के ओएसडी से पांच घंटे पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ओएसडी लोकेश शर्मा फोन टैपिंग मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के सामने पेश हुए।

राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत के ओएसडी से चार से पांच घंटे तक पूछताछ हुई। लोकेश शर्मा ने कहा वह छठीं बार जांच के लिए पेश हुए। शर्मा ने बताया कि उन्होंने एफआईआर को रद्द करने के लिए याचिका दायर की है। इस पर 20 फरवरी को सुनवाई होगी।

यह मामला कांग्रेस शासित राजस्थान में जुलाई 2020 के राजनीतिक संकट के दौरान सामने आया था। विशेष कार्य अधिकारी के पद पर तैनात शर्मा को दिल्ली पुलिस ने नोटिस देकर इस मामले में पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा था। शर्मा के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने के अंतरिम आदेश को वापस लेने की मांग वाली अपराध शाखा की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई की तय तिथि से कुछ दिन पहले यह नोटिस जारी किया गया था।

# जी-20 से पहले पुलिस के बेड़े में शामिल होंगे 500 वाहन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● **आधुनिक तकनीक वाले सुरक्षा उपकरणों से लैस होंगी गाड़ियां**

जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले मेहमानों को सुरक्षा मुहैया कराने दिल्ली पुलिस अपने बेड़े में आधुनिक तकनीक से लैस 500 वाहनों को शामिल करेगी। दिल्ली पुलिस की सुरक्षा शाखा को 200 महिंद्रा बोलेरो सात-सीटर कॉम्पैक्ट एसयूवी और 200 मारुति अर्टिगा मिलेगी इसके अलावा 100 स्कॉर्पियो कार मार्च तक शामिल जाएगी।

जी20 समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं। भारत ने पिछले साल एक दिसंबर को जी-20 की अध्यक्षता संभाली थी।

# कांगो तक पहुंचेगी रैपो के भीड़ नियंत्रण तकनीक की गूंज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● **सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी व कर्मचारी मेरठ में ले रहे प्रशिक्षण**

संयुक्त राष्ट्र संघ मिशन के तहत कांगो जाने वाले सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों/कार्मिको को दंगा विरोधी/भी? नियंत्रण से संबंधित विभिन्न तकनीकों में प्रशिक्षित करने हेतु द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी, मेरठ में 13 से 16 तक विशेष प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ सोमवार को रैपो मेरठ के प्रांगण में अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो द्वारा किया गया।

रैपो में जारी इस प्रशिक्षण में सीमा सुरक्षा बल के 01 कमाण्डेंट, 02 द्वितीय कमान अधिकारी, 03 उप कमाण्डेंट सहित कुल 131 अधिकारियों/कार्मिकों को दंगा विरोधी/भीड़ नियंत्रण के सभी तकनीकी पहलुओ के साथ-साथ लोक व्यवस्था प्रबंधन में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोर्स के दौरान इन जवानों को दंगा जैसी स्थितियों के दौरान भीड़ की मनोवैज्ञानिकता, हथकड़ी लगाना, अन्तर्राष्ट्रीय जेल प्रबन्धन, फुट टैक्टिस, ब्रेकिंग कान्टैक्ट, फायर फायटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन/मुनेशन हैण्डलिंग, नए विशेष उपकरणों से परिचय, विशेष वाहनों जैसे वज्र, वरूण एवं फायर टेंडर आदि से परिचय, दंगा विरोधी ड्रिल आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अलावा दंगा नियंत्रण के विभिन्न फारमेशनों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ ही इसका अभ्यास करवाया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि सीमा सुरक्षा बल के 131 अधिकारियों/ कार्मिकों की टीम की अगुवाई श्रवण नाथ गोस्वामी, कमांडेंट कर रहे हैं।

इस अवसर पर उप कमाडेंट श्याम लाल, सदाराम सिंह, हरीश चन्द्र सिंह नेगी, सहायक कमाडेंट गोविन्द सिंह नेगी, अजीत कुमार व अन्य प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# ट्यूलिप महोत्सव आज से, शांतिपथ पर बिखरी अनोखी छटा

## नीदरलैंड से आयात किए गए 1.24 लाख ट्यूलिप के खूबसूरत फूलों की चाणक्यपुरी में 26 तक चलेगी प्रदर्शनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कनॉट प्लेस और उसके आसपास के इलाकों में अगले कुछ दिनों तक दिल्ली वाले जी-20 देशों के अलग-अलग स्वादिष्ट व्यंजनों और चाणक्यपुरी स्थिति शांति पथ पर खिले रंग बिरंगे ट्यूलिप के फूलों का आनंद उठा सकेंगे।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद शांतिपथ लॉन में 14 से 26 फरवरी तक वसंत ऋतु के स्वागत के लिए ट्यूलिप महोत्सव का आयोजन कर रहा है। एनडीएमसी ने नीदरलैंड से 1.24 लाख ट्यूलिप बल्ब आयात किए और जनवरी के पहले सप्ताह में शांति पथ के लॉन समेत नई दिल्ली इलाके के गोल चक्कर चौराहों में लगाए गए। इसका मकसद से शिखर सम्मेलन में आने वाले विदेशी महेमानों के लिए शहर की सुंदरता बढ़ने के लिए लगाए गए हैं।



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अनुसार 1 व 2 मार्च को जी 20 शिखर सम्मेलन की बैठक होगी। साथ ही ट्यूलिप के फूलों के खिलने से वसंत का आगमन होता है। लोगों को नई दिल्ली के भीतर एक अंतर राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त होगा। ट्यूलिप प्रेम का प्रतीक हैं, और शहर में जगह-जगह लगे ट्यूलिप शहर की सुंदरता को निखारने का काम करेंगे।

फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी

ट्यूलिप वॉक का आयोजन 18, 19, 25 और 26 फरवरी को शांतिपथ के लॉन में किया जाएगा। एनडीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनजीओ गिव मी ट्रीज ट्रस्ट जो सुंदर नर्सरी के लैंड लैंस्केपिंग से जुड़ा हुआ है। जीएमटीटी भारत में भी सबसे अधिक पेड़ लगाने वाला है, प्रकृति शिक्षा, प्रशिक्षण और विषयगत सैर का आयोजन प्रदान करता है।

एनडीएमसी फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए ट्यूलिप की तस्वीरें क्लिक करने और फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। वहीं फोटोग्राफी प्रतियोगिता के नियम और विनियम एनडीएमसी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। वहीं एनडीएमसी प्रतिदिन तीन सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों का मूल्मूयांकन करेगी और हर दिन तीन सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करेगी।

### गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज में गार्डन टूरिज्म फेस्टिवल

**नई दिल्ली।** अगर आपको प्रकृति से प्यार है और किसी खास किस्म के पौधों को ढूंढ रहे हैं, तो गार्डन टूरिजम फेस्टिवल में आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। गार्डन टूरिजम फेस्टिवल दक्षिणी दिल्ली के सैदुलाजाब इलाके में स्थित गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज में दिल्ली पर्यटन विभाग 17 से 19 फरवरी तक 35वें उद्यान पर्यटन उत्सव की मेजबानी करेगा। गार्डन में नई डायनमिक लाइटिंग की गई है। इस गार्डन फेस्टिवल में मुख्य आकर्षण हैं फूलों के बनाए पशु-पक्षियों की आकृतियों व लटकते फूलों से सजाया गया है। दिल्ली पर्यटन विभाग के मुताबिक देश ने 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता करेगा। उत्सव का विषय जी-20 के लिए एकता का उद्यान है। 20 एकड़ के हरे-भरे क्षेत्र में फैला यह स्थल आनन्ददायी वातावरण के साथ अविस्मरणीय दृश्य का निर्माण करेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### जहांगीरपुरी दंगे में पत्थरबाजी करने का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी हिंसा मामले में फरार आरोपी सलमान उर्फ सुलेमान को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित कर रखा था। सलमान पर 6 अप्रैल 2022 को जहांगीरपुरी बी-ब्लाक में हनुमान जयंती पर निकाली जा रही झांकी में दंगे की साजिश रचने और इसे अंजाम देने का आरोप है। मामले में नई गिरफ्तारी के साथ पुलिस का दावा है कि उसने घटना में शामिल नाबालिगों समेत 36 से अधिक लोगों को पकड़ा है।

### पानी बिल शिकायतों के निपटारे में आई तेजी : सौरभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बिल संबंधी शिकायतों, सीवर और पानी से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने डीजेबी के राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा पिछले एक हफ्ते में बिल संबंधी शिकायतों का निपटारा करने की स्थिति रिपोर्ट सौंपी गई। वहीं अधिकारियों ने डीजेबी उपाध्यक्ष को पानी का उत्पादन करने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांटस की ताजा स्थिति से अवगत कराया। साथ ही पानी का उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए शुरू होने वाले नए प्रोजेक्ट की स्टेटस रिपोर्ट भी सौंपी गई।



### कांस्टीट्यूशन क्लब में यूनानी चिकित्सा विज्ञान दिवस

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के तत्वाधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसीहुल मुल्क हकीम अजमल खान की जयंती पर रविवार को कांस्टीट्यूशन क्लब में विश्व यूनानी चिकित्सा विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर मुस्ताक अहमद ने कि जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ एसआर राधा कृष्णा राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति थे। अन्य अतिथियों में प्रोफेसर एस एम आरिफ जैदी,डीन यूनानी जामिया हमदर्द, प्रोफेसर मोहम्मद जुबेर प्रिंसिपल आयुर्वेद एंड युनानी तिब्बिया कॉलेज नई दिल्ली, डॉ सैयद फारूक हिमालिया ड्रग, प्रोफेसर मोहम्मद इदरीश पूर्व प्रिंसिपल आयुर्वेद एंड युनानी तिब्बिया कॉलेज नई दिल्ली, डॉ अब्दुल रऊफ चेयरमैन इंमुल अदबिया विभाग अजमल खान तिब्बिया कॉलेज अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय आदि शामिल हैं।

### भाजपा विधायक के कार्यालय में चोरी

**नई दिल्ली।** चोरों ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक के कार्यालय में सेंधमारी कर वहां लगे दो टेलीविजन उठा के ले गए। पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर से भाजपा विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि शनिवार रात चोरों ने यह सेंधमारी की जिसके बारे में पुलिस को सूचित कर दिया गया है। चोरी के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और इसकी जांच की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। शर्मा ने आरोप लगाया कि चोर दो टेलीविजन ले गए और कार्यालय में भी तोड़फोड़ की।

### पूनावाला ने पढ़ाई जारी रखने के लिए मांगी किताबें

**नई दिल्ली।** महरौली हत्याकांड के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने उच्चतर शिक्षा हासिल करने के लिए अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों और आरोपपत्र की एक उपयुक्त डिजिटल प्रति जारी करने के लिए अदालत में सोमवार को अर्जी दायर की। उसने अपनी अर्जी में आरोप लगाया है कि उसे मामले में फंसाया गया है और अभियोजन ने इरादतन आरोपपत्र की एक ऐसी डिजिटल प्रति मुहैया कराई, जो पढ़ी नहीं जा सकती। यहां की एक अदालत ने सात फरवरी को दिल्ली पुलिस के आरोपपत्र का संज्ञान लिया था और मामले की अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी।

# जंगल सफारी के तय क्षेत्र का खट्टर और चौटाला ने किया हवाई सर्वेक्षण

## जंगल सफारी विकसित होने से अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/मेवात

**हरियाणा** में अरावली पर्वत श्रृंखला में गुरुग्राम और नूंह जिला में लगभग 10 हजार एकड़ क्षेत्र में बनने वाले विश्व के सबसे बड़े जंगल सफारी पार्क के लिए निर्धारित क्षेत्र का मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हवाई सर्वेक्षण किया।

जंगल सफारी पार्क को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक भी की और उन्हें इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन व वन विभाग के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित परियोजना के लिए निधाज़्रित स्थल के मानचित्र को देखकर निशानदेही व अन्य कार्यों को लेकर निर्देश दिए। इस जंगल सफारी को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए विश्व स्तरीय विशेषज्ञों से राय व सुझाव लिए जाएंगे।

सीएम मनोहर लाल ने कहा कि इस क्षेत्र में जंगल सफारी विकसित होने से एक ओर जहां इस पर्वत श्रृंखला को संरक्षित करने में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग पर्यटन के लिए आएंगे, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और ग्रामीणों को और अधिक रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के उद्देश्य से होम स्टे पॉलिसी शुरू की है। इसके तहत, पयज़्टकों को भी स्थानीय संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव व वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



गुरुग्राम में अरावली पर्वत श्रृंखला में जंगल सफारी बनाने के लिए हवाई सर्वेक्षण करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

# 10 हजार घरों को संपर्क करके 50 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य


गुरुग्राम के जलवायु टावर सोसायटी में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त ( स्वच्छ भारत मिशन ) डा. नरेश कुमार।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम तथा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा सेक्टर-56 स्थित जलवायु टावर में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

इस मौके पर संयुक्त आयुक्त ने कहा कि शहरों में दिन-प्रतिदिन बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण एक चिन्तनीय विषय है। हम सभी को संयुक्त रूप से इसके संरक्षण के प्रयास करने चाहिए। इसके लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उनका पालन-पोषण करके उसे पेड़ बनाएं। उन्होंने कहा कि पौधा उस नवजात शिशु की तरह होता है, जिसे बेहतर पालन-पोषण की बहुत ही आवश्यकता होती है। अगर हम पौधा लगाकर उसका सही से पालन-पोषण नहीं करेंगे, तो वह सूख जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण वहीं पर करें, जहां आप आसानी से उसकी देखभाल कर सकें। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि से विकास शर्मा ने राष्ट्रव्यापी अभियान एक पेड़ देश के नाम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपने घरों में बीजारोपण करके पौधों को अपने बच्चों की तरह देखभाल करते हुए बड़ा करने केबाद पार्क की खाली जमीन में लगाना इस अभियान का उद्देश्य है। अभियान के माध्यम से 10 हजार घरों को संपर्क करके 50 हजार पेड़ लगाना है। कार्यक्रम में जलवायु टावर से ग्रुप कैप्टन साहनी और अशोक डबास ने भी अपने विचार रखे।

सामाजिक कार्यकर्ता स्मिता आहुजा ने गील व सूखे कचरे को अलग करने की आवश्यकता पर बल दिया। आकाश जैन ने वायु प्रदूषण पर अपने विचार रखे। मैक्सचेंज से किरण ने जलवायु टावर के एक हजार किलोग्राम गीले कचरे का व्यवसायिक उपयोग बताया और अमित रोहिल्ला ने मिट्टी से बने कंपोस्टर के बारे में बताया। कार्यक्रम में जलवायु टावर, केन्द्रीय विहार, रेल विहार औरेनिया अपार्टमेंट, ओलिव हाईट, वेली व्यू स्टेट व उप्पल साऊथएंड के नागरिक उपस्थित थे।

# मनोरंजन के साथ खेलों में भविष्य भी बना सकते हैं युवा : सुंदर लाल

## युवाओं का खेलों के प्रति रुझान कम नहीं होना चाहिए

## सरपंच सुंदर लाल ने मानेसर में क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**शारीरिक** तंदुरुस्ती रखने में खेलों का विशेष महत्व है। खेलों के प्रति युवाओं को अपना रुझान कम नहीं होने देना चाहिए। खेल मनोरंजन के लिए भी खेले जा सकते हैं और खेलों में भविष्य भी बनाया जा सकता है। यह बात सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल ने गांव मानेसर में विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के दौरान कही। इस टूर्नामेंट में 22 टीमें भाग ले रही हैं।

इस क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला ईनाम 71 हजार रुपये, दूसरा ईनाम 51 हजार रुपये और तीसरा ईनाम 21 हजार रुपये दिया गया। प्रतियोगिता में हैट्रिक लगाने पर स्पेशल ईनाम भी दिया गया। सरपंच सुंदर लाल ने सिकन्दरपुर बढ़ा गांव व बिस्सर गांव के बीच मैच का रिब्बन काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल चाहे कोई भी हो, वह हमें शारीरिक रूप से मजबूत, तंदुरुस्त बनाते हैं। इसलिए जीवन में एक खेल को जरूर अपनाना चाहिए।

खेल के क्षेत्र में हमारे बेटे-बेटियां देश का नाम रोशन कर रहे हैं। सरपंच सुंदर लाल ने यह भी कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को बचपन से ही खेलों से जोड़ें। बचपन से ही खेलने की आदत बच्चों को सदा तंदुरुस्त बनाकर रखेगी। उन्होंने कहा कि खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुंची टीमों को अपने संदेश में सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि चाहे किसी भी स्तर पर वे टूर्नामेंट खेलें, मन में भावना खेल की ही होना चाहिए।

किसी भी तरीके से द्वेष नहीं पालना चाहिए। जिस खिलाड़ी में द्वेष की भावना आती है, वह अपने क्षेत्र में कामयाब नहीं हो सकता। खिलाड़ी अपने खेल पर पूरा ध्यान दें। प्रोफेशनली तरीके से अगर खेल को अपनाते हैं तो अच्छे कोच से प्रशिक्षण ले सकते हैं। अच्छे खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार भी प्रोत्साहित करती है। विजेता खिलाड़ियों को करोड़ रुपये इनाम देने के साथ प्लॉट, नौकरियां भी सरकार दे रही है। इसलिए खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाया जा सकता है।


गुरुग्राम के मानेसर गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि सरपंच सुंदर लाल।

# अधिवेशन में कर्मचारियों की मांगों को लेकर गरजे कर्मचारी नेता


गुरुग्राम में भारतीय मजदूर संघ के जिला स्तरीय अधिवेशन में महिला पदाधिकारी का स्वागत करतीं संघ की सदस्य।

**गुरुग्राम।** अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ जिला गुरुग्राम का प्रथम अधिवेशन यहां परशुराम वाटिका में संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ समय सिंह ने की। मंच संचालन जिला मंत्री जयदेव ने किया।

अधिवेशन कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार, महामंत्री अनीता बराला, प्रदेश संगठन मंत्री एवं भारतीय मजदूर संघ प्रान्त मंत्री देवीलाल, प्रदेश सचिव प्रदीप, मुख्य सलाहकार आर्य कुलदीप, उपाध्यक्ष फेज्जु खान एवं मधु, कार्यालय सचिव सन्दीप मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ चुनाव पर्यवेक्षक समिति द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। सभी वक्ताओं ने संगठन के रीति नीति एवं कार्य पद्धति को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार ने संगठन की उपलब्धियों को कर्मचारियों के समक्ष रखा व सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति जिम्मेदारियों से अवगत करवाया। अधिवेशन में बोलते हुए प्रान्त मंत्री देवीलाल ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ ने ठेकेदारी प्रथा से कर्मचारियों को मुक्ति दिलाई है।

# जेईई मेन 2023: फिजिक्स वाला के 1200 से ज्यादा छात्रों ने स्कोर किया 99 पर्सेंटाइल

## 490 से अधिक पीडब्ल्यू छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल स्कोर किया

## पीडब्ल्यू के इतिहास में सर्वाधिक व 290 से अधिक छात्रों ने 98 फीसद अंक प्राप्त किए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पीडब्ल्यू** (फिजिक्स वाला), भारत का सबसे सस्ता और सुलभ एडटेक प्लेटफॉर्म ने घोषणा की कि उसके 2900 से अधिक छात्रों ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्हें जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए योग्य घोषित किया गया है।

इस परीक्षा में 490 से अधिक छात्रों ने 99.5 परसेंटाइल और 15 से अधिक छात्रों ने 99.9 पर्सेंटाइल स्कोर किया। पीडब्ल्यू के शीर्ष स्कोरर में रामकृष्ण गेना (99.94 पर्सेंटाइल), आर्यन राय (99.94 पर्सेंटाइल), राय श्रीजल अंजानी (99.92 पर्सेंटाइल), निशांत जोत्रिवाल (99.91 पर्सेंटाइल), अनुभव साहा (99.89 परसेंटाइल), आर्यन लारोइया (99.88 पर्सेंटाइल) शामिल हैं। ये छात्र जेईई मेन और एडवांस के लिए पीडब्ल्यू के शीर्ष लक्ष्य और प्रयास ऑनलाइन बैच से हैं। विभिन्न विद्यापीठों से शीर्ष स्कोर करने वालों में कोलकाता विद्यापीठ के तियश दत्ता (99.86 पर्सेंटाइल), कोटा विद्यापीठ के कुशाग्रह जैन (99.85 पर्सेंटाइल), आयुष सिंह (99.84 पर्सेंटाइल), प्रफुल्ल नेगी (99.70 पर्सेंटाइल), रुद्र शर्मा (99.66 पर्सेंटाइल), दर्शन गुप्ता (99.55 पर्सेंटाइल) केशव कुमार (99.55 पर्सेंटाइल), और वाराणसी विद्यापीठ के आदर्श सिंह (99.53 परसेंटाइल) शामिल हैं। विद्यापीठों में कोटा, सीकर, जयपुर, लखनऊ, कानपुर, कोलकाता, पटना, रांची, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, भागलपुर, धनबाद, गोरखपुर, जनकपुरी, कालू सराय, वडोदरा, पुणे, इंदौर, मालदा, दरभंगा, भोपाल के 374 विद्यार्थी , और नोएडा ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। अलख पांडे, संस्थापक और सीईओ, ने कहा, छात्रों को इस परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देखना बहुत अच्छा लगता है। ये परिणाम छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, समर्पण और कड़ी मेहनत और व्यक्तिगत शिक्षण दृष्टिकोण की प्रभावशीलता के लिए एक वसीयतनामा हैं।

# आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थी रोजगार लेने के बजाय दें

**सोहना।** एसडीएम रविन्द्र यादव ने कहा कि आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थी रोजगार लेने की बजाय देने का कार्य करें। लघु उद्योग लगाकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के साथ-साथ अपनी आर्थिक कमाई को बढ़ाएं।

सोमवार को स्थानीय आईटाआई में प्रदेश स्तरीय रोजगार मेला लगाया गया। जिसकी शुरुआत गुरुग्राम एसडीएम रविन्द्र यादव ने दीप जलाकर की। मेले में 60 में से 20 कंपनियों के प्रतिनिधि आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए साक्षात्कार लेने पहुंचे। प्रदेश स्तरीय रोजगार मेले में 600 के लगभग विद्यार्थी अलग-अलग जिलों से पहुंचे। एक विद्यार्थी को दो कंपनियों में रोजगार उपलब्ध के लिए आवेदन जमा करने के निर्देश दिए गए थे। आईटीआई पास विद्यार्थी सुबह 9 बजे ही आईटीआई में पहुंच गए थे। अवसर पर एसडीएम गुरुग्राम ने आईटीआई पास विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेने पहुंचे कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान विद्यार्थियों द्वारा चंद कंपनियों में ही जाने के लिए रुचि लेने की बात रखी गई। जिसका सबसे बड़ा कारण कंपनिया पूरा पैसा न देने की समस्या रखी गई। रोजगार देने की क्षमता बनाएं।

# टाइड ने लांच किया भारत का पहला लॉन्ड्री म्यूजिक वीडियो खचक खुचक छोड़ दो

## खचक-खुचक छोड़ दो में टाइड कर रहा कपड़ों को रगड़ने को अलविदा

## ग्रेवी, तेल और मिट्टी जैसे सख्त दाग निकालने को भी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**टाइड0,** दुनिया का नंबर 1 डिटर्जेंट ने, जो अपने अनोखे और मजेदार विज्ञापनों के लिए जाना जाता है, कीकू शारदा के साथ लॉन्च किया भारत का पहला लॉन्ड्री म्यूजिक वीडियो खचक खुचक छोड़ दो। भारतीय परिवार हर साल कपड़े धोने में 300 घंटे तक खर्च करते हैं। टाइड डिटर्जेंट के साथ, उपभोक्ता कपड़े धोने में लगने वाले इस समय का 40 फीसदी तक बचा सकते हैं। ग्रेवी, तेल और कीचड़ जैसे कठोर दागों को टाइड बिना रगड़े आसानी से हटा देता है और इस नए वीडियो में उपभोक्ताओं से खचक खुचक को अलविदा कहने के लिए कहा गया है।

वीडियो में कीकू शारदा गाने के बोल पर थिरक रहे हैं और इसका हुक स्टेप कपड़ों से तेल, ग्रेवी और गंदगी जैसे सख्त दागों को हटाने के लिए रगड़ने को अलविदा कहकर टाइड के साथ खचक खुचक मुक्त नए साल का स्वागत करते है। इस कल्ट-म्यूजिक वीडियो के माध्यम से, टाइड ने इनोवेटिव ट्रेंड्स के साथ कुछ नया करके पूरे भारत के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ना जारी रखा है। इस वीडियो को टाइड के सोशल मीडिया चैनलों जैसे यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लॉन्च किया गया है।

उपभोक्ताओं को कपड़ों को लगातार रगड़ना और ब्रश करना पड़ता है या कपड़ों की चमक और सफेदी बरकरार रखने के लिए खचक खुचक करना पड़ता है। इसमें न केवल बहुत समय लगता है बल्कि कपड़ों की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। टाइड प्लस डबल पावर में हैं स्टेन मैगनेट, हैं जो कपड़े के अंदर गहरे तक जाकर ग्रेवी और तेल के सख्त दागों को बिना रगड़े हटा देते हैं। कपड़े धोने जैसे आश्चर्यजनक सफेदी और वो भी थोड़ा सा हंसी का तड़का लगाकर।

पीएंडजी इंडिया के मुख्य मार्केटिंग अधिकारी और पीएंडजी भारतीय उपमहाद्वीप के वाइस प्रेसिडेंट और फैब्रिक केयर हेड शरत वर्मा ने बताया, टाइड अपने अनोखे और मजेदार विज्ञापन के लिए मशहूर है जिसने पॉप कल्चर के साथ अपनी तालमेल को बिठाया है। हमारे विज्ञापन सफेदी और दाग हटाने के टाइड के प्रमुख फायदे पर केंद्रित है, जबकि कभी-कभी, कपड़े धोने जैसे साधारण काम में थोड़ी खुशियां जोड़ते हैं।

# दमदमा चौक पर लाल बत्ती लगाने को लोक निर्माण विभाग ने दी हरी झंडी

**सोहना।** शहर के दमदमा चौक पर लाल बत्ती लगाने को लोक निर्माण विभाग ने हरी झंडी दे दी है। नगर परिषद चौक पर लाल बत्ती लगाने के लिए 15 लाख रुपये का खर्च करेगा। शहर के दमदमा चौक पर आए दिन हो रहे सड़क हादसों और वाहनों की टक्कर को कम करने के इरादे से नगर परिषद ने लाल बत्ती लगाने की योजना तैयार की थी। ताकि यह चौक जाम तथा वाहनों के आपस में टकराने की हो रही आएदिन घटनाओं पर अंकुश लग सके। जिसके लिए क्षेत्रवासियों ने करीब तीन माह पहले एसडीएम को लिखित में मांग की थी। इस मांग को स्वीकारते हुए एसडीएम ने तुरंत प्रभाव से नगर परिषद को दमदमा चौक पर लाल बत्ती लगाने के आदेश जारी कर दिए थे। नगर परिषद ने एसडीएम के आदेशों को अमलीजामा पहनाने हुए इस पर खर्च होने वाली राशि का बजट तैयार करते हुए लोक निर्माण विभाग से मंजूरी मांग की थी। नगर परिषद की मांग और दमदमा चौक पर सड़क हादसों की बढ़ती संख्या पर विरामचिह्न लगाने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग ने हरी झंडी दे दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## संतों का आशीर्वाद मिलना ही सौभाग्य की बात : विधायक सिंगला



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज से आशीर्वाद लेकर कहा कि संतों का आशीर्वाद मिलना ही सौभाग्य की बात है। उनके पवित्र आशीर्वाद से इंसान का जीवन सुखमय होता है। इंसान को चाहिए कि सत्कर्म करते हुए संतों, मुनियों का सानिध्य प्राप्त करता रहे। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां लेजरवैली मैदान पर चल रही साप्ताहिक राम कथा में कही। गुरुग्राम कल्चरल फाउंडेशन एवं प्रभु प्रेमी संघ द्वारा कराई जा रही राम कथा में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला ने महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज के मुखारबिंद ऐसी दिव्य राम कथा सुनकर सभी को अपने अपने जीवन में निश्चित ही लाभ अवश्य प्राप्त होता होगा। राम कथा मानव कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करती है और साथ में मुक्ति का रास्ता भी बनाती है। सम्पूर्ण समाज में समरसता राम कथा से फैलती है। उन्होंने कहा कि राम कथा एक ऐसा ग्रंथ है, जिससे आपसी कटुता समाप्त हो जाती है। मानव का कल्याण उसकी मानवता पर निर्भर करता है। समाज इस बात से भटक रहा है कि आखिर मानवता क्या है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आज के समाज में राम कथा की बहुत जरूरत है। राम कथा आपसी द्वेष दूर करने के साथ व्यक्ति को सामाजिक व्यवहार, परमार्थ के कर्तव्यों का बोध कराती व्यक्ति का उद्धार करती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने घरों में बच्चों, युवाओं को धार्मिक आयोजनों का हिस्सा बनाना चाहिए। देखने में आता है कि आज की पीढ़ी धर्म-कर्म से दूर होती जा रही है। धर्म-कर्म हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। इस अवसर पर विधायक के साथ पार्षद धर्मवीर, पूर्व पार्षद धर्मवीर बागोरिया, अशोक गुप्ता, डॉ. मनीष जैन, पंकज यादव, पार्षद मनीष वजीराबाद, सुनील मेंबर, सीएम विंडो के एमिनेंट सदस्य अमित गोयल आदि ने भी शिरकत की।

## शिवरात्रि पर गांव डूंगरवास में खेल प्रतियोगिता व भंडारा

**गुरुग्राम/रेवाड़ी।** गांव डूंगरवास में 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर खेल प्रतियोगिताएं एवं भंडारे का आयोजन होगा। खेल प्रतियोगिताएं 17 फरवरी की सुबह आठ बजे आरंभ होंगी। दो दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेल स्पर्धाएं कराई जाएंगी। कबड्डी में प्रथम आने वाली टीम को 15 हजार रुपये और द्वितीय आने वाली टीम को 11 हजार रुपये नगद ईनाम दिया जाएगा। समारोह के समापन पर स्टेट हैड कॉरपोरेट, हरियाणा एवं चंडीगढ़ जिले सिंह विजेताओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मनित करेंगे। खेल प्रतियोगिताओं व पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए गांव में श्रीबाबा रूपादास मंदिर समिति ने अपनी तैयारी आरंभ कर दी है। समिति ने अलग-अलग जिम्मेदारियों के लिए अलग-अलग कमेटियां गठित कर दी है। समिति के सचिव मास्टर सुरेंद्र सिंह भाटोटिया और कोषाध्यक्ष सजन फौजी ने बताया कि गांव में वर्षों से ल्गुनी महा शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस परंपरा को प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक अजीत सिंह भाटोटिया ने शुरू किया था। तब से आज तक गांव के बाबा रूपादास मंदिर प्रांगण में निर्बाध रूप से शिविरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सजन फौजी और मास्टर सुरेंद्र ने बताया खेल स्पधाएं 17 फरवरी को सुबह आरंभ होंगी। मसानी गांव के पूर्व सरपंच एवं समाज सेवी कैप्टन लाला राम खेल प्रतियोर्गिताओं का शुभारंभ करेंगे।

## अप्रेंटिस ट्रेनिंग व प्लेसमेंट के लिए 262 विद्यार्थी चयनित

**गुरुग्राम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोहना में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला योजना के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निदेशक द्वारा जारी निर्देशानुसार आयोजित इस मेले का गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव ने शुभारंभ किया। आईटीआई सोहना की प्राचार्य सोनिका तक्षक ने बताया कि मेले में 285 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेले में शामिल 34 संस्थानों ने अपनी जरूरतों व नियमों के हिसाब से विभिन्न ट्रेडों के तहत 262 विद्यार्थियों का अप्रेंटिस ट्रेनिंग व प्लेसमेंट के लिए चयन किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी के रूप में गुरुग्राम आईटीआई के प्राचार्य जयदीप सिंह कादियान, आईटीआई सोहना के जूनियर अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट अधिकारी सुरेश कुमार सहित आईटीआई के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# केंद्रीय बजट 2023-24 की घोषणा पर बोले डीजी, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वित्त मंत्री** द्वारा आज पेश किए गए केंद्रीय बजट 2023-24 में कृषि के लिए कई सकारात्मक घोषणाएं की गई हैं। जहां तक बीज उद्योग का सवाल है तो बजट में तीन बिंदु हैं। ईएलएस कपास पर परियोजना सही दिशा में एक कदम है। वर्तमान में हम अपनी 20 लाख गांठों की आवश्यकता का केवल 25 फीसद उत्पादन कर रहे हैं और शेष का आयात किया जा रहा है। हमारा मानना है कि इस परियोजना के लिए एक बड़े स्तर के अनुसंधान निवेश की आवश्यकता है, जिसमें निजी क्षेत्र और आईसीएआर मिलकर काम कर सकते हैं, और ईएलएस एवं अन्य फाइबर विशेषताओं के साथ उच्च उपज वाले संकर विकसित कर सकते हैं।

जर्मप्लाज्म इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और दोनों क्षेत्रों को इस परियोजना में जर्मप्लाज्म को साझा करने के लिए आगे आना चाहिए। यदि किसान उच्च उपज और लाभ पाते हैं, तो वे ईएलएस कपास का अधिक उत्पादन करेंगे। रोगमुक्त और उच्च गुणवत्ता वाली बागवानी रोपण सामग्री की आपूर्ति के लिए 2,200 करोड़ रुपये का आवंटन एक बहुत अच्छी परियोजना है। फलों और सब्जियों की मांग तेजी से बढ़ रही है और हमारी आपूर्ति की गति बनाए रखनी होगी।

फलों और सब्जियों दोनों में अनुसंधान और उच्च गुणवत्ता वाली उत्पादन प्रणाली को बढ़ाने के लिए निवेश की आवश्यकता है। इस परियोजना के तहत यदि विशिष्ट फसलों की पहचान की जाती है और सुधार के लिए लक्षित किया जाता है तो बीज उद्योग को इस पर आईसीएआर और सरकार के साथ सहयोग करने में बहुत खुशी होगी। आईआईएमआर को ग्लोबल बाजरा केंद्र में बदलना एक बहुत अच्छा विचार है। निजी क्षेत्र का बीज उद्योग पहले से ही बाजरा प्रजनन, बीज उत्पादन और किसानों के बीच प्रचार में बड़े पैमाने पर शामिल है। हालांकि, हमें इस बात की निराशा है कि बीज और प्रौद्योगिकी में शोध को बढ़ाने के लिए समर्थन की कोई घोषणा नहीं की गई है। हमने बीज उद्योग के अनुसंधान व्यय पर आयकर में 200त्न कटौती की बहाली के लिए प्रतिनिधित्व था। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए, प्राकृतिक संसाधनों की कमी, नए उभरते कीट और रोग और स्थिर उपज अनुसंधान निवेश को निजी उद्योग द्वारा बढ़ाया जाना चाहिए। हम ऐसे निवेशों के लिए कुछ प्रोत्साहन की उम्मीद कर रहे थे जो नहीं हुआ।

बजट में कर्नाटक में एक सूक्ष्म सिंचाई परियोजना, एक कृषि त्वरक कोष की स्थापना और किसानों को कई सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के विकास की घोषणा की, और 20 लाख करोड़ के कृषि ऋण का लक्ष्य रखा गया। ये सभी कृषि और किसानों की मदद के लिए बहुत सकारात्मक उपाय हैं।

# टनकपुर में हुई योगिता वर्डे के गाने 'सिर्फ चाहूं तुझे, गाने की शूटिंग

## वैलेंटाइन डे पर फिल्ममेकर विकास का गाना रिलीज हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यूं** तो मोहब्बत को इजहार करने का कोई विशेष दिन नहीं होता। समय के साथ बदलते रंग रूप के आधार पर प्यार के दिन वैलेंटाइन डे पर टनकपुर के रहने वाले फ़िल्ममेकर विकास राज सक्सेना का गाना रिलीज हुआ है। गाने की शूटिंग शहर की कुछ विशेष जगहों जैसे बूम, किरोड़ा पुल पर हुई है।

गाने का प्रोडक्डशन मुंबई की प्रोडक्शन कम्पनी काली एंटरटेनमेंट और पोस्ट प्रोडक्शन टनकपुर की प्रतिभा स्टूडीयोज प्रोडक्शन ने किया है। गाने की रिकॉर्डिंग दिल्ली की म्यूजकि कम्पनी डी18 स्टूडीयोज ने किया है। गाने में लीड रोल अमन अली ने किया है। गाना जानी मानी लेखिका योगिता वर्डे ने लिखा है। योगिता गुजरात के वडोदरा की रहने वाली है। गाने के डायरेक्टर विकास राज सक्सेना ने बताया कि 'इस गाने को अपने शहर में शूट करने का उद्देश्य सिर्फ शहर के कलाकारों को मौका देना है और शहर की सुंदर लोकेशंस को सभी के सामने लाना है। जिससे शहर में ज़्यादा से ज़्यादा शूटिंग हो और शहर के हुनरबाजो को मौका मिले और उनके सपनो को हकीकत में बदलने का बेहतरीन मौका मिले। योगिता ने बताया कि 'वह इस गाने पर काफ़ी टाइम से काम कर रही थी। उन्होंने इस गाने के लिए उत्तराखंड को लोकेशन के रूप में सोचा हुआ था और अब इस वैलेंटाइंज़ डे पर गाने की रिलीज़ से बहुत उत्साहित और खुश हैं।






# बीमारियों से बचाव को खरीद रहे हैं मिट्टी के बर्तन

कविता। फरीदाबाद

**अंतराष्ट्रीय** सूरजकुंड मेले में सजे विभिन्न दुकानों के साथ ही मिट्‌टी के बर्तन के स्टॉल्स भी लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। विभिन्न विभागों के स्टॉलों के बीच एक स्टॉल ऐसा भी जो लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है। हम बात कर रहे हैं माटी के बर्तनों के स्टॉल की। यहां सजे मिट्टी के बर्तनों की ऐसी कलाकृतियां हैं कि देखने वालों के मुंह से निकल ही जाता है वाह क्या बात है। यहां मिट्टी का गिलास, कटोरी, चम्मच, थाली, तवा, केतली, जग, बोतल, पतीला,

### जल्दी गर्म होकर गैस की बचत करते हैं मिट्टी से बने बर्तनः गंगाराम

### मिट्टी की सोंधी खुशबू और पेट की गैस से बचाव भी करते हैं : मीनाक्षी

हांडी, कुकर, कढ़ाई सहित अन्य वस्तुएं मौजूद हैं। गंगाराम ने बताया कि वह बड़खल से यहां आकर मिट्टी के बर्तनों की स्टॉल लगा रहे



मिट्टी का कुकर और हांडी दिखाते हुए मिनाक्षी और गंगाराम।

हैं। उनके पिता सुखलाल राष्ट्रीय अवार्डी हैं। स्टॉल में मिट्टी के बर्तनों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। आकर्षक होने के साथ यह बर्तन मजबूत भी हैं। गंगाराम ने कहा कि मिट्टी के बर्तन गैस की बचत करते हैं। उनकी पत्नी मीनाक्षी ने बताया कि मिट्टी के बर्तन में बने भोजन की खुशबू अच्छी होती है। वहीं यह पेट में गैस भी नहीं बनने देते हैं।

गंगाराम ने बताया कि उनके नाना काले पहली बार मिट्टी से बनी मूर्ति लेकर आए थे। यहां और भी शिल्पकार आए थे। जिन्हें देखकर उन्हें लगा कि कुछ नया करना चाहिए। जिस पर उन्होंने मिट्टी के बर्तन बनाने शुरू कर दिए। उनके पिता सुखलाल को वर्ष 2017 में राष्ट्रीय अवार्ड मिला था। मिट्टी के बर्तन से गैस की बचत होती है। सेहत के लिए भी मिट्टी के बर्तन ठीक होते हैं। गंगाराम का स्टॉल 622 हैं, जो 1006 के पीछे मौजूद है। उनके स्टॉल पर 200 से लेकर छह सौ रुपये तक के बर्तन उपलब्ध हैं।

**हुक्के से शुरूआतः** गंगाराम ने बताया कि उनके दादा ग्यासीराम हुक्के बनाते थे। उसके बाद उन्होंने हांडी और मटके बनाने शुरू किए। उन्होंने बताया कि उनके नाना मेले में शुरूआत से आ रहे हैं। उसके बाद उनके पिता सुखलाल ने आना शुरू कर दिया था। शुरूआत में लोग मिट्टी के बर्तन नहीं खरीदते थे। लेकिन पिछले पांच-छह साल से बीमारियों को देखकर उन्होंने रसोई के सभी बर्तन बनाने शुरू कर दिए। गंगाराम ने बताया कि वर्ष 2011 से वह अपनी पत्नी मीनाक्षी के संग अब मेले में आ रहे है।

## स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर तीन जिलों की जन सुनवाई

### विधायक नीरज शर्मा सिंह सहित पिछड़ा वर्ग से सम्बंधित प्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरपर्सन एवं पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दर्शन सिंह और आयोग के सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को सेक्टर-12 के कन्वैंशन हाल में फरीदाबाद कमिश्नरी के शहरी स्थानीय निकाय संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर फरीदाबाद, पलवल और मेवात जिलों के लिए जन सुनवाई की। हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन कम न्यायमूर्ति दर्शन सिंह ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में सम्भावित शहरी स्थानीय निकायों में जनप्रतिनिधियों के चुनावों के लिए पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण के प्रावधान के लिए अपने सुझाव लिखित और मौखिक रूप साझा करें। उन्होंने कहा कि आयोग के समक्ष



निर्वतमान पार्षद जयवीर खटाना पिछड़ा वर्ग आयोग के समक्ष अपने विचार रखते हुए

प्रस्तुत सभी सुझावों पर हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग गहनता से क्रियान्वयन करके शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों में सिफारिशों के लिए, सरकार के माध्यम से हरियाणा चुनाव आयोग को भेजा जाएगा।

हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा शहरी स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने को लेकर प्रदेश में घुमकर कमिश्नरी मुख्यालयों पर पब्लिक हियरिंग अर्थात जनसुनवाई की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज सोमवार को हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग ने एक पब्लिक नोटिस जारी करते हुए मंडल मुख्यालयों पर जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 11:30 बजे सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग जन सुनवाई की गई। फरीदाबाद में फरीदाबाद मंडल ने पड़ने वाले तीनों जिलों अर्थात फरीदाबाद, पलवल तथा मेवात जिलों के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई थी।

जनसुनवाई में एन आईटी के विधायक नीरज शर्मा सहित करीब दो दर्जन पिछड़ा वर्ग से सम्बंधित निवर्तमान चैयरपर्सन, कौंसलर और अन्य पिछड़ा वर्ग संस्थाओं प्रतिनिधियों ने व्यक्ति, समूह, संगठन, सामाजिक विचारक, प्रबुद्ध नागरिक या इस विषय में रुचि रखने वाले व्यक्तियों ने शहरी स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए जाने के पक्ष में या विरोध में अपने विचार आयोग के समक्ष रखे। इनमें निवर्तमान डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग, एडवोकेट आरसी गोला, देवीराम बघेल, फरीदाबाद जिला के रामचन्द्र जांगड़ा, रणबीर सिंह चन्दीला, दीपक चौधरी, दीपक यादव, ओमप्रकाश, नरेन्द्र कुमार, ओप्रकाश रक्षवाल, धर्मवीर भडाना, राकेश भड़ाना, एडवोकेट छत्रपाल सिंह, दीपक यादव ने पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई समक्ष हिस्सा लेकर अपने लिखित और मौखिक विचार देने के लिए सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में पहुंचे थे। डीसी विक्रम सिंह ने जिला प्रशासन की तरफ से हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरपर्सन रिटायर्ड जस्टिस दर्शन सिंह व सदस्यों का फरीदाबाद कमिश्नरी मे पिछड़ा वर्ग आरक्षण जन सुनवाई में फरीदाबाद पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डाक्टर एसके गक्खड़ श्याम लाल जांगड़ा, डीसी विक्रम सिंह , पलवल की डीसी नेहा सिंह, एमसीएफ कमीशनर मोहम्मद इमरान रजा, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## महिला को बंधक बना लूटपाट के दो आरोपी गिरफ्तार

### एक हफ्ते से कर रहे थे मकान व आसपास के एरिया की रेकी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी फिरोज और गोविंद।

**सेक्टर** 55 एरिया के एक मकान में घुसकर तमंचे और चाकू के बल पर औरत से नकदी-जेवरात लूटने के दो आरोपियों को सेक्टर तीस क्राइम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार किया है।

चार फरवरी को करीब 10 बजे दो नकाबपोश बदमाश एक महिला के घर में जबरदस्ती घुस गए थे। अकेली महिला को बदमाशों ने अवैध पिस्तौल में चाकू दिखा कर उसे और उसके दो बच्चों को मौत के घाट उतारने का धमकी देकर करीब दो लाख की नकदी-जेवर लूट लिए थे, और फरार हो गए थे

**वारदात का तरीकाः** आरोपियों ने अलग अलग दिनों में रेकी कर परिवार के सदस्यों के आने जाने के समय का पता लगा लिया था। साजिश रचकर दोनों बदमाश स्कूटी पर सवार होकर आए और मात्र 15 मिनट में वारदात अंजाम देकर फरार हो गए थे। लूट की वारदात की गुत्थी को सुलझाने के लिए बनाई टीम में सब इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार, एएसआई अनूप कुमार, सिपाही सहदेव व सायबर तकनीक में माहिर कांस्टेबल मनोज को शामिल किया। तीनों ने अपनी पुलिस टीम के साथ मिलकर तकनीकी सहायता से सात दिन मेहनत कर इस ब्लाइंड लूट की वारदात को सुलझा लिया। आरोपियों को जीवनगर एरिया से रविवार को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी फिरोज और गोविन्द जीवन नगर, गौंछी का निवासी है। मुख्य आरोपी फिरोज एक वर्कशॉप में वेल्डिंग करने का काम करता है। गोविंद प्लास्टिक और लोहे के कबाड़ का काम करता है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी, अवैध हथियार, लूटी गई नकदी और जेवर बरामद किए जाएंगे।

## विधायक ने छात्राओं को वितरित की शॉल और स्टेशनरी

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**तिगांव** स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विधायक राजेश नागर ने छात्राओं को शॉल एवं जरूरी स्टेशनरी वितरित की। कार्यक्रम का आयोजन इनरव्हील क्लब द्वारा किया गया। यहां मुख्य अतिथि राजेश नागर ने सामान वितरित करने के अवसर पर कहा कि आने वाली सदी बेटियों की होगी। आप लोगों की शिक्षा के मूलमंत्र को समझकर आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा कि एक शिक्षित बेटी कई परिवारों का भाग्य बनाती है। वह अपने पिता का नाम रोशन करती है, अपने पति के परिवार को पोषण देती है वहीं आने वाली पीढ़ी को भी संस्कार देती है। नागर ने कहा कि भाजपा की सरकारों भी महिलाओं के अधिकार के निरंतर प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा की पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं की आवाज को सशक्त बनाया है। वहीं पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में महिला कॉलेजों, आईटीआई और स्कूलों का जाल बिछाकर शिक्षा के अवसर बढ़ाए हैं। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमारी सरकार अंत्योदय के मूलमंत्र को मानकर काम कर रही है। जिसका अर्थ है



इनरव्हील क्लब के सहयोग छात्राओं को जरूरी सामान वितरित करते विधायक राजेश नागर।

कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। नागर ने कहा कि आज ग्राम सरकार में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा है जिसके अच्छे सकारात्मक असर गांवों में देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनरव्हील क्लब जैसी संस्थाओं का समाज में जागरूकता लाने में बड़ा योगदान है। एक तो यह स्वयं सेवा के नए नए काम करती हैं दूसरा इन्हें देखकर दूसरे व्यक्ति भी सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित होते हैं। इसके लिए इनरव्हील क्लब की प्रशंसा की जानी चाहिए। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की प्रेसिडेंट ममता शर्मा ने कहा कि वह विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सहयोग देने का काम कर रहे हैं। इनमें भी महिलाओं एवं बच्चियों की बेहतरी उनके ध्यान केंद्र में रहते हैं।

## कोरोना के बाद स्वास्थ्य जांच शिविर महत्वपूर्ण : सीमा त्रिखा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोरोना** के बाद से स्वास्थ्य जांच हर व्यक्ति के लिए, महत्वपूर्ण हो गई है, ऐसे में स्वास्थ्य शिविर बेहद जरूरी एवं लाभदायक है। विधायक सीमा त्रिखा ने ये बात सेक्टर-16 के सामुदायिक केंद्र में स्वर्गीय पीआर धमीजा की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में कहे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि समय-समय पर हर परिवार को समाज के लिए कोई ना कोई ऐसी गतिविधि करनी चाहिए, इससे समाज को बल मिलता है। मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड ने धमीजा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कहा कि उनसे हमें खूब प्रेरणा मिलती थी। वह सदा सामाजिक दृष्टिकोण को लेकर चर्चा करते और हमें भी ऊर्जा प्रदान करते थे।



स्व.पीआर धमीजा की चौथी पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करते हुए विधायक सीमा त्रिखा

इस अवसर पर कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक ललित नागर, पूर्व विधायक शारदा राठौर, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, कांग्रेस नेता लखन कुमार सिंगला, भाजपा महासचिव मूलचंद मित्तल, निवर्तमान मेयर सुमन बाला, निवर्तमान डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग, आप नेता धर्मवीर भड़ाना, राजन ओझा, सुमित गौड़, समाज सेवी पारस राय सहित अनेक गणमान्य लोगों ने धमीजा को श्रद्धासुमन अर्पित किये। स्वास्थ्य शिविर में एकॉर्ड हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की, जिसमे दो सौ से अधिक लोगों ने जांच करवाई। शिविर में सामान्य जांच के अलावा, हड्डी रोग विशेषज्ञ, न्यूरो विशेषज्ञ, गुर्दा रोग विशेषज्ञ, महिला विशेषज्ञ व श्वास रोग विशेषज्ञ शामिल थे, जो आये हुए लोगों की जांच कर रहे थे। शिविर में ज्यादातर सीनियर सिटीजन यानी बुजुर्ग लोग जांच करवाने आये। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा ने सीनियर सिटिजन्स को कहा कि वह इस सामुदायिक केंद्र में बैठने वाले बुजुर्गों की सुविधा के लिए इस केंद्र का पूर्ण रख-रखाव करवा देंगी। इसके लिए सीनियर सिटिजन्स ने उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा। त्रिखा ने कहा कि धमीजा मेरे पिता समान थे और वह यहां रोजाना आया करते थे, वह स्थान स्वच्छ एवं सुन्दर बना रहे इसके लिए वह हर संभव मदद करेंगी।

## बच्चों और महिलाओं को हुनर दे रहा परिषद

### सूरजकुंड मेले में राज्य बाल कल्याण परिषद की स्टॉल का रिबन काटकर किया उद्घाटन

### फैशन डिजाइनिंग के कोर्स भी शुरू करेगा राज्य बाल कल्याण परिषदः रंजीता मेहता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता ने कहा है कि लड़कियों के लिए फैशन डिजाइन कोर्स जल्दी शुरू किए जाएंगे। इस संबंध में हरियाणा सरकार को पत्र लिखकर मदद मांगी जाएगी। उन्होंने कहा कि लड़कियां आज किसी क्षेत्र में पीछे नहीं है और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद प्रयासरत



बाल कल्याण परिषद की स्टॉल का रिबन काटकर उद्घाटन करती मानद महासचिव रंजीता मेहता।

है। बच्चों को छोटी उम्र से ही बेहतर पढ़ाई और रोजगारोन्मुखी शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि स्किल इंडिया के तहत महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है, जिसमें वह अपने आय के साधन ब ढ ा सकती हैं।

सिलाई कढ़ाई ब्यूटी प्रशिक्षण के कोर्स हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की ओर से अलग-अलग जिलों में चलाए जा रहे हैं। क्षेत्र में युवा लड़कियों के लिए बहुत स्कोप है और माता-पिता को भी अपनी बेटियों को फैशन डिजाइनिंग की तरफ कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। रंजीता मेहता ने कहा कि इस संबंध में मैं निजी तौर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करके नए कोर्स शुरू करवाने का प्रयास करूंगी। निश्चित तौर पर फैशन डिजाइनिंग के कोर्स शुरू होंगे।

रंजीता मेहता ने हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर चाइल्ड वेलफेयर जिला फरीदाबाद का निरीक्षण किया और वहां पर बच्चों के लिए दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने खुशी जताई कि बच्चों की देखरेख के लिए सभी कर्मचारी और अधिकारी बेहतर काम कर रहे हैं। इसके बाद रंजीता मेहता ने सूरजकुंड मेला में रिबन काटकर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के स्टॉल का उद्घाटन किया। रंजीता मेहता ने कहा कि सूरजकुंड का मेला लगभग 27 वर्ष के बाद देखा और काफी अच्छे स्टॉल और रंगारंग कार्यक्रम देखने को मिले बाल कल्याण परिषद ने भी अपना स्टॉल लगाया था। देशहित फाउंडेशन की तरफ से निशुल्क नेत्र जांच शिविर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के साथ मिलकर चेकअप 176 लोगों का किया गया। निशुल्क चश्में वितरित किए।

इस अवसर पर नूंह जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री, फरीदाबाद जिला बाल कल्याण अधिकारी, सुंदरलाल खत्री, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर, प्रोग्राम ऑफिसर शिवानी जिंदल, उत्तर पूर्वी राज्यों के मुख्य प्रबंधक पूर्व फौजी ऑफिसर ब्रिगेड राजीव, लोक उत्थान क्लब के चेयरमैन आरपी हंस, पूनम सिंधु, आईटी प्रोफेशनल संजीत कुमार सिंह, प्रधानाचार्य सुशील कन्वा और बाल कल्याण परिषद के आजीवन सदस्य व कर्मचारी व उपस्थित रहे।

## हरियाणा की बेटियों ने लगाई सोने और चांदी की झड़ी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** फेडेशन आफ इंडिया (एएफआई) की 18वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट 10 फरवरी से 12 फरवरी तक पाटलिपुत्र स्टेडियम पटना (बिहार) में हुई। प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी जिलों के एथलीट्स ने भाग लिया। चैंपियनशिप में 4 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। यह जानकारी एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने दी।

प्रदेश महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि ट्रायथलान ग्रुप ए में दीक्षा झज्जर ने 1756 अंक अर्जित कर स्वर्ण पदक विजेता बनकर हरियाणा को पहला दिन प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया। ट्रायथलान ग्रुप सी में खुशी शर्मा पंचकूला ने 2150 अंक के साथ स्वर्ण पदक और तनू पानीपत ने 2041 अंक के साथ रजत पदक जीत प्रदेश का नाम रौशन किया। मुस्कान सोनीपत ने 1600 मीटर दौड़ में 5 मिनट 15 सेकेंड और 29 माइक्रो सेकेंड का समय देकर रजत पदक जीता। मन्नत ने डिस्कस थ्रो इवेंट



दीक्षा झज्जर को स्वर्ण पदक देते हुए भीम अवार्डी चरण सिंह व अन्य पदाधिकारी।

में 30.46 मीटर फेंककर कांस्य पदक हासिल किया। दीपिका डाखेड़ी पानीपत ने 600 मीटर दौड़ में 1:39:45 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। डिस्कस थ्रो इवेंट में 46.63 मीटर थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। अंशु धनखड़ सोनीपत ने शॉट पुट इवेंट में 12.17 मीटर दूरी पर गोला फेंककर कांस्य पदक जीता। हरियाणा राज्य के सभी जिलों के पदक विजेता खिलाड़ियों को एथलेटिक्स हरियाणा के प्रधान चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान, निदेशक नरेंद्र मोर, उपाध्यक्ष राजीव खत्री,वशिष्ठ आदि ने विजेताओं को बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षिका प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन



**फरीदाबाद।** सेक्टर-28 स्थित रघुनाथ मंदिर में सेवा भारती फरीदाबाद विभाग का शिक्षिकाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में जलपान के बाद गायत्री मंत्र, परिचय के पश्चात सह विभाग प्रमुख शिवकुमार कटारिया ने सेवा केंद्र पर होने वाले संस्कार पक्ष गीत, गायत्री मंत्र, कल्याण मंत्र, सुभाषित, सामान्य ज्ञान की बातें, तीनों पुस्तिकाओं के अध्ययन पर चर्चा की। सह महानगर कार्यवाह फरीदाबाद पश्चिम श्याम द्वारा सिलाई मशीन की देखरेख एवं मरम्मत के बारे में शिक्षिकाओं को बारीकी से बताया गया। नेहा द्वारा बाल संस्कार केंद्र पर बच्चों को पढ़ाने की दिशा में मार्गदर्शन किया। आत्मप्रकाश सेतिया ने सभी शिक्षिकाओं को नर सेवा नारायण सेवा का मूल मंत्र समझा कर फल की चिंता किए बगैर अविरल कार्य करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग में कुल 35 संख्या रही। कल्याण मंत्र के पश्चात प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

### डेटा विश्लेषण और व्याख्या विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**फरीदाबाद।** प्रबंधन विभाग और भौतिकी विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने शोध पद्धति के क्षेत्र में डेटा विश्लेषण और व्याख्या विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के गतिशील नेतृत्व में महाविद्यालय इस तरह के जागरुकता सत्र आयोजित करता रहता है। संगोष्ठी का आयोजन डॉ. संजीव गुप्ता, विंग-तीन के संरक्षण में किया गया। डॉ. शिल्पा गोयल, डीन, प्रबंधन विभाग एवं रवीन्द्र जैन, डीन, भौतिकी विभाग, कार्यक्रम के संयोजक ने पूरे सत्र का समन्वय किया। डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद के वाणिज्य विभाग की एचओडी डॉ. अर्चना भाटिया दिन की वक्ता थीं। उन्होंने छात्रों को समझाया कि कैसे व्यावसायिक अनुसंधान को डिजाइन, संचालन और मूल्यांकन किया जाए सत्र का समापन प्रश्नोत्तर के साथ हुआ। सेमिनार में करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उपसंयोजक देवेंद्र ने धन्यवाद ज्ञापन जबकि मंच संचालन दीपमाला चौहान ने किया। डॉ. निशा गिल, शिल्पी गुप्ता, प्रियम गुप्ता, उपासना गेरा सहित प्रबंधन एवं भौतिकी विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

### संत सम्मेलन में बताई राम नाम की महिमा



**बल्लभगढ़।** जगदीश कॉलोनी सत्संग भवन में चल रहे वार्षिकोत्सव जगदीश जी महाराज के संत सम्मेलन पर व्याख्यान देते हुए स्वामी पुरुषोत्तमानंद गिरी महाराज ने बताया राम नाम की महिमा अपरंपार है। राम नाम से बड़े-बड़े पत्थर भी तर गए। राम से बड़ा राम का नाम कलियुग केवल नाम अधारा सब में प्रभु राम का नाम ही वास है। राम नाम से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं। आप बड़ी बड़ी कठिनाइयों को पार कर सकते हैं। रामचरितमानस का हमें अध्ययन करना चाहिए। रामचरितमानस में पिता का पुत्र के प्रति, पुत्र का पिता के प्रति, भाई का भाई के प्रति, पत्नी का पति के प्रति सबका स्मरण होता है। ट्रस्ट के पदाधिकारी बलदेव जुनेजा ने महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कथा के उपरांत सभी भक्तजनों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

### रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित



**फरीदाबाद।** संभार्य फाउंडेशन और जिला नागरिक अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन पछियां मोहल्ला की चौपाल पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की नव निर्वाचित सरपंच मैम्वती व समाजसेवी जयपाल देशवाल ने की जबकि मुख्यातिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित टिपरचंद शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि पलवल डायलिसिस सेंटर के संचालक डॉ. शंभु शरण डीएम नेफ्रोलॉजी मौजूद रहे। फाउंडेशन के संरक्षक दीपक डागर ने बताया कि गांव का ये पहला शिविर है और युवा बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। जयपाल सरपंच ने खुद रक्तदान कर शिविर का आरंभ किया। संभार्य फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक देशवाल ने बताया ब्लड सेंटर ऑफ ट्राइटन नई दिल्ली की ओर से लगाए गए कैंप में 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कैंप में पुनीत देशवाल, डॉ. साहिल देशवाल, प्रदीप, विकास देशवाल व गांव के अन्य युवा साथी मौजूद रहे।

### स्कूल में 1600 विद्यार्थियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा फरीदाबाद स्थित गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बीते पंद्रह दिनों से विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि अब 1600 से अधिक विद्यार्थियों की स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच स्वास्थ्य विभाग जिला नागरिक चिकित्सालय की डॉ. नीरज, ऊषा और कृष्णा ने की।

### उपायुक्त के निरीक्षण में नदारद रहे कर्मचारी

**फरीदाबाद।** जिला उपायुक्त एवं स्मार्ट सिटी की सीईओ विक्रम सिंह ने सोमवार सुबह सेक्टर-20 स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय के 15 से ज्यादा कर्मचारी व अधिकारी अनुपस्थित थे। उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त एवं सीईओ विक्रम सिंह ने कहा कि जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं उन्हें समय पर पूरा किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम व एफएमडीए के साथ तालमेल कर अलग-अलग परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा भी की। स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम की समीक्षा करते हुए वहां लगे कैमरों पर प्रतिदिन किए जाने वाले चालान की जानकारी ली। कर्मचारियों ने बताया कि प्रतिदिन पुलिस कर्मचारियों द्वारा कंट्रोल में 200 से ज्यादा चालान किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी कैमरे रखने और खराब कैमरे ठीक कराने के निर्देश दिए।

### गुलिया अकादमी ने चार विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** सातवें ऑल इंडिया रविन्द्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट 2022 का लीग मैच गुलिया क्रिकेट अकादमी और न्यू जनरेशन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर हुए इस मैच मे गुलिया क्रिकेट अकादमी ने न्यू जनरेशन क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से शिकस्त दी। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया 30 ओवर के मैच में टॉस जीतकर न्यू जनरेशन क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग की। टीम ने 30 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 117 रन का लक्ष्य दिया। न्यू जनरेशन क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाज राहुल ने सर्वाधिक रन 40 बनाए। दीपक ने 28 और अजितेश ने 27 रन बनाए। गुलिया क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज निशांत और वंश ने 1-1 विकेट हासिल किया। गुलिया क्रिकेट अकादमी ने 22.1ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाकर जीत हासिल की। गुलिया क्रिकेट अकादमी की ओर से वंश ने 56 गेंदों पर 26 रन, सांडा डूडी ने 24 रन बनाए। न्यू जनरेशन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए जलज बंसल ने 6 ओवर में 2 मेडेन 21 रन देकर 3 विकेट, अक्षय ने 6 ओवर 33 रन देकर 2 विकेट, राहुल ने 1 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच वंश को घोषित किया गया।

## बाल विवाह
### कठोर कदम

**असम** सरकार ने बाल विवाहों के खिलाफ अभियान चला कर इस पर कठोरता से रोक लगाने के प्रयास किए हैं। कानून का पालन न करने के कारण 2,700 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिससे अनेक अन्य लोग भी प्रभावित हुए हैं। लोगों को बाल अधिकार यौन अपराध संरक्षण कानून-पोक्सो तथा बाल विवाह निषेध कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। पिछले सप्ताह शुरू किए गए इस अभियान को समस्या से निपटने का प्रशासनिक तरीका माना जा रहा है, पर अनेक लोगों का मानना है कि सामाजिक समस्याओं का समाधान केवल समाज के स्तर पर कार्रवाई द्वारा हो सकता है। हालांकि, इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि प्रशासनिक व विधायी उपाय सामाजिक समस्याओं से निपटने में निर्णायक या कम से कम सहायक भूमिका निभाते हैं। अतीत में देखें तो गवर्नर जनरल लार्ड विलियम बैंटिक ने बंगाल सती विनियमन कानून बनाया था जिसके अंतर्गत 4 दिसंबर, 1829 को पूरे ब्रिटिश शासित भारत में सती प्रथा पर प्रतिबंध लगाया गया था। हालांकि राजा राममोहन राय द्वारा किए सामाजिक-आर्थिक सुधारों ने जन-मानस को तैयार करने के माध्यम से इस कुप्रथा के उन्मूलन में उल्लेखनीय भूमिका निभाई थी। सामाजिक सुधारों के साथ ही आम सामाजिक-आर्थिक प्रगति भी सामाजिक बुराइयां समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पिछले साल मई में जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5-एनएफएचएस 5 के अनुसार 2020-21 में 20-24 वर्ष की आयु वाली महिलाओं में से 25.4 प्रतिशत महिलाओं का विवाह 18 साल से कम आयु में हुआ था। इसमें 2015-16 में कराए एनएफएचएस-4 की तुलना में भारी गिरावट आई थी। पहले के सर्वेक्षण में 18 वर्ष से कम आयु में विवाह करने वाली महिलाओं की संख्या 35.4 प्रतिशत थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि कोविड वैश्विक महामारी के समय इस प्रवृत्ति को नुकसान पहुंचा है, लेकिन सामान्य परिस्थितियों में बाल विवाहों में कमी आई है। सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक संकेतकों में सुधार के साथ ही सरकारी एजेंसियों व सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रयासों के चलते भी बाल विवाह की विभीषिका पर लगाम लगाने में सहायता मिली है।



पूरे देश में बाल विवाह की प्रवृत्ति में कमी आई है जिसमें राजस्थान भी शामिल है जहां अधिकांश अन्य स्थानों की तुलना में बाल विवाह की प्रवृत्ति अधिक थी। भाजपा-विरोधियों की नजर में असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा द्वारा अपनाई जा रही अति-सक्रियता को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। बताया जाता है कि यहां पुलिस ने 8,100 लोगों के खिलाफ शिकायतें दर्ज की हैं जिनमें विवाहित बच्चियों के माता-पिता तथा विवाह करवाने वाले पुजारी शामिल हैं। आरोपियों में से अधिकांश अशिक्षित एवं गरीब हैं जिनमें से अनेक गिरफ्तार लोग अपने परिवार में एकमात्र कमाई करने वाले लोग हैं। ऐतिहासिक व अन्य भू-राजनीतिक कारणों से असम एक गरीब राज्य है जहां प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपने शासनकाल में प्रदेश की सर्वांगीण प्रगति के प्रयास किए हैं तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से उन्होंने राज्य से अलगाववाद, हिंसा व आतंकवाद को समूल रूप से समाप्त करने में उल्लेखनीय सफलता पाई है। बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई आरोपियों की धर्म या जाति को देख कर नहीं की जा रही है और गिरफ्तार होने वालों में अनेक हिंदू भी हैं, पर इसके बावजूद मुख्यमंत्री पर 'मुस्लिम-विरोधी' होने के निरर्थक आरोप लगाए जा रहे हैं। बाल-विवाह के खिलाफ असम के मुख्यमंत्री के कदम का संकुचित राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ से परे हट कर समर्थन किया जाना चाहिए। यदि विलियम बैंटिक ने कठोर सती प्रथा विरोधी कानून न बनाया होता तो शायद सामाजिक सुधार के प्रयास इतनी जल्दी प्रभावी न हो पाते।

# सहकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास

सहकारितायें अब आत्मनिर्भरता तथा तीव्र प्रगति के लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में केन्द्रीय भूमिका निभाने को तैयार हो गई हैं। अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारत की आर्थिक मजबूती काफी सीमा तक सहकारिताओं की पहुंच में विस्तार पर भी निर्भर है। पिछले कई दशकों से सहकारिताओं ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों के सशक्तीकरण में शानदार भूमिका निभाई है। सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व से इस क्षेत्र में नई ऊर्जा आई है, जबकि पिछले दशकों में इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया था। अब सहकारितायें देश की आर्थिक प्रगति का संचालन करने में अपनी निर्धारित भूमिका निभाने को तैयार हो रही हैं। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार देश में 8.5 लाख सहकारितायें हैं। उनकी सदस्यता 29 करोड़ है। इस प्रकार मोटेतौर से देश का हर चौथा व्यक्ति एक या दूसरी सहकारी संस्थ से जुड़ा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश हाशियाकृत व कम आयवर्ग वाले समूहों के लोग सहकारिताओं से जुड़ रहे हैं। अनुमान है कि देश के लगभग 98 प्रतिशत गांव प्राथमिक कृषि सहकारिताओं-पीएसी से आच्छादित हैं। सहकारिताओं की व्यापक पहुंच इस संस्थान को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की प्रगति में नीतिगत रूप से केन्द्रीय स्थान पर ले आती है। इससे ग्रामीण उद्यमिता को गति दे कर आर्थिक गतिशीलता भी तेज होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खाली स्थान भरने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया है। इससे इस संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित होती है जिसे कई दशकों से अनदेखा किया जा रहा था या उस पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा था।

अमित शाह के निर्देशन में नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति बनाई जा रही है। इस काम में महत्वपूर्ण पक्षों को जोड़ा गया है जिनमें विशेषज्ञ तथा राष्ट्रीय, राज्य व जिला प्रतिनिधियों के साथ प्राथमिक स्तर की सहकारी सोसाइटियां, केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के अधिकारी एवं राज्य सरकारें शामिल हैं। इससे क्षमता निर्माण में विभिन्न पक्षों की मांगें पूरी होंगी तथा आवश्यक सहायक परिस्थितिकी तंत्र विकसित होगा ताकि सहकारितायें जल्दी से जल्दी भारत को 5 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य पूरा कर सकें। इसके साथ ही भारत इनके माध्यम से जल्द ही चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य पूरा करना चाहता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में सहकारिताओं को व्यापक प्रोत्साहन दिया है। बजट प्रस्तावों में देश की समग्र अर्थव्यवस्था में सहकारिताओं के आयाम व प्रभावशीलता में गुणात्मक परिवर्तन का लक्ष्य बनाया गया है। बजट में विनिर्माण पर केन्द्रित नई सोसाइटियों को प्रोत्साहित करने के लिए 15 प्रतिशत रियायती कर की व्यवस्था की गई है।

बजट में 3 करोड़ रुपये तक टीडीएस या नकद निकासी की अधिकतम सीमा रखी गई है। इसके साथ ही बजट में विकेन्द्रीकृत भंडारण क्षमतायें बनाने के प्राविधान भी किए गए हैं। इससे किसानों को अपने उत्पादों का भंडारण करने तथा उचित समय पर उत्पादों की बिक्री से लाभदायक मूल्य पाने की उम्मीद बढ़ी है। अमित शाह के निर्देशन में मंत्रालय यह सुनिश्चित करने की दिशा में भी काम कर रहा है कि कृषि उत्पादों की औने-पौने दाम पर बिक्री से बचा जा सके। वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था कि 1 अप्रैल, 2023 के बाद गठित नई सहकारी सोसाइटी यदि 31 मार्च, 2024 से विनिर्माण शुरू करती है तथा कोई खास प्रोत्साहन या रियायत नहीं प्राप्त करती है तो उसे 15 प्रतिशत रियायती कर दर का लाभ मिलेगा। यह सही दिशा में उठाया गया कदम है क्योंकि इससे सहकारिताओं तथा नई विनिर्माण इकाइयों के बीच समानता पैदा होती है। बजट में चीनी सहकारिताओं को यह अवसर भी दिया गया है कि वे वर्ष 2016-17 से पहले गन्ना किसानों को किए भुगतान को खर्च के रूप में दिखा सकती हैं। इससे चीनी सहकारिताओं को लगभग 10,000 करोड़ का लाभ होने की आशा है। सरकार कंपनी कानूनों की प्रासांगिक धाराओं में संशोधन कर यह सुनिश्चित करेगी कि सहकारिताओं को 2 लाख रुपये तक नकद कर्ज या नकदी लेनदेन की सुविधा मिले। किसानों व खासकर छोटे व सीमान्त किसानों तथा अन्य हाशियाकृत समूहों के लिए सरकार सहकारिता-आधारित आर्थिक विकास माडल को प्रोत्साहित कर रही है।

सरकार अगले पांच साल साल में अनाच्छादित पंचायतों व गांवों में बड़ी संख्या में बहूद्देशीय सहकारिता सोसाइटियों, प्राथमिक फिशरी सोसाइटियों तथा डेरी सहकारी सोसाइटियों का गठन करने में सहायता करेगी। सरकार ने पहले ही 63,000 प्राथतिक कृषि कर्ज सोसाइटियों-पीएसीएस के कंप्यूटरीकरण के लिए 2,516 करोड़ के निवेश की शुरुआत कर चुकी है। सभी पक्षों व राज्यों से विचार-विमर्श कर माडल नियम बनाए जा रहे हैं ताकि बहूद्देशीय पीएसीएस का गठन सहज हो। इसके साथ ही एक राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस भी तैयार किया जा रहा है ताकि कोआपरेटिव सोसाइटियों की देशव्यापी मैपिंग की जा सके। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण जनसंख्या की आत्मनिर्भरता तथा उनके आर्थिक विकास का दृष्टिकोण पेश किया है। इसके अंतर्गत 10,000 से अधिक कृषि उत्पादक संगठनों-एफपीओ का गठन पूरे देश में किया जा रहा है। इस प्रकार बजट ने ऐसे आर्थिक ढांचे का प्रस्ताव किया है जो भारत के ग्रामीण परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन ला सकता है। सहकारिता मंत्रालय भी सहकारिताओं की वर्तमान क्षमताओं पर नजर रखते हुए अनेक पहलें कर रहा है ताकि उनकी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ हो सके। मंत्रालय ने कमजोर सहकारिताओं की सहायता के लिए वित्तीय सहायक व्यवस्था भी तैयार की है। स्टार्टअप की सफलताओं के बाद अब उद्यमिता दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों तक पहुंच रही है। ऐसे में यदि सहकारितायें उनका समर्थन करें तो जल्द ही उनका विस्तार देश के ग्रामीण क्षेत्रों तक हो सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में 2004-2014 तक संप्रग सरकार के शासनकाल में सहकारिताओं में अनेक घोटाले सामने आए थे। इससे सहकारिताओं की छवि खराब हुई थी और उनकी इज्जत मिट्टी में मिल गई थी। इसके कारण लोग सहकारिताओं में विश्वास खोने लगे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहभागी सुशासन शुरू होने के बाद से सहकारिताओं के कामकाज व उनके नियमन में काफी पारदर्शिता आई है। इससे वे इच्छित व्यावहारिक मानकों का पालन करने में सफल हुई हैं। इस संदर्भ में सहकारिता मंत्रालय ने पिछले कुछ सालों में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाए हैं। अमित शाह के गतिशील नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय ने निवेश कर्ज के माध्यम से नई चीनी फैक्ट्रियां स्थापित की हैं। इसके साथ ही मंत्रालय ने वर्तमान चीनी फैक्ट्रियों के आधुनिकीकरण, विस्ताव एवं विविधीकरण में भी सहायता की है। इसके साथ ही सहकारिता मंत्रालय ने नई कताई मिलों की स्थापना के साथ ही वर्तमान मिलों के आधुनिकीकरण व विस्तार का मार्ग भी खोला है।

हालिया वर्षों में मंत्रालय ने आधुनिक काटन गिनिंग व प्रेसिंग इकाइयों की स्थापना लघु एवं मझोले कृषि में तथा संबंधित प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की है। मंत्रालय पूर्व एवं लूमिंग पश्चात क्षेत्रों में इकाइयों तथा गारमेंट व निटिंग इकाइयों की स्थापना में सहायता कर रहा है। इसके साथ ही वह अनाजों, तिलहनों, बागवानी फसलों, फलों व सब्जियों के लिए प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने में भी सहायता कर रहा है। अब सहकारितायें केन्द्र सरकार की नीतियों को स्वीकार कर खाद्य तेलों के मामले में देश को आत्मनिर्भर व पूर्ण सक्षम बनाने का लक्ष्य पूरा करने में लगी हैं। इसके साथ ही प्रसंस्करण व फसल कटाई के पश्चात प्रबंधन को बढ़ावा देकर वे भारत को वैश्विक खाद्य श्रंखला में महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। इसके लिए तकनीक तथा आवश्यक प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि सहकारिता मंत्रालय का गठन समय की आवश्यकता थी जिसे मोदी सरकार ने पूरा किया है। इसके गठन से ग्रामीण भारत आर्थिक रूप से समृद्ध होगा।

# जी-20 में भारत का अहम योगदान

"जी-20 मीट जैसे अवसर सार्वभौमिक उपयोग के लिए स्थानीय अनुभवों को साझा करने के लिए उपयुक्त अवसर हैं।"

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



श्रेणी का निर्माण किसी चीज़ के समान होने से होता है। फिर भी प्रत्येक श्रेणी में, एक इकाई में कुछ विशिष्ट विशेषताएं हो सकती हैं और हो सकती हैं। इस प्रकार, दुनिया भर के सभी मनुष्यों में कुछ सामान्य विशेषताएं हैं, शारीरिक, भावनात्मक और अन्य। फिर भी मनुष्यों के साथ, अलग-अलग जातियां हैं, और प्रत्येक जाति की अपनी विशिष्ट विशेषताएं हैं। जब तक कोई व्यक्ति परिवार तक नहीं पहुंचता, तब तक श्रेणी को उसके समूह में विभाजित किया जा सकता है, और यहाँ तक कि परिवार में भी कुछ धाराएं होती हैं। और फिर व्यक्ति हैं।

इसलिए, यह तर्क दिया जा सकता है कि पारिभाषिक शब्दों में किसी को समूह के लक्षणों और व्यक्तिगत लक्षणों दोनों को देखना होगा ताकि उपयुक्त टाइपोलॉजी और वास्तव में परिभाषित विशेषताओं को विकसित करने में सक्षम हो सकें। यह कार्य एक साथ आवश्यक और पेचीदा है। उपरोक्त अभ्यासों से बहुत सारी समाजशास्त्रीय और मानवशास्त्रीय श्रेणियां उत्पन्न होती हैं। इस बात की सराहना की जानी चाहिए कि पिछले कुछ वर्षों में इस विषय पर काफी काम किया गया है, जिससे वर्गीकरण का कार्य एक साथ सरल लेकिन जटिल हो गया है। यह उन लोगों पर भी लागू होता है जिन्हें 'भारतीय' कहा जाता है।

राजनीतिक रूप से, इस देश की राजनीतिक सीमाओं के भीतर नागरिकता के अधिकार वाले सभी मनुष्य भारतीय कहलाने के हकदार हैं। फिर भी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की भौतिक विशेषताओं में कई प्रकार की भिन्नताएँ हैं। ऐसी परिस्थितियों में, %बहुमत% की विशेषताएँ परिभाषित करने वाली विशेषता बन जाती हैं। यह एक साधारण कटौती है क्योंकि कुछ और जटिलताएं पैदा करेगा।

राष्ट्र निर्माण के सभी प्रयासों को इसे पहचानने की आवश्यकता है। भारत के मामले में, क्या होता, एक सरल अभ्यास एक समूह और दूसरे समूह के बीच समानता की गलत भावना के अधीन हो गया है। यह स्पष्ट है कि परिभाषा को नकारात्मक शब्दों में नहीं रखा जा सकता है। परिभाषा में सकारात्मक सामग्री होनी चाहिए। किसी भी राष्ट्र-निर्माण की कवायद में, जनसंख्या के 'बहुसंख्यक' की प्रमुख भूमिका होती है, और सांस्कृतिक तत्व उसका जीवन जीने का तरीका होता है। जीवन का मार्ग जीवन के रीति-रिवाजों द्वारा परिभाषित किया जाता है, जो बदले में विश्वास द्वारा परिभाषित होते हैं। इस प्रकार, यह विश्वास है जो महत्वपूर्ण हैं। विश्वास की परिभाषा अलग-अलग हो सकती है, लेकिन वैज्ञानिक प्रयासों की आवश्यकता के कारण इसे टाला नहीं जा सकता है।

यूएसए पर विचार करें। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइबिल पर शपथ लेते हैं और कोई नहीं पूछता कि शपथ ग्रहण समारोह में अन्य समुदायों के धार्मिक ग्रंथ क्यों शामिल नहीं हैं। यूके में, सॉवरेन मोनार्क इंग्लैंड के चर्च का प्रमुख है। कोई भी इस्लाम, सिख धर्म, हिंदू धर्म और प्रजा के अन्य धर्मों के अनुयायियों के बारे में क्या पूछता है।

रूस के मामले में, ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च का कहना है, और इसी तरह शपथ ग्रहण समारोह होता है। दूसरे शब्दों में, एक परिभाषा बहुत बार अभ्यास और स्वीकार्यता के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति प्राप्त करती है। यह राष्ट्र-निर्माण का एक अनिवार्य हिस्सा है, या, उस मामले के लिए, ऐसी कोई भी निश्चित गतिविधि। भारत के मामले में, इतनी सारी पहचानों को बार-बार ढोल दिया गया है, कि 'विविधता' शब्द ने लगभग निश्चित अनुपात हासिल कर लिया है। विविधता की सराहना करने में कुछ भी गलत नहीं है। हालाँकि, एक परिभाषा के लिए, जैसा कि पहले बताया गया है, एक सकारात्मक सामग्री की आवश्यकता होती है। एक दूसरे की मान्यताओं का सम्मान करना सामान्य, स्वाभाविक और वांछनीय है। हालाँकि, भ्रम तब पैदा होगा जब किसी समुदाय और समूह की परिभाषित विशेषताएं बहुसंख्यकों के विश्वासों और प्रथाओं को मान्यता नहीं देती हैं।

इस विस्तार को आगे बढ़ाते हुए, प्रत्येक समूह के अपने विशिष्ट तत्व होते हैं, और उन्हें भी पहचाना जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, भारत में, नौ प्रतिशत से अधिक जनसंख्या जनजातीय वंश की है। इसलिए, यह पहचानना आवश्यक है कि बहुसंख्यक लक्षणों के अलावा, पहचानने योग्य अल्पसंख्यक विशेषताएँ भी हो सकती हैं जिन्हें पंजीकृत, फ्लैग, संरक्षित और विकसित करने की आवश्यकता है।

जैसा कि लोकतंत्र में होता है, एक सौम्य और समझदार आवाज के ऊपर अक्सर शोर सुनाई देता है। एक अच्छा उदाहरण फिर से जनजातियों से आता है। शायद इसलिए कि जनजातियाँ ऐसी हैं कि उन्होंने अभी तक एक राजनीतिक रूप से शक्तिशाली एकृकत समूह में संगठित नहीं किया है, उन्हें कुछ स्थानीय धार्मिक समूहों के समान सम्मान नहीं दिया जाता है। यह एक राष्ट्रीय क्षति है। यह एक नुकसान है क्योंकि यह न केवल आबादी के एक बड़े हिस्से के साथ न्याय करता है बल्कि एक जनजाति की कुछ विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित करने से भी चूक जाता है जिसे राष्ट्र के निर्माण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। चित्रण वह तरीका हो सकता है जिसके द्वारा जनजातियों ने कई सहस्राब्दियों से अपनी अलग पहचान बनाए रखी है।

उपरोक्त योग करने के लिए, एक परिभाषा बनाना एक कठिन और समय लेने वाला व्यायाम है। इसे कुशल तरीके से हैंडल किया जाना चाहिए, और सबसे बढ़कर, इसे राजनेता की तरह और जानकार तरीके से हैंडल किया जाना चाहिए। जी20 बैठक जैसे अवसर सार्वभौमिक उपयोग के लिए परिभाषाओं को खोजने और स्थानीय अनुभवों को साझा करने के तरीकों को साझा करने के लिए उपयुक्त अवसर हैं। भारत के पास आगामी जी20 शिखर सम्मेलन में निश्चित योगदान देने का एक अच्छा अवसर है। इसकी तैयारी में स्पष्ट ज्ञान होगा।

## आप की बात

### युवाओं को राहत

**राजस्थान** सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी बजट में राज्य के युवाओ को विभिन्न भर्ती प्रतियोगी परीक्षाओं में एक बारगी पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से निर्धारित पंजीकरण शुल्क देने के बाद राज्य सरकार द्वारा आयोजित सभी भर्ती परीक्षाओं में आवेदन करने पर कोई शुल्क नही देना होगा। इसके लिये राजस्थान सरकार ने 200करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया है। गहलौत सरकार द्वारा युवाओं के हित मे किया गया बेहतरीन कार्य है। बेरोजगार और बढ़ती महंगाई में गरीब बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में नही बैठ पाते थे। एक बारगी शुल्क देने के फैसले से युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने के अवसर आसानी से मिलेंगे। देश के दूसरे राज्यों में भी एक बारगी शुल्क जमा करने की व्यवस्था करनी चाहिये जिससे युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में आसानी से आवेदन कर सके। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये उन्हें माता-पिता से बार बार शुल्क नही मांगना पड़ेगा। शायद इस कदम से बार-बार पेपर आउट होने के कारण परेशान नौजवानों को राहत मिलेगी। देखना होगा कि कांग्रेस सरकार के इस कदम पर क्या प्रतिक्रिया होती है और कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनाव में कितना लाभ मिलता है।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### विपक्ष का अवसरवाद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने त्रिपुरा में कांग्रेस-सीपीएम गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा है कि यह दोनों ही दल केरल में तो कुश्ती लड़ते हैं परंतु त्रिपुरा में जाकर दोस्त बन जाते हैं। उनका कहना है कि कुशासन के इन पुराने खिलाड़ियों ने हमेशा ही अपने हितों के लिए हाथ मिलाया है। यानी विपक्ष आज वोट की राजनीति खेल रहा है वोट को बांट रहा है। विपक्षी सत्ता के लिए हर तरह के समझौते करते है, जबकि भाजपा इनको एक अछूत पार्टी नजर आती है। जब भाजपा ने कश्मीर में कुछ समय के लिए टीडीपी से समझौता किया था तो हंगामा खड़ा हो गया, मगर स्वयं भाजपा ने कुछ समय बाद अपनी गलती सुधार ली थी। विपक्षी एकता का आधार अवसरवाद व वोटबैंक की राजनीति अथवा येन-केन-प्रकारेण सत्ता पर कब्जा करना नहीं होना चाहिए। इसके बजाय देश को प्रथम रखने तथा देशहित की नीतियों पर चुनावी राजनीति को हावी न होने देने का सबक हमें इस्राइल व जापान से सीखना चाहिए। ऐसा करके ही विपक्षी भाजपा के मुकाबले अपनी खोई हुई विश्वसनीयता कुछ सीमा तक बहाल कर सकते हैं।

**एम एम राजावत राज,** शाजापुर

### जमीयत की राजनीति

**जमीयत** के सर्वधर्म अधिवेशन में विवाद उत्पन्न होने से देश में नयी बहस छिड़ गयी है। सर्वधर्म सम्मेलन में सबको समान सम्मान मिलना चाहिए और सबकी आस्था का ध्यान रखना चाहिए। लेकिन इसके विपरीत मौलाना मदनी ने अन्य धर्मों से स्वधर्म को श्रेष्ठ साबित करने का प्रयास किया एवं अन्य धर्मों के वक्तव्यों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिसका जैन मुनि ने विरोध किया और विवाद उत्पन्न हो गया। धार्मिक आयोजनों में देश और समाज की उन्नति से सम्बंधित बातें और प्रयास होने चाहिए जो दिखाई नहीं दिए। यदि वे अपने अनयाइयों को जल संरक्षण, जनसंख्या नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता इत्यादि के लिए यदि प्रेरित करते तो उचित होता, परन्तु स्वधर्म की श्रेष्ठता सिद्ध करने के प्रयास ने एक बड़े अधिवेशन के उद्देश्य को पलीता लगा दिया। सर्वधर्म सम्मेलन का उद्देश्य सभी धर्मानुयाइयों के बीच सद्भाव व प्रेम बढ़ाने के लिए होना चहिए, राजनीति चमकाने के लिए नहीं। ऐसे प्रयासों से पैदा होने वाले विवाद अंततः देश व समाज के लिए हानिकारक ही सिद्ध होते हैं।

**मनोज शर्मा,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मुझे** आश्चर्य है कि नेहरू-गांधी परिवार के किसी व्यक्ति ने नेहरू सरनेम नहीं रखा। उनको किस बात की शर्म है?

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भारत** में मातृ परिवार के सरनेम कौन रखता है? इतने जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को भारतीय संस्कृति का पता होना चाहिए।

– **रणदीप सुरजेवाला**
एआईसीसी महासचिव



**एलजी** ने दिल्ली की निर्वाचित सरकार के फैसले उलटने की नई प्रवृत्ति शुरू की है।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023



डॉ.भीमराव अंबेडकर विवि के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को दिया मंत्र

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करें

● मुर्मू ने छात्रों को पदक अवार्ड व उपाधियां प्रदान कीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाबा** साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के 10वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मेधावियों को मेडल देकर सम्मानति किया। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह डॉ. अंबेडकर की ही देन है कि आज मैं आप सभी के सामने खड़ी हूं। वे मेरे लिए ईश्वर के समान हैं। उनके नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

उन्होंने मेडल और उपाधि प्राप्त करने वाले मेधावियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन उनके लिए विशेष है आज के दिन के लिए विद्यार्थी कठिन परिश्रम करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि आज गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले मेधावियों में 60 प्रतिशत संख्या छात्राओं की है। मैं इन बेटियों की विशेष सराहना करती हूं। उन्होंने सभी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने लक्ष्य पर अडिग रहने तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब का पूरा जीवन संघर्षों से भरा था मगर फिर भी कठिन परिश्रम और




मूल्य आधारित जीवन शैली अपनाकर उन्होंने उच्च शिक्षा हासिल की और आज समाज उन्हें भारत के संविधान शिल्पी के रूप में याद करता है। उनके जीवन और सिद्धांतों से प्रेरणा लेते हुएए उनके दिखाए मार्ग पर चलकर विद्यार्थी कठिन से कठिन लक्ष्य साध, सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

राष्ट्रपति ने अच्छी शिक्षा के लिए अच्छे शिक्षकों की आवश्यकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से शिक्षक और प्रोफेसर बनने आग्रह किया ताकि एक सशक्त देश का निर्माण हो सके। उन्होंने विवि के वातावरण और हरे भरे परिसर, नो मोटर वेहिकल डे जैसे प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर मीट की चर्चा करते हुए शिक्षा को उद्योगों और व्यापार के वातावरण से जोड़ने का आग्रह किया और कहा कि विश्वविद्यालयों को अधिक से अधिक जनकल्याण के अनुसंधान करने पर जोर देना चाहिए। राष्ट्रपति ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने की बात कही। भारत को विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में विकसित होने की बात को प्रमुखता से उजागर करते हुए राष्ट्रपति ने शिक्षण संस्थानों से इस मौके का पूरा लाभ उठाने की बात कही तथा रिसर्च और इन्नोवेशन के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया।

उन्होंने बिरसा मुंडा एक्टिविटी सेंटर के बारे में बात करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का पूरा जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है, उनके नाम पर बना यह सेंटर विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास में योगदान करेगा।

## राष्ट्रपति ने 'बुक्सा' जनजातीय समूह के प्रतिनिधियों को दिए वनाधिकार प्रपत्र



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजभवन** के गांधी सभागार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'बुक्सा' जनजातीय समूह के प्रतिनिधियों को वनाधिकार पट्टा अभिलेख प्रपत्र प्रदान किए। कार्यूम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपति को स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने जनजातीय समूह को संवाद के लिए बुलाने को औचित्य को बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की लगभग 25 करोड़ जनता में जनजातीय समूहों को विकास की सर्वाधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज पीछे न रह जाए सभी आगे बढ़ें, कोई भी बच्चा अनपढ़ न रहे।

राष्ट्रपति ने प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय समूहों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने जनजातियों के विकास के लिए बहुत कुछ किया है।

## 33.50 लाख करोड़ के एमओयू को धरातल पर लाना है: सीएस



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स के 71वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स ने भेंट की। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में करीब 33.50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुये है। इन्हें धरातल पर लाना है। इसके लिये सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी। प्रदेश में निवेश के लिये अनुकूल माहौल है, माहौल को परिणाम में तब्दील करना सभी लोक सेवकों की जिम्मेदारी है। मुख्य सचिव ने कहा कि देश में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं। अवस्थापना सुविधायें व टेक्नोलॉजी तीव्र गति से विकसित हो रही है। प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि 2047 तक देश को विकसित देश बनायेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित देश की व्यवस्थायें पारदर्शी, जवाबदेह और उनमें तुरंत निर्णय लेने की क्षमता है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में व्यवस्थाओं को पारदर्शी व जवाबदेह बनाने पर कार्य किया जा रहा है। टेक्नोलॉजी का बेहतर प्रयोग कर सभी की जिम्मेदारी निर्धारित होगी। हम क्या कर रहे हैं, कैसे कर रहे हैं, इसपर सभी की नजर होगी। इसलिये सभी अधिकारियों को अपनी कार्य संस्कृति में बदलाव लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस गति से प्रदेश में विकास हो रहा है, उसी के अनुरूप अधिकारियों को अपने आप को ढालना होगा। हवा के रुख के साथ चलने से उनकी कार्य करने की क्षमता दोगुनी हो जायेगी। आने वाले चुनौतियों के लिये तैयार रहना होगा। इससे पूर्व उन्होंने प्रोन्नत डिप्टी कलेक्टर्स को बधाई देते हुये कहा कि अपने आप को अपडेट रखें और अपने आप को अपग्रेड करते हुये अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि करें। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ पहुंचायें। उन्होंने जीआईएस में लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में तैनात रहे प्रशिक्षु अधिकारियों से उनके अनुभवों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि 71वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 65 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिनमें बैच वर्ष 2015 व 2017 1-1, 2018, 2019 व 2020 के 4-4, वर्ष 2021 के 7 तथा बैच वर्ष 2022 के 44 प्रतिभागी सम्मिलित हैं।

### शपथ ग्रहण आज

**लखनऊ।** विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से नव निर्वाचित सदस्यों को मंगलवार को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई जाएगी। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डा राजेश सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर नव निर्वाचित सदस्यों से अपील की है कि वे निर्वाचन संबंधी मूल प्रमाण पत्र सहित दोपहर 3.30 बजे विधान भवन के पुरुषोत्तम दास टण्डन हाल में पहुंचे ताकि शपथ ग्रहण के पूर्व की अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कराई जा सके। नव निर्वाचित सदस्यों को विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह दोपहर चार बजे टण्डन हाल में शपथ दिलाएंगे। विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक क्षेत्रों की पांच रिक्त सीटों पर 30 जनवरी को चुनाव और दो फरवरी को उसके नतीजे आए थे।

## साइबर क्राइम रोकने की तकनीक, सख्त कानून व जागरूकता जरूरी: अश्विनी

● डिजिटल टेक्नोलॉजी हमारी जिंदगी का हिस्सा: केंद्रीय मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय** रेल, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डिजिटल लेनदेन संबंधी यूपीआई सिस्टम की दुनिया भर में सराहना हो रही है। इसके साथ ही साइबर क्राइम रोकने के लिए तकनीक, सख्त कानून के साथ जागरुकता भी बहुत जरूरी है। डिजिटल तकनीक हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। अब लोगों को खुद भी अपने डिजिटल लेनदेन के वक्त सतर्कता बरतनी होगी।

अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को जी 20 वर्किंग समूह की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा है कि यूपीआई के जरिए आज सालाना 1.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर का लेनदेन किया जा रहा है और इसका औसत समय महज दो सेकेंड है। यह शानदार है। अरबों ट्रांजेक्शन सेकेंडों




में पूरी पारदर्शिता के साथ हो रहे हैं। कोई एक कंपनी इसे नियंत्रित नहीं कर रही है।डिजिटल इकोनॉमी के इस प्लेटफार्म यूपीआई की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इसका उपयोग कोई भी कर सकता है। खुद गूगल ने यूपीआई प्लेटफार्म को अपना लिया। डिजिटल लेनदेन के इस मॉडल को लॉजस्टिक, कृषि व अन्य क्षेत्रों में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 13 देशों ने अपने पेमेंट सिस्टम को यूपीआई से जुड़ने के लिये एमओयू किया है। उन्होंने कहा कि दूसरे देश करेंसी से कार्ड पर आए और फिर डिजिटल का उपयोग करने लगे। अपने देश मे करेंसी से हम लोग सीधे डिजीटल की ओर शिफ्ट हो रहे हैं। उनहोंने कहा कि रेलवे के हर स्टेशन पर अब डिजिटल तरीके से काम हो रहे है। इससे पहले उन्होंने जी 20 बैठक में कहा कि 2023 कई मामलों में बेहद अहम वर्ष होने जा रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक यूनीक फ्रेमवर्क तैयार किया है। यह लोगों की नागरिक को आसान बनाएगा। इससे लोगों की स्किल में बढ़ोतरी होगी। डिजिटल टेक्नोलॉजी हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है। ऐसे दौर में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप की शुरुआत की है। ये पीपीपी मॉडल क्या है। इसका उदाहरण यूपीआई से समझते हैं। भारत सरकार ने एक प्लेटफॉर्म लांच करने के लिए पब्लिक स्टेकहोल्डर्स को इनवाइट किया। इनमें बैंकिंग, इंश्योरेंस, ई कॉमर्स समेत कई कंपनियां शामिल थीं। साथ ही इसमें 1.2 बिलियन लोग भी शामिल थे।

## डिजिटल टेक्नोलॉजी से मिल रहा सौ प्रतिशत लाभ: राजीव




**लखनऊ।** भारत सरकार में मिनिस्टर ऑफस्टेट राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2015 में डिजिटल इंडिया की शुरुआत की थी। इसके तीन केंद्र बिंदु थे। पहला टेक्नोलॉजी लोगों की लाइफ को बेहतर बनाए, दूसरा टेक्नोलॉजी अधिक अवसर उपलब्ध कराए और तीसरा ये सुलभ हो और इस पर किसी एक का एकाधिकार न हो। ये पीएम का विजन था। उन्होंने कहा कि आज उसका नतीजा सब देख रहे हैं। टेक्नोलॉजी के अभाव में हमारी पिछली सरकारें पंगु बनी रहीं। एक प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कहा था कि हम दिल्ली से 100 रुपए देते हैं तो लाभार्थी तक 15 रुपए ही पहुंचते हैं। आज टेक्नोलॉजी के जरिए हम उस चुनौती को पीछे छोड़ने में कामयाब रहे। आज डिजिटल टेक्नोलॉजी के जरिए 100 का 100 प्रतिशत लाभार्थी को मिल जाता है। आज इंटरनेट ने बाउंड्रीज को खत्म कर दिया है। समाज का हर व्यक्ति कम से कम पैसे में इसका इस्तेमाल कर सकता है। हम ऐसे दौर में हैंए जहां हम टेक्नोलॉजी के प्रभाव को देख रहे हैं। लेकिन ये सिर्फशुरुआत है। ये डिकेड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बड़े निर्णयों वाला डिकेड होने वाला है।

## उद्योगों में डिजिटल नवाचार को बढ़ावा दिया जाए: महेंद्र नाथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्र** सरकार में भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने कहा कि आज हर उद्योग, हर क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है। स्वास्थ्य हो, कृषि हो, विनिर्माण हो, खुदरा कारोबार हो, बैंकिंग, वित्तीय सेवा या शिक्षा हो सभी जगह तकनीक की पहुंच है। अर्थव्यवस्था के तमाम क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी की पहुंच के साथ ही नई तकनीकें भी सामने आ रही हैं जो कारोबार और सरकार के लिए महत्वपूर्ण हो गई हैं। चाहे वो रोबोटिक्स, बिग डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तथा क्वांटम कंप्यूटिंग आदि इसके उदाहरण है। इनके उपयोग से उत्पादन प्रक्रिया उत्तम हुई है। उत्पाद परिष्कृत हुए हैं। इसके कारण चौथी डिजिटल क्रांति आई है जो भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था और मनुष्य व मशीन के बेहतर संबंध के लिए अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में इंडस्ट्री 4 में निवेश लगभग दस गुना बढ़ा है जिसके 2025 में 200 अरब हो जाने की संभावना है। इस निवेश का एक बड़ा हिस्सा जी20 के देशों द्वारा ही किया जाना है। इसके लिए आवश्यक है कि उद्योगों में डिजिटल नवाचार को बढ़ावा दिया जाए।

उद्योगों और अर्थव्यवस्ता में आमूलचूल परिवर्तन के लिए आवश्यक्ता है कि सभी डिजिटल तकनीकों और डिजिटल रूप से सक्षम एक कार्यबल तैयार किया जाए। ये सभी मिलकर उद्योगों की आर्थिक वृद्धि में बेहतर योगदान कर सकने में सक्षम बनाएंगे।

## गांवों में पानी की मौजूदा आवश्यकता व खपत का तैयार होगा डाटा: स्वतंत्र देव

● जल शक्तिमंत्री ने नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के कार्यालय में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** जल शक्तिमंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश दिए हैं कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक गांव में पानी की मौजूदा आवश्यकता और खपत का खाका नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग तैयार करे। इसके साथ ही 25 साल बाद गांवों में पानी की कितनी आवश्यकता होगी इसकी भी जानकारी जुटाएगा। भूगर्भ जल की स्थिति को लम्बे समय तक कैसे व्यवस्थित रखा जाएगा इसकी भी रिपोर्ट तैयार करेगा।

स्वतंत्र देव सिंह सोमवार को गोमतीनगर स्थित नमामिगंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के कार्यालय में योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। अधिकारियों के साथ चली लम्बी बैठक में हर घर जल योजना की वर्तमान स्थिति का ब्योरा जानने के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से गांव-गांव में चलाए जा रहे जनजागरण कार्यक्रम की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 25 साल बाद यूपी के गांव-गांव में भूगर्भ जल की स्थिति को व्यवस्थित करने के लिए क्या नए प्रयोग किये जा सकते हैं, इसकी भी चिंता की जाए। कैसे गांव के लोगों को जल संचयन की योजनाओं से जोड़ें इसके लिए अधिकारी गंभीरता के साथ जमीनी स्तर पर काम करें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को पानी की उपयोगिता बताने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं को गांवों में घर-घर तक जाकर लोगों को जल बचाने का संदेश देना होगा।

## भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सीईओ ने किया क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा किया



**लखनऊ।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरभ गर्ग ने प्राधिकरण के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा किया जहा उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने बैठक के दौरान कहा की हमें निवासियों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास जारी रखना चाहिए ताकि उन्हें आधार से सम्बंधित सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार कि कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## चोरी के वाहन से अवैध शराब की तस्करी करने वाले सात अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने अंतरराज्यीय स्तर पर वाहन चोरी तथा चोरी के वाहनों से फ र्जी नम्बर प्लेट लगाकर अवैध शराब की तस्करी करने वाले सात अभियुक्तों को देवरिया व गोरखपुर से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से सात चार पहिया वाहन, एक ट्रक 610 शीशी अवैध शराब बरामद हुई।

जिन अभियुक्तों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया उनमें मुदित राय उर्फ मीतू निवासी ग्राम चरियांव खास, थाना गौरी बाजार, देवरिया, उमेश कुमार यादव निवासी ग्राम पण्डितपुर, पोस्ट पण्डितपुर, थाना जनता बाजार, जिला छपरा, बिहार, राजेश कुशवाहा निवासी ग्राम भटवलिया वार्ड नं.2, थाना कोतवाली, देवरिया, विनय राय उर्फ विशाल निवासी ग्राम चरियांव खास, पोस्ट खैराबनुवा, थाना गौरीबाजार, देवरिया, अजय शाह निवासी ग्राम जनता बाजार सब्जी मण्डी के पास, थाना जनता बाजार, छपरा, बिहार, अभिजीत कुमार सोनी उर्फ गोलू निवासी ग्राम जनता बाजार, सब्जी मण्डी के पास, थाना जनता बाजार, छपरा, बिहार और धर्मेन्द्र कुमार निवासी ग्राम टेहटी सिल्हौरी, थाना मढौरा, छपरा, बिहार शामिल हैं।

अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि अजय शाह एवं शशि निवासी बिहार विभिन्न जगहों से चार पहिया वाहन चुराते हैं और कुछ गाड़ी ये अपने गैंग के साथियों को देते है। जिसे गैंग के सदस्य भी प्रयोग करते हैं तथा उसी गाड़ी से जनपद देवरिया उत्तर प्रदेश से शराब लेकर बिहार प्रान्त में तस्करी करते हैं तथा तस्करी के समय गाड़ियों का नम्बर प्लेट बदलकर गाड़ी चलाते हैं। अजय शाह के साथ उसका लड़का अभिजीत कुमार सोनी उर्फ गोलू भी इस गैंग में शामिल होकर काम करता है।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी रविंद्र सिंह यादव निलम्बित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आय** से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने तत्कालीन विशेष कार्याधिकारी नोएडा विकास प्राधिकरण एवं वर्तमान में विशेष कार्याधिकारी नोएडा विकास प्राधिकरण रविंद्र सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच कर कार्रवाई के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं। आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप विजिलेंस जांच में सिद्ध होने और निर्धारित आय से 158.61 प्रतिशत अधिक व्यय करने पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी द्वारा यह कार्रवाई की गई। मंत्री नन्दी ने बताया कि नोएडा विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी के पद पर तैनात रहे रविंद्र सिंह यादव पर आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया गया था। जिसके आधार पर विजिलेंस द्वारा आरोपों की खुली जांच की गई।

जांच में विशेष कार्याधिकारी रविंद्र सिंह यादव के राजकीय सेवा में आने की तिथि पहली जनवरी 2005 से 31 दिसंबर 2018 तक आय व्यय का आंकलन किया गया। जिसमें पाया गया कि रविंद्र सिंह यादव को इस दौरान 9449888.34 रूपये की वैध आई हुई। जिसके सापेक्ष ओएसडी रविंद्र सिंह यादव ने 24438547.34 रूपया व्यय किया जो उनकी आय के सापेक्ष 14988959.20 यानी 158.61 प्रतिशत अधिक व्यय किया जाना पाया गया। जिसके सम्बंध में पूछे जाने पर रविंद्र सिंह यादव द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका। मंत्री नन्दी ने कहा कि खुली जांच में प्राप्त किए गए अभिलेखीय एवं मौखिक साक्ष्य के आधार पर रविंद्र सिंह यादव द्वारा अपने सेवा काल में अचल सम्पत्ति एवं रायफल के क्रय विक्रय के सम्बंध में सूचना दिया जाना उनकी व्यक्तिगत पत्रावली में अंकित हैं लेकिन उन्होंने पैतृक विभाग को इस सम्बंध में कोई सूचना नहीं दी। जबकि जांच में रविंद्र सिंह यादव की पत्नी सुमन यादव और पुत्र निखिल यादव के नाम पर जसवंत नगर इटावा में 16 अचल सम्पत्तियां खरीदे जाने की पुष्टि हुई। जिसकी जानकारी नोएडा विकास प्राधिकरण को सम्पत्ति खरीदे जाने के पूर्व या बाद में नहीं दी गई। विभागीय कार्यवाही के लिए दोषी पाए जाने पर ओएसडी रविंद्र सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच और कार्रवाई के भी आदेश दिए गए हैं।

## इन्वेस्टर्स समिट पर आए खर्च का ब्यौरा सार्वजनिक करे सरकार: बृजलाल खाबरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार का बहुप्रचारित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपया पानी की तरह बहा दिया गया। सरकार की तुगलकी नीति उत्तर प्रदेश की जनता को बद्हाल करने के लिए काफ ी है। यह इन्वेस्टर्स समिट जनता के साथ धोखा है। सरकार की हालत अपने मुंह मियां मिट्ठू होन जैसी हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष न कहा कि इस समिट के लिए देश की बड़ी बड़ी इवेंट मैनेजमेंट एजेन्सियां लगाई गईं। सरकार को इसका खुलासा करना चाहिए कि वह कौन कौन सी एजेन्सियां हैं जिन पर कितना व्यय हुआ है तथा उन्हें लगाने की कौन सी प्रक्रिया अपनाई गई है। उन्होंने बीजेपी सरकार से अब तक की हुई सभी समिट पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

खाबरी ने कहा कि सरकार का कहना है कि 33 लाख 50 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव आया है। जिसमें अकेले ललितपुर में 32 हजार करोड़ का प्रस्ताव है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में कुछ न कुछ निवेश के प्रस्ताव आए हैं जबकि इसके पहले उत्तर प्रेदश की योगी सरकार में इंवेस्टर समिट हो चुकी है। 21/22 फरवरी 2018 में 4 लाख 28 हजार करोड़ रुपए के लगभग एक हजार कंपनियों के साथ निवेश का एमओयू साइन हुआ था। कितनी कंपनियां जमीन पर आई उसका ब्यौरा अभी तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि इस समिट के लिए पिछले कई महीनों से उत्तर प्रदेश की सरकार कई देशों का भ्रमण कर रही थी। मंत्री, अधिकारी रोड शो कर रहे थे। पिछले समिट में कितना व्यय हुआ और कितना निवेश आया उसके साथ ही इस बार के खर्च का भी ब्यौरा सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इन्वेस्टर्स समिट सरकार के घोटाले का एक माध्यम बन चुकी है। पूरा प्रदेश महंगाईए बेरोजगारी की मार झेल रहा है। प्रदेश का नौजवान रोजगार के लिए पलायन के लिए मजबूर हैं। लघु उद्योग पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है।

## ज्यादा दिन नहीं चलेगी भाजपा की भ्रष्टाचार का बोझ जनता पर लादने की होशियारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष व नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा और उसके उद्योगपति मित्रों ने जनता को लूटने की नई-नई तरकीबों को खोजने में ही 6 साल लगा दिए हैं। अपने भ्रष्टाचार का बोझ जनता पर लादने की उनकी होशियारी लेकिन ज्यादा दिनों तक चलने वाली नहीं है। उनके झूठे दावों की पोल खुल रही है और लोग समझ रहे हैं कि भाजपा सरकार के रहते न तो जनता का भला हो सकता है और नहीं कोई विकास हो सकता है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में सड़के बनी नहीं हैं, गड्ढे भरे पड़े हैं लेकिन भाजपा सरकार ने जनता से टोल टैक्स वसूली के लिए तैयारी कर ली है। पूरे उत्तर प्रदेश में सड़कों का बुरा हाल है। राजधानी लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट और जी-20 के डेलीगेट्स के सम्मान में मुख्य मार्ग तो फूलों और रंगबिरंगी चाईनीज झालरों से सजा दिए गए लेकिन बाकी शहरवासी अपनी किस्मत पर रोते रहे। मुख्यमंत्री आवास से ठीक सामने की हजरतगंज जाने वाली पार्क रोड सड़क इन महोत्सवों में भी वीरान पड़ी रही। वहां न सफ ाई, न पुताई और न सड़क की मरम्मत हुई। इसी तरह वीवीआईपी क्षेत्र की विक्रमादित्य मार्ग की



सड़क बहुत ही ऊंची नीची है। इस पर चलते समय गाड़ियां झूले का एहसास कराती है। यहां कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इसी सड़क से न्यायाधीश और मुख्य सचिव भी गुजरते हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपाई जनता के साथ कैसा खिलवाड़ कर रहे हैं इसकी ताजा मिसाल यह है कि गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य चल तो रहा हैं पर कब पूरा होगा यह बताने के लिए कोई तैयार नहीं है। यानी जनता भले ऊबड़ खाबड़ रास्ते पर चले सड़क बने या न बने भाजपा सरकार से कोई सरोकार नहीं है पर उद्योगपति मित्रों के लिए बेलीपार के पास टोल प्लाजा बनकर तैयार है। भाजपा राज में जनपद बस्ती में बनी बनाई पुलिया के निर्माण के लिए पीडब्लूडी ने दुबारा धन स्वीकृत करा लिया लेकिन पुलिया बनी नहीं, 47 लाख की धनराशि का अतापता नहीं चला। सत्ता संरक्षण में भ्रष्टाचार की ऐसी अनेक कहानियां है। भाजपा का भ्रष्टाचारी तंत्र दिन दूना रात चौगुना बढ़ रहा है जिसे महोत्सवों की चकाचौंध में होशियारी से छुपाने की साजिशें हो रही हैं।

## बिलिंग प्रणाली का अपग्रेडन के चलते कार्य रहेगा प्रभावित

**लखनऊ।** शहरी क्षेत्र की ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली का तकनीकी उच्चीकरण का कार्य 25 फरवरी से किया जाएगा। इस कारण मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र की बिलिंग प्रणाली 25 फरवरी की शाम 6 बजे से 4 मार्च दोपहर 12 बजे तक बन्द रहेगी। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जनसंपर्क अधिकारी शालिनी ने बताया कि मध्यांचल डिस्काम के तहत कई नगरों में शहरी क्षेत्र की बिलिंग प्रणाली प्रभावित रहेगी। इसके अंतर्गत बरेली, शाहजहाँपुर, लखीमपुर खीरी, बदायूँ, पीलीभीत, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी, अम्बेडकरनगर, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर व श्रावस्ती है। उपरोक्त अवधि के दौरान शहरी क्षेत्र में बिल बनाने, विभागीय काउण्टर पर बिल जमा करने, बिल संशोधन करने, नाम परिवर्तन करने, विधा परिवर्तन करने, भार वृद्धि करने, ऑनलाइन बिल जमा करने इत्यादि समस्त कार्य प्रभावित होंगे। इस अवधि में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का बिल जमा करने एवं उसके बाद ऑटोमेटिक री-कनेक्शन कार्य भी प्रभावित रहेगा। अत: यदि संयोजन विच्छेदित है तो 25 फरवरी तक बिल का भुगतान अवश्य करा दें।

# विश्व हिन्दी सम्मेलन में जिले का गौरव बढ़ाएंगे अजय मिश्र टेनी

**संवाददाता।** निघासन-खीरी



**भारत** के मित्र राष्ट्र फिजी में आयोजित 12 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में खीरी सांसद एवं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी को अपने प्रभावशाली संबोधन के माध्यम से लखीमपुर खीरी जिले का गौरव बढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है ए संपूर्ण हिन्दी प्रेमियों में ग्रह राज्य मंत्री की इस उपलब्धि से प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और फिजी के प्रधानमंत्री सिल्विनी राबुका फिजी के नाडी नामक प्रसिद्ध स्थान पर 12 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन का संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे । उपरोक्त सम्मेलन में श् हिंदी रू फ्राम ट्रेडिशनल नालेज टू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस श् विषय पर हिंदी के विश्व प्रसिद्ध विद्वानों द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनपद लखीमपुर खीरी के गौरव के रूप में प्रतिष्ठित हो चुके विधानसभा क्षेत्र निघासन के ग्राम बनबीरपुर के निवासी खीरी सांसद एवं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी का हिंदी प्रेम जगजाहिर है ए ग्रहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी जब संसद में किसी समस्या को अपने प्रभावशाली अंदाज में उठाते हैं ए उस समय पूरा सदन उनके संबोधन का स्वागत करता है ए यहां की जनता जब उन्हें टीवी पर शेर की तरह दहाड़ते हुए देखतीहै उस समय जनता खुशी से झूम उठती है । यही वजह है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विश्व हिन्दी सम्मेलन में वी मुरलीधरन के साथ केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी को भारत का गौरव अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर बढ़ाने के लिए फिजी दौरे के लिए चयनित किया है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की उक्त उपलब्धि से क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है।

## खीरी टाउन में भी चलेगा अतिक्रमण मुक्ति अभियान

**लखीमपुर** खीरी। प्रशासन खीरी टाउन में भी अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसेगा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी नगरीय निकायों क्षेत्रों में नगर वासियों को सुगम यातायात,आवागमन मुहैया कराने के उद्देश्य से अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। डीएम से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी (सदर) श्रद्धा सिंह ने नगर पंचायत खीरी टाउन में अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाए जाने से पहले सोमवार को पीडब्ल्यूडीए राजस्वए नगर पंचायत एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कीए अतिक्रमण पर रणनीति बनाई। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने बताया कि मंगलवार से खीरी टाउन में सर्वे का कार्य राजस्वए नगरीय निकाय एवं पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम द्वारा शुरू किया जाएगा। इस दौरान सभी अतिक्रमणकारियों को प्रशासन नोटिस भी देगा। एक सप्ताह की मियाद के बाद प्रशासन युद्ध स्तर पर अतिक्रमण अभियान चलाकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ सुगम यातायात को सुलभ कराएगा।

# जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय ककरा कलां का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** शाहजहांपुर





**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने कंपोजिट विद्यालय ककरा कलां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता, एमडीएम में दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता तथा साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं को चेक किया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफसफाई की व्यवस्था दुरूस्त पाई गई। विद्यालय में सभी बच्चे अनुशासनात्मक ढंग से कक्षाओं में पढ़ते हुए पाए गए। जिलाधिकारी ने विद्यालय की कक्षाओं में जाकर दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने 8 वीं कक्षा में मौजूद बच्चों से अंग्रेजी की पुस्तके पढ़वाकर देखा। बच्चों ने अंग्रेजी की पुस्तकों को सरलता के साथ जिलाधिकारी को पढ़कर सुना दिया। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने कक्षा 5 एवं कक्षा 1 में पहुंच कर भी बच्चों से पुस्तके पढ़वाकर सुना तथा कक्षाओं में मौजूद छोटे बच्चों से गिनती व पहाड़े भी सुने। सभी बच्चों ने सरलता पूर्वक जिलाधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दे दिया। जिलाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर अध्यापकों की सराहना करते हुए कहा की अध्यापकों द्वारा बच्चो को सही प्रकार शिक्षा दी जा रही है। जिलाधिकारी ने प्रेरित करते हुए कहा की अध्यापकों को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है, जिससे की बच्चे शिक्षा में दक्ष होकर सफल हो सकें। जिलाधिकारी ने विद्यालय में दिए जाने वाले मीड डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की। भोजन रोस्टर के अनुसार पाया गया, भोजन की गुणवत्ता ठीक न पाए जाने पर उन्होंने भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए। विद्यालय में भ्रमण पंजिका उपलब्ध न होने पर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि भ्रमण पंजिका अवश्य बनाए तथा भ्रमण से पूर्व उसमे विवरण अंकित कर उसका सत्यापन भी कराएं। जिलाधिकारी ने अध्यापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बच्चे प्रतिदिन नियत ड्रेस कोड में ही विद्यालय में उपस्थित हों यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नियत ड्रेस में न आने वाले बच्चों के अभिभावकों को नोटिस द्वारा सूचित करने हेतु भी निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आरके गौतम उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज की धीमी निर्माण गति जिलाधिकारी ने लगाई फटकार

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**सोमवार** शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कियाए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने जिला मुख्यालय पर जिला पुरुष चिकित्सालय ;पुराना परिसरद्ध में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर ब्लॉकवार प्रगति जानी। निर्माण कार्य की प्रगति धीमी होने पर कार्यदायी संस्था को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान आवश्यकता के सापेक्ष मैन पावर कम होने पर नाराजगी जताते हुए कारण जानाए निर्देश दिए कि मैनपावर बढ़ाकर समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाए। अन्यथा वर्किंग एजेंसी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही करेंगे। इसका उच्च स्तर से भी गहन अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया जा रहा है। इसके उपरांत डीएम सीधे जिला महिला अस्पताल में उस परिसर का निरीक्षण कियाए जहां मेडिकल कॉलेज का भवन निर्माण होना प्रस्तावित है। डीएम ने स्थान उपलब्ध होने पर भी खुदाई ना शुरू होने पर नाराजगी जाहिर की। फटकार लगाते हुए समयबद्ध रूप से काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में हैए इसमें किसी प्रकार की हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।डीएम ने कहा कि प्रोजेक्ट मैनेजर साइट पर रहें। यदि कहीं कोई समस्या आ रही हो तो उन्हें तत्काल जानकारी दें। परियोजना की साप्ताहिक प्रगति से भी अवगत कराया जाए।

## डीईओ को सीएमओ ने लगाई फटकार

**लखीमपुर** खीरी। आईएचआईपी कार्यक्रम के अंतर्गत तैनात डाटा एंट्री ऑपरेटर और जिला स्तरीय अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस सभागार में हुई। इसमें कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉण् अनिल कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आईडीएसपी के अंतर्गत संचालित आईएचआईपी एंट्रीग्रटेट हेल्थ इंफॅर्मेशन प्लेटफार्म के अंतर्गत होने वाली रिपोर्टिंग में देरी को लेकर कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पुरुष व महिला चिकित्सालय एवं ब्लाक स्तर पर तैनात डाटा एंट्री ऑपरेटर की एक बैठक सीएमओ ऑफिस सभागार में आयोजित हुई। जिसमें सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों सहित डाटा एंट्री ऑपरेटर को अपनी रिपोर्टिंग को सही और ससमय करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर को आईएचआईपी के अंतर्गत आउटब्रेक की सूचना देरी से देने को लेकर सभी की फटकार लगाई।

# टीकाकरण पखवाड़े का शुभारम्भ

**संवाददाता।** शाहजहांपुर।



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने 0-5 वर्ष तक के टीकाकरण से वंचित बच्चों के टीकाकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष टीकाकरण पखवाड़े का शुभारम्भ ककरा कलां में फीता काट कर किया। यह विशेष पखवाड़ा दिनांक 13 फरवरी 2023 से दिनांक 27 फरवरी 2023 तक चलाया जायेगा जिसमें 2973 सत्र आयोजित किये जायेगें। विशेष टीकाकरण अभियान में 381 एएनएम, 2692 आशा एवं 284 सुपरवाइजर की तैनाती की गयी है। इस विशेष पखवाड़े के दौरान अन्य टीकों के साथ खसरा रूबेला उन्मूलन हेतु विशेष जोर दिया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में वर्ष 2023 में खसरा रूबेला उन्मूलन हेतु एमआर-1 के 6334 बच्चों एवं एमआर-2 के 7476 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने सभी से अपील करते हुये कहा कि बच्चों के लिये टीकाकरण अत्यन्त आवश्यक है। टीकाकरण से बच्चों का विभिन्न बीमारियों से बचाव होता है तथा उनका शरीर स्वस्थ्य रहता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बच्चों का टीकाकरण समय से नही हो पाता है उनमें बीमारियों से बचाव की क्षमता कम होती है। जिलाधिकारी ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि बच्चों के लिये टीकाकरण बेहद जरूरी है। सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कोई भी बच्चा टीका लगवाने से वंचित न रहे, इसके लिये सभी आवश्यक कदम उठाये जाये। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को भी निर्देश दिये कि अभियान में कोई भी लापरवाही न बरती जाये। उन्होने अभियान की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुये कहा कि माइक्रो प्लान के अनुसार टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आरके गौतम, यूनिसेफ की जिला समन्वयक हुदा जेहरा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने किया अमृत सरोवर का निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील व विकास खंड लखीमपुर के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर में नवनिर्मित अमृत सरोवर का औचक निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अमृत सरोवर राजापुर पहुंचकर अमृत सरोवर परिसर के सन्निकट अवैध अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि अमृत सरोवर के सुंदरीकरण को बरकरार रखते हुए इसे और बेहतर बनाने पर काम किया जाए। उन्होंने कहा कि सरोवर के गेट का भी निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए। डीएम ने आमजन से अपील की कि वह अमृत सरोवर राजापुर का एक बार अवश्य भ्रमण करें, जहां आमजन के लिए वॉक के लिए पाथवेए बैठने के लिए बेंच आदि की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह अमृत सरोवर न केवल पर्यावरण की रक्षा और जल संरक्षण में मदद करेगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होगा।

### नाले में तैरती मिली अधेड़ की लाश

**बरेली।** कई दिन पूर्व दोस्त के साथ घर से बाहर गए एक अधेड़ की लाश आज घर से दूर नाले में तैरती पाई गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। बदायूं के कस्बा व थाना उसावा निवासी विजय सिंह की लाश आज दोपहर बरेली के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में बदायूं रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के पास से बहने वाले नाले में सड़ी गली हालत में तैरती पाई गई मृतक के परिजनों ने बताया कि विजय सिंह 1 फरवरी को अपने मित्र पड़ोस में ही रहने वाले राकेश पाठक के साथ घर से बाहर गए थे लेकिन वह वापस नहीं लौटे, काफी देर तक इंतजार करने के बाद उन्हें तलाशने की कोशिश की गई लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला और घटना की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई। राकेश पाठक से भी पूछताछ की गई लेकिन उसने कोई भी खास बात नहीं बताई और वह अपने घर उसी दिन वापस लौट आया पुलिस और घरवाले विजय सिंह को तलाशने की कोशिश कर रहे थे इधर आज लोगों ने सुभाष नगर थाना क्षेत्र में एसबीआई बैंक के पास नाले में लाश को उतरते देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर मृतक के घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव की शिनाख्त कर ली । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।

### पुलिस मुठभेड़ में गौ-तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

**बरेली।** रात के समय गोवंश पशु को काटने के लिए जंगल में ले जा रहे तीन तस्करों को पुलिस ने देख लिया। तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में एक तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया, उसके दो साथी मौका देखकर फरार हो गए। पुलिस ने घायल तस्कर को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में बीती पूरनपुर मार्ग पुलिस ने 1 गोवंश पशु को जंगल में ले जा रहे 3 तस्करों को देखा और रोकने की कोशिश की पुलिस को देखकर तस्करों ने फायरिंग कर दी है जवाबी फायरिंग में पुलिस ने एक गौ तस्कर भोजीपुरा थाने के गांव भूड़ा निवासी आरिफपुत्र रईस उर्फलखपत को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनके दो साथी फरीदपुर के गांव मल्लपुर निवासी मोहम्मद रहीस पुत्र रियाजुद्दीन और इज्जत नगर थाने के गांव परतापुर जीवन सहाय निवासी जफर उर्फ रमन कालिया पुत्र नजीर अहमद मौका देख कर फरार हो गए । पुलिस उनकी तलाश में है।

### सीजीनपीजी कॉलेज के छात्र ने जीता गोल्ड मेडल

**गोला** गोकर्णनाथ खीरी। सीएजीएएनएपीएजीए कॉलेजए गोला के बीएएतृतीय सेमेस्टर के छात्र मृदुल अवस्थी ने ष्ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटष् ;जीए20द्ध के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित की गयी युवराजदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालयए लखीमपुर खीरी में अन्तर्महाविद्यालयीय एथलीट प्रतिस्पर्धाओं के ताइक्वांडों में गोल्ड मेडल कर कब्जा हासिल कर अपनाए अपने माता पिताए महाविद्यालय, एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साथ ही डाली वर्मा बीएएप्रथम सेमेस्टर (छात्रा वर्ग) एवं मो. जीशान बीए प्रथम सेमेस्टर (छात्र वर्ग) ने 100 मी. रेस में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया। इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने जी-20 के ब्राण्ड अम्बेस्डर्स डॉ. प्रशांत सिंह को तथा प्रदेश स्तर पर अपनाए अपने माता-पिता तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए महाविद्यालय के छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही जी-20 के ब्रांण्ड अम्बेस्डर्स डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में आगे होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी अच्छे परिणाम की मंगल कामना की।

# सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध

● पुवाया निगोही तिलहर जैतीपुर दातागंज बदायूं मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**बरेली** के पुवाया निगोही तिलहर जैतीपुर दातागंज बदायूं मार्ग (राज्य मार्ग सं0-126) के चौड़ीकरण एवं सुद्धीकरण कार्य का भूमि पूजन एवं विधानसभा के सेतुध्मार्गों का शिलान्यास लोकार्पण श्री सुरेश कुमार खन्ना, मा. मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उप्र. सरकार की अध्यक्षता में जितिन प्रसाद, मा. मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उप्र. सरकार के कर कमलों द्वारा सुधीर कमार गुप्ता, सदस्य विधान परिषद, सलोना कुशवाहा, विधायक, तिलहर, डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस, विधायक कटरा, हरिप्रकाश वर्मा, विधायक जलालाबाद,राजीव कुमार सिंह (बब्बू भईया), विधायक दातागंज-बदायूं, श्याम बिहारी, विधायक फरीदपुर बरेली, कृष्ण चन्द्र मिश्रा, जिला अध्यक्ष, भाजपा, शाहजहाँपुर, वीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना पूर्व विधायक, कटरा, कृष्णा राज, पूर्व सांसद, शाहजहाँपुर, डीपीएस राठौर, अध्यक्ष, कॉपरेटिव बैंक एवं अन्य गणमान्य महानुभाव की गरिमामयी उपस्थिति में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत मरम्मत कार्य हेतु प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि, शाहजहांपुर के नौ कार्य लम्बाई 17.77 किलोमीटर व लागत रुपये 255.196 लाख, निर्माण खण्ड-1, लोनिवि, शाहजहांपुर के 23 कार्य लम्बाई 46.19 किलोमीटर व लागत . 1576.67 लाख का शिलान्यास एवं सेतु निगम का 01 कार्य, जिसकी लम्बाई 118.88 मीटर व लागत रुपये 1382.07 लाख है।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना नीमगांव का औचक निरीक्षण किया

**बेहजम खीरी।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना नीमगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/ अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रखरखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। थाने परिसर की साफ-सफाई देखकर कप्तान साहा ने इंस्पेक्टर अवधेश यादव की प्रशंसा भी की वहीं जन सुनवाई से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए।

## विशेष टीकाकरण अभियान फेस-2 का सीएमओ ने किया शुभारंभ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी।



**मीजल्स** रूबैल्ला लेमिनेशन विशेष टीकाकरण अभियान फेस 2 का उद्घाटन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर में किया। जिसका उद्देश्य लाभार्थी बच्चों को 100 प्रतिशत टीकाकरण किया जाना है। इसके अंतर्गत 16 वर्ष आयु वर्ग तक के सभी बच्चों को जो किसी भी तरह के टीकाकरण से छूटे हुए हैं उन्हें टीकाकरण किया जाना है। एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि विशेष टीकाकरण अभियान के फेस 2 का शुभारंभ सोमवार को किया गया है। इसके अंतर्गत 16 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा जो किसी भी कारण से छूटे हुए हैंए का टीकाकरण किया जाएगा। जिसका उद्घाटन सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर में किया गया है। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण के लिए सभी को प्रेरित किया है। सीएमओ डॉण् संतोष गुप्ता ने उद्घाटन के दौरान कहा कि विशेष टीकाकरण अभियान का उद्देश्य सभी छूटे हुए बच्चों को वैक्सीनेटेड किए जाने का है। इसे लेकर जिलेभर में टीम बनाई गई है। जिसके अंतर्गत 3200 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। वहीं 419 एएनएम और 3016 आशाओं को इस कार्यक्रम में लगाया गया है। जिसकी मॉनिटरिंग डीआईओ डॉ प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा।

# पेज एक का शेष

## भारत ने...

हर निवेश, भारत के अलावा, दुनिया के अनेक देशों में एक प्रकार से आपका व्यापार-कारोबार के नए रास्ते बनाएगा। नई संभावनाएं, नए अवसर सामने हैं। भारत के निजी क्षेत्र को इस समय को जाने नहीं देना चाहिए। मोदी ने कहा कि एयरो इंडिया की गगनभेदी गर्जना में भी भारत के सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की गूंज है। आज भारत में जैसी निर्णायक सरकार है, जैसी स्थाई नीतियां हैं, नीतियों में जैसी साफ नीयत है, वो अभूतपूर्व है। हर निवेशक को भारत में बने इस अनुकूल माहौल का खूब लाभ उठाना चाहिए। मोदी ने कहा, एयरो इंडिया का यह आयोजन, आज नए भारत के नए दृष्टिकोण को भी प्रतिबिंबित करता है। एक समय था, जब इसे केवल एक शो या एक प्रकार से भारत को बेचने की एक खिड़की भर माना जाता था। बीते वर्षों में देश ने इस धारणा को भी बदला है। उन्होंने कहा, आज एयरो इंडिया केवल एक शो नहीं है, ये इंडिया की ताकत भी है। आज येभारतीय रक्षा उद्योग के दायरे और आत्मविश्वास पर भी जोर देता है। मोदी ने कहा, बेंगलुरु का आसमान आज नए भारत के सामर्थ्य का साक्षी बन रहा है। बेंगलुरु का आसमान आज इस बात की गवाही दे रहा है कि नई ऊंचाई, नए भारत की सच्चाई है। आज देश नई ऊंचाइयों को छू भी रहा है और उन्हें पार भी कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि एयरो इंडिया में कंपनी से कंपनी के बीच लगभग 250 समझौते (बी2बी) होने की उम्मीद है, जिससे लगभग 75,000 करोड़ रुपए का निवेश मिलने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में आयोजित एक एयर शो में भारतीय वायुसेना के कई विमानों ने अपनी हवाई ताकत का प्रदर्शन किया।

## सुप्रीम कोर्ट...

अनुरोध कर रही हैं। एक, मनोनीत सदस्यों को मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और दूसरे, महापौर, उपमहापौर तथा स्थाई समिति के चुनावों को अलग-अलग कराया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने आठ फरवरी को ओबेरॉय की याचिका पर उपराज्यपाल कार्यालय, एमसीडी की अस्थाई पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा और अन्य से जवाब मांगा था। आम आदमी पार्टी नेता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने कहा था कि एमसीडी सदन की तीन बार बैठक बुलाई गई, लेकिन महापौर का चुनाव नहीं हुआ। उन्होंने कहा था कि हमारी कई आपत्तियां हैं, जिसमें एमसीडी की अस्थाई पीठासीन अधिकारी महापौर, उपमहापौर और स्थाई समिति के सदस्यों के लिए एक साथ चुनाव कराने पर जोर दे रही हैं। यह दिल्ली नगर निगम अधिनियम के विपरीत है। सिंघवी ने कहा था कि दूसरा मुद्दा सदन के मनोनीत सदस्यों के मताधिकार का है और इस पर फैसला किए जाने की जरूरत है। पूरा विवाद का विषय एल्डरमैन की नियुक्ति और सदन में उनके मतदान के अधिकार हैं।

## जम्मू-कश्मीर...

के समक्ष लंबित याचिकाओं का विषय है। पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र के फैसले की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत विचार कर रही है। अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गई हैं, जिसने तत्कालीन जम्मू कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था। केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करके जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द कर दिया था। शीर्ष अदालत ने परिसीमन आयोग गठित करने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर पिछले साल एक दिसंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उस समय सुनवाई के दौरान केंद्र ने शीर्ष अदालत को बताया था कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के लिए गठित परिसीमन आयोग को ऐसा करने का अधिकार है। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने परिसीमन आयोग के गठन के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत से कहा था कि जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 केंद्र सरकार को परिसीमन आयोग की स्थापना किए जाने से रोकता नहीं है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय (विधाई विभाग) ने छह मार्च, 2020 को परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा तीन के तहत अपनी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक परिसीमन आयोग का गठन करने की बात की गई थी। दो याचिकाकर्ताओं हाजी अब्दुल गनी खान और मोहम्मद अयूब मट्टू की तरफ से पेश वकील ने दलील दी कि परिसीमन की कवायद संविधान की भावनाओं के विपरीत की गई थी और इस प्रक्रिया में सीमाओं में परिवर्तन तथा विस्तारित क्षेत्रों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए था।

## पीडीएस डिजिटलीकरण...

थी कि खाद्यान्न गरीबों को नहीं मिल पाता है। हमने जब ई पॉज मशीन लगाई तो प्रदेश के अंदर हमने उनकी मॉनीटरिंग प्रारंभ की। आज परिणाम है कि 15 करोड़ लोगों को पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम से हम खाद्यान्न उपलब्ध करा रहे हैं और तकनीक के माध्यम से 1200 करोड़ रुपए की सालाना बचत भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक आज की आवश्यक्ता है। इसके माध्यम से हम एक पारदर्शी व्यवस्था के साथ प्रत्येक नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का काम कर सकते हैं। भारत ने पिछले 9 वर्ष के दौरान जिस तेजी से इस क्षेत्र में न सिर्फ परिवर्तन लाया है बल्कि 140 करोड़ की आबादी के जीवन में व्यापक परिवर्तन करने का काम किया है वह दुनिया के तमाम देशों के लिए उदाहरण हो सकता है। यूपी में देखें तो 2.60 लाख किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभए एक करोड़ निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों, वृद्धजनों को पेंशन की सुविधा का लाभ डीबीटी के माध्यम से दे रहे हैं। आज प्रदेश के अंदर ई ऑफिस की प्रणाली लागू होने का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की कार्यप्रणाली में पूरी पारदर्शिता आई है। प्रदेश न सिर्फ कृषि और अपने जल संसाधन के लिए और युवा शक्ति के लिए बल्कि एक नई अर्थव्यवस्था के रूप में भी वैश्विक जगत में आगे बढ़ रहा है। आपने देखा होगा कि 10 से 12 फरवरी के बीच लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 देशों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। पूरे आयोजन में उत्तर प्रदेश को 33 लाख 50 हजार करोड़ के अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसके लिए भी हमें तकनीक को अपनाना पड़ा। किसी भी एमओयू की मॉनीटरिंग के लिए निवेश सारथी के रूप में डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया। सिंगल विंडो की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निवेश मित्र के रूप में हमने यह सुविधा हर एक निवेशक को उपलब्ध कराई। आज परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में व्यापक पैमाने पर निवेश हो रहा है और प्रदेश एक नई अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने की ओर अग्रसर हो रहा है।

## तमिलनाडु के...

लिए युद्ध के मैदान में थलाइवर (प्रमुख) प्रभाकरन के साथ खड़े थे, अब दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रहते हैं। उन्होंने कहा, ऐसे लड़के, जो मेरे संपर्क में हैं, उन्होंने अन्नान (बड़े भाई) पाझा नेदुमारन के बयान की पुष्टि नहीं की है। अन्यथा यह दुनिया भर में रहने वाले तमिलों के लिए और अधिक खुशी ला सकता है। नेदुमारन ने कहा कि लिट्टे नेता ठीक है। उन्होंने कहा कि इस घोषणा से प्रभाकरन के बारे में सभी संदेह समाप्त हो जाएंगे। नेदुमारन ने कहा कि प्रभाकरन जल्द श्रीलंका में ईलम तमिलों के लिए एक योजना की घोषणा करने वाला है। उन्होंने श्रीलंका में तमिलों और दुनिया के अन्य हिस्सों में रहने वाले तमिलों से एकजुट होने तथा उन्हें अपना पूरा समर्थन देने की अपील की। नेदुमारन ने कहा कि जब तक लिट्टे शक्तिशाली था, उसने श्रीलंका में अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रुख रखने वाली किसी भी ताकत को पैर नहीं जमाने दिया। लिट्टे की हार और प्रभाकरन के मारे जाने के बाद, भारतीय अधिकारियों ने भी कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रभाकरन की पहचान स्थापित करने में श्रीलंका की मदद की थी।

## स्मृति मंधाना...

के पहले दौर में आस्ट्रेलिया की ऑफ स्पिन आल राउंडर एशले गार्डनर को गौतम अडानी की गुजरात जायंट्स ने 3.20 करोड़ रूपए (386,000 डॉलर) में खरीदा। गार्डनर और नैट स्किवर विदेशी खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा राशि हासिल करने वाले खिलाड़ी रहीं। आस्ट्रेलिया की स्टार आल राउंडर एलिस पैरी 1.70 करोड़ रूपए (205,000 डॉलर) में बिकीं जिनकी बोली आरसीबी ने जीती। आरसीबी ने न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डेविने को 50 लाख रूपए के सस्ते बेस प्राइस में अपनी टीम में शामिल किया। आरसीबी ने 12 करोड़ रूपए के पर्स में से चार खिलाड़ियों पर 7.10 करोड़ रूपए खर्च कर दिए जबकि बाकी टीम (अनिवार्य 15 खिलाड़ियों की टीम) के 11 खिलाड़ी खरीदने के लिए उनके पास 4.90 करोड़ रूपए बचे हैं। टीम में अधिकतम 18 खिलाड़ी रख सकते हैं। यूपी वारियर्स ने इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को खरीदने में 1.80 करोड़ रूपए खर्च किए। पांच संभावित कप्तान मंधाना (आरसीबी), हरमनप्रीत (मुंबई इंडियंस), लैनिंग (दिल्ली कैपिटल्स), बेथ मूनी (गुजरात जायंट्स) और दीप्ति शर्मा (यूपी वारियर्स) हैं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू, इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लौरा वोलवार्ट ऐसे बड़े नाम हैं जिन्हें अभी तक कोई खरीदार नहीं मिला।

# ऐतिहासिक होगा राष्ट्रीय रामायण मेले का स्वर्ण जयंती महोत्सव : करवरिया

मेले के उदघाटन के लिए सीएम योगी को दिया गया न्यौता-करूणा शंकर द्विवेदी

सुप्रसिद्ध लोक गायिका मालिनी अवस्थी समेत देश की नामचीन कलाकार देगीं प्रस्तुतियां

18 फरवरी से चित्रकूट में शुरू होगा पांच दिवसीय महोत्सव



संवाददाता। चित्रकूट

**प्रभु श्रीराम** की तपोस्थली में राष्ट्रीय रामायण मेले का आयोजन आगामी 18 फरवरी से पांच दिवसीय होगा। मेला के कार्यकारी अध्यक्ष व महामंत्री ने पत्रकारों से बताया कि इस बार 50वां गोल्डेन जुबली राष्ट्रीय रामायण मेला आकर्षक और मनमोहक कराया जाएगा। सोमवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश करवरिया, महामंत्री करुणाशंकर द्विवेदी ने बताया कि उप्र, मप्र, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलांगना, आंध्र प्रदेश आदि प्रांतों के रामकथा के मर्मज्ञ विद्वान, कथा व्यास आ रहे हैं। वृंदावन की ब्रज कृष्ण लीला संस्थान, नृत्य कला गृह बांदा, कथक केन्द्र नई दिल्ली, नृत्य नाटिका सुंदर कांड एवं रामायण आधारित, रिवाइल ग्रुप आफ इंडिया के नृत्य नाटिका, लोक गायन, भजन आदि कार्यक्रम होंगें। इसके अलावा विशाल प्रदर्शनी लगेगी। 22 फरवरी को मालिनी अवस्थी प्रस्तुतियां देंगी। उन्होंने बताया कि विगत 49 समारोहों में राजनेता, विद्वान, कथा व्यास, सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने प्रतिभाग किया है। इसमें प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पीठो के शंकराचार्य, कामिलबुल्के, नजीर मोहम्मद, आचार्य विष्णुकांत शास्त्री, पं रामकिंकर उपाध्याय, मोरारी बापू, अनूप जलोटा आदि शामिल हो चुके हैं। बताया कि मेले के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर आमंत्रण दिया गया है। जिस पर आश्वासन मिला है। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों से संपर्क किया जा रहा है।

## पंचतत्व में विलीन हुआ नंदन बाबू का पार्थिव शरीर

**फतेहपुर।** तकरीबन पाँच दशक तक जिले की ख्यातिलब्ध राजनैतिक हस्ती रहे पंडित हरिनारायण दुबे उर्फ नंदन बाबू का पार्थिव शरीर आज दोपहर पंचतत्व में विलीन हो गया। उनके इंजीनियर नाती देवांग त्रिवेदी ने भिटौरा गंगा के तट पर उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान बड़ी तादात में जनप्रतिनिधियों, राजनीतिज्ञों, अधिवक्ताओं समेत आमजन ने पहुँचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी ज्ञातव्य रहे कि लगभग नब्बे वर्षीय नंदन बाबू का रविवार को कानपुर में निधन हो गया था। बीती रात उनके पार्थिव शरीर को अमौली लाया गया, जहां आज सुबह बलदेव गिरि इण्टर कालेज में में जनता दर्शन के लिए रखा गया। कुछ देर बाद उनके पैतृक गाँव मकरंदपुर ले जाया जायेगा। जहाँ पर पण्डित विश्वंभर नाथ दुबे डिग्री कॉलेज में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जहां से शव यात्रा जोनिहा होते हुए फतेहपुर शहर के ताम्बेश्वर चौराहा पहुँची।

# निखत-अब्बास के मामले की जांच को एसपी वृंदा शुक्ला ने गठित की एसआईटी

संवाददाता। चित्रकूट

माफिया डान मुख्तार के करीबियों पर जल्द कसेगा शासन-प्रशासन का शिकंजा

निखत अंसारी को किराये का घर दिलाने वाले सपाई पर जल्द गिर सकती है गाज

**बुंदेलखंड** के सबसे हाईटेक जिला कारागार रगौली में विधायक अब्बास अंसारी और उसकी पत्नी निखत बानो की मुलाकातों के साथ जेल अफसरों की भूमिका की जांच एसआईटी करेगी। विशेष टीम को अब्बास के रगौली जेल आने के बाद से जेल का खेल खुलने तक जांच के आदेश दिए गए हैं।वहीं माफिया डान मुख्तार के करीबी मददगारों की भी पहचान शुरू कर दी गई है।मुख्तार की बहू निखत को चित्रकूट में किराये का घर दिलाने पर सपा नेता पर कभी भी प्रशासन की गाज गिर सकती है। बुंदेलखंड के बांदा मंडल कारागार में बंद पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को 18 नवंबर 2022 को चित्रकूट जेल में शिफ्ट किया गया था। सुरक्षा की दृष्टि से यहां लाए गए अब्बास ने जल्द ही जेल अफसरों को सेट कर लिया और अपना खेल शुरू कर दिया। अब्बास के यहां आने के बाद पत्नी निखत बानो ने चित्रकूट में किराए पर मकान ले लिया लेकिन पूरे दिन वह जेल के अंदर अब्बास के साथ घर की तरह रहती थी। डीएम-एसपी ने पूरा खेल पकड़ा तो पूरे यूपी में हड़कंप मच गया। शासन तक मामला पहुंचा तो जेल अफसरों समेत आठ लोगों को सस्पेंड कर दिया गया। इस खेल में जेल के अंदर और बाहर कौन-कौन शामिल रहा, अब्बास और उसकी पत्नी ने और क्या साजिशें रचीं इसकी जांच के लिए एसपी बृंदा शुक्ला ने पांच सदस्यीय एसआईटी गठित की है। चित्रकूट के अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अगुवाई में सीओ सिटी हर्ष पांडेय के अलावा तीन इंस्पेक्टरों को भी टीम में शामिल किया गया है। वहीं, डीएम अभिषेक आनंद का कहना है कि उन्होंने शुरुआती जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी है।

## पत्नी व पुत्री को जलाकर मार डालने का पुलिस व प्रशासन पर आरोप लगा किया हॅगामा



संवाददाता। कानपुर देहात

**जनपद के** रूरा थाना क्षेत्र के मडौली गॉव में सोमवार को अतिक्रमण हटाने को लेकर हुये विवाद में महिला व उसकी पुत्री की आग में जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। पति व पुत्र ने पुलिस तथा प्रशासन सहित विपक्षियों पर ही झोपडी में आग लगाकर हत्या करने का आरोप लगा हॅगामा किया। सूचना पर पहुॅचे एसपी ने ग्रामीणों को समझाबुझाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का आश्वासन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को मैथा एसडीएम, क्षेत्रीय लेखपाल व रूरा पुलिस मडौली गॉव में अतिक्रमण हटाने को पहुॅचे थे, झोपडी के अन्दर मौजूद प्रमिला दीक्षित(54), शिवा दीक्षित(22) व प्रमिला के पुत्र तथा पति मौजूद थे, अचानक झोपडी में लगी आग से प्रमिला के पति तथा पुत्र बाहर निकले तथा पुलिस व प्रशासन पर ही झोपडी में आग लगाने का आरोप लगाने लगे, जब तक ग्रामीण झोपडी में लगी आग बुझाने का प्रयास करते तब तक झोपडी के अन्दर मौजूद प्रमिला व उसकी पुत्री शिवा की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। अचानक हुये घटनाक्रम से अफरातफरी के साथ हडकम्प मच गया, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति भी मौके पर पहुॅचे तथा हॅगामा कर रहे ग्रामीणों व परिजनों को समझाया बुझाया। एसपी ने बताया कि मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# एयरपोर्ट एथार्टी 25 तक पूरा कराये एप्रोच रोड का निर्माण : अभिषेक आनंद

डीएम ने अधिकारियों के साथा किया चित्रकूट एयरपोर्ट का निरीक्षण

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने देवांगना एयरपोर्ट के लिए बन रही 14 सौ मीटर एप्रोच रोड को टर्मिनल तक जोडने का औचक निरीक्षण कर एयरपोर्ट एथार्टी एवं राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि 25 फरवरी तक हर हाल में टर्मिनल बिल्डिंग तक जीएसबी डलवाकर सडक मार्ग पर आवागमन शुरु हो जाना चाहिए।
सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को देवांगना एयरपोर्ट के एयरपोर्ट एथार्टी एवं राइट्स संस्था के अधिकारियों ने बताया कि पांच सौ मीटर बाउंड्रीवाल का कार्य पूरा हो गया है। शेष पर तेजी से कार्य हो रहा है। साथ ही एप्रोच रोड में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कर लिया जायेगा।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बाउंड्रीवाल व रिटर्न वाल का कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। एप्रोच रोड के निर्माण में उसके किनारे के लिए तारफेंसिंग व स्ट्रीट लाइटिंग, इंटरलॉकिंग व प्लांटेशन भी लगवाये जायें। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी के साथ एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर राजबहादुर, राइट्स के जीएम अतुल प्रकाश, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यायालय पेशी पर आए सजायाफ्ता कैदी की अटैक पड़ने से मौत

**उरई ( जालौन )।** सोमवार को जिला जेल से न्यायालय पेशी पर आए सजायाफ्ता कैदी की अचानक अटैक पड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद वहा सनसनी फैल गई, मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गैंगरेप सहित अन्य मामलों में सजा काट रहे सजायाफ्ता कैदी सुरेश उर्फ मुन्ना निवासी नई बस्ती थाना समथर जिला झांसी हाल निवास गांधीनगर थाना कोतवाली कोंच सोमवार दोपहर को एक अन्य मामले में उरई जिला सत्र एवं न्यायालय में पेशी पर लाया गया था। जिसे पुलिस कर्मियों द्वारा उरई की कालपी रोड स्थित जिला अदालत की हवालात में बंद किया गया था। उसी दौरान वह अचानक बैरक के अंदर बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। इस घटना को बैरक में बंद अन्य कैदियों ने देख उन्होंने शोर मचा कर बाहर ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों को अवगत कराया।

## क्विक न्यूज

### माँ अन्नपूर्णा का बांटा भंडारा प्रसाद

**कोंच(जालौन)।** नगर के नया पटेल नगर ब्लॉक इलाके के जवाहर नगर वार्ड में स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर पर सोमवार को भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारा प्रसाद छकने के लिए सैकड़ों की संख्या में इलाकाई लोग और राहगीर जुटे। इससे पूर्व भक्तों ने जवाहर नगर नईबस्ती में स्थित सिद्ध मंदिर जय मां काली व सैयद के स्थान पर हर माह होने वाले भंडारे के तहत प्रसाद का वितरण किया जिसे छकने के लिए सैकड़ों की संख्या में इलाकाई लोग और राहगीर जुटे। मां काली व सैयद को भोग लगाकर कमिटी के लोगों ने भंडारा प्रसाद बांटा। दोपहर से लेकर देर शाम तक सैकड़ों भक्तों ने वहां पहुंचकर भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में कमिटी के मदन सीरौठिया, गोपाल श्रीवास्तव, मनोज बुधौलिया, रामकुमार अग्रवाल, आशीष चौहान, डिंपल अग्रवाल, अशोक गुप्ता, कुक्कू श्रीवास्तव, जीतू गौतम सहित लोग मौजूद रहे।

### भागवत कथा कलश यात्रा पर हुई पुष्पवर्षा

**कोंच(जालौन)।** नगर के बजरिया इलाके में सोमवार से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिस पर जगह जगह पुष्प वर्षा हुई। डीजे पर बजते भजनों पर भक्त झूमकर नाचे। गोखले नगर स्थित खाटू श्याम कुंज पर संयोजित श्रीमद्भागवत कथा की कलश यात्रा कैलिया बस स्टैंड स्थित गुदरिया हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई। परीक्षित ऊषा सुशील त्रिपाठी सिर पर भागवत पुराण रखकर चल रहे थे। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं जलयुक्त कलश सिर पर रखकर चल रहीं थीं। युवक व बच्चे बैंड बाजों और डीजे पर बज रहे भजनों पर झूमते हुए नाच रहे थे। कथावाचक पं. भास्कर शास्त्री वृंदावन धाम भी कलश यात्रा में साथ चल रहे थे। इस दौरान संजय, विजय त्रिपाठी, आरती, गौरव, अनुष्का, मेघा, वंदन, दीक्षा, शिवाय, कार्तिक, गुड्डू अवस्थी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### समस्याओं को लेकर बार संघ अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा पत्र कोंच

**(जालौन)।** बार असोसिएशन कोंच ने अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याएं प्रशासन के संज्ञान में लाते हुए उनके निराकरण की मांग उठाई है। इन समस्याओं में सबसे प्रमुख मुंसिफी में टॉयलेट नहीं होना और तहसील परिसर में साफसफाई की कमी। बार असोसिएशन अध्यक्ष हरीसिंह निरंजन ने एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि तहसील परिसर में साफसफाई नहीं होने से सरकार के स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लग रहा है। इसके अलावा गर्मी की आमद को देखते हुए तहसील परिसर में वादकारियों और अधिवक्ताओं के लिए वाटर कूलर की स्थापना बेहद जरूरी है। उन्होंने एसडीएम का ध्यान इन समस्याओं की ओर खींचते हुए मांग की है कि सफाई के लिए पालिका के सेनेटरी इंस्पेक्टर को निर्देशित करें एवं वाटर कूलर का भी संज्ञान लेकर इसकी स्थापना की पहल करें।

### मटर फली तोड़ने को लेकर हुये विवाद में मारपीट

**जालौन (उरई)।** मटर की फली तोड़ने को लेकर हुए विवाद में गांव के ही युवक ने मारपीट कर दी। वहीं, रंजिश के चलते युवक ने वृद्ध के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एदलपुर निवासी रिंकू ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही धर्मेंद्र खेत में जबरन मटर की फली तोड़ रहे थे। जब उसने फली तोड़ने से मना किया तो गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। उधर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहगंज निवासी यासीन ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही सरताज परिवार के साथ रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते वह घर के बाहर खड़े होकर गाली, गलौज कर रहा था। मना करने पर लाठी, डंडों से मारपीट कर दी। जब मोहल्ले के लोग बचाने आए तो जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जिला कारागार कानपुर देहात का निरीक्षण

**कानपुर देहात।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए लखनऊ द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में एवं श्री लालचन्द्र गुप्ताए माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्षए जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए कानपुर देहात के निर्देशानुसार जिला कारागारए कानपुर देहात में किशोर बैरक एवं चिकित्सालय का निरीक्षण अपर जिला जज. श्री निजेन्द्र कुमारए सचिव. जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए कानपुर देहात के द्वारा किया गया। निरीक्षण दौरान सुबोध सचान पुत्र रामकेश को गार्ड की अनुपस्थित के कारण जिला अस्पताल. लाला लाजपत राय चिकित्सालय;हैलेटद्धए कानपुर नगर नहीं ले जाया सका। जिसके उपरान्त बन्दी के पैर की गम्भीर स्थिति है। कानपुर महोत्सव के दौरान सुरक्षा कर्मी की अभाव के कारण कुछ बन्दीगण के इलाज को प्रभावित किया है। जिससे ससमय वाह्य अस्पताल में उपचार नहीं प्राप्त हो पा रहा है एवं दिनांक. 09ण्02ण्2023 को जिला कारागार में बन्दी की मृत्यु हो चुकी है जिसकी मजिस्ट्रेट जाँच जारी है। किशोर बैरक के निरीक्षण दौरान कुछ किशोर का हाई स्कूलध्इण्टर मीडियेट की परीक्षा के लिये भेजा गया एवं कार्यालय के पत्रांक अनुसार जिला कारागार में नियुक्त शिक्षकों की 3 माह की उपस्थिति रिपोर्ट तलब की जिसपर जेल अधीक्षक ने जाँच के दौरान एक शिक्षक पर कार्यवाही करते हुये जिला बेसिक शिक्षा विभाग को सूचित किया। ।

### पर्यावरण मित्र नवीन दीक्षित घर में तैयार करते हैं पौधे

**कानपुर देहात ।** एस मूर्ति का फोटो लगाकर यशस्वीए दीर्घायु और मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं देते हुए जूनियर विद्यालय सिठमरा के बच्चों ने पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात का जन्म दिन आकर्षक रंगोली बनाकर सहतूत का पौधा रोपित करके मनाया बताते चलें कल कानपुर देहात महोत्सव में पुलिस अधीक्षक ने कठपुतली कला के बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए बच्चों को अपने जन्मदिन के बारे में बताया था इस जानकारी से उत्साहित बच्चों ने फोटो युक्त शुभकामना संदेश के साथ आकर्षक रंगोली बनाकर बच्चों ने सहतूत का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक शनेद्र सिंह तोमर ने बच्चों को बताया कि अपनों से अपनों की रक्षा में तत्पर रहने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस रात दिन जागकर अपने परिवार से दूर रह कर हमारे त्यौहारों और उत्सव शान्ति और सद्भावना से मनाने में अपना हर सम्भव सहयोग देते हैं मैं बचपन में वर्दी पहने कानून के रक्षक लोगों को देखकर जय हिन्द बोलता था जो मुझे सुखद एहसास देता था

### बाद में आनंद गुप्ता बने एरिया के बैंकर

**बांदा।** पेनियरबाय पड़ोस के रिटेल स्टोर्स के साथ जुड़ कर उन्हें उन उपकरणों से सक्षम बनाता है जो स्थानीय समुदायों को डिजिटल और वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए ज़रूरी हैं। पेनियरबाय लोगों की आमदनी और ज़िन्दगी बेहतर करने में कई रिटेलर्स के साथ जुड़ा हुआ है। वो पेनियरबाय का विस्तृत डिस्ट्रीब्यूशन एज़.असर्विस के नेटवर्क ही है जिसकी मदद से रिटेलर्स दूर-दराज़ के गांवों तक कई सेवाएं ,बैंकिंग से ले कर इन्शुरन्स, डिजिटल मनोरंजन से ले कर शिक्षा, यात्रा से लेकर सरल ऋण, इत्यादि. आसानी से पहुंचा रहे हैं। इसके अलावा, बिल भुगतान, मोबाइल रिचार्ज, पैन सेवा और डिजिटल पेमेंट जैसी कई और सेवाएं भी नज़दीकी रिटेलर्स की मदद से ग्राहकों तक आसानी से पहुंच रही हैं। पीलीकोठी बाँदा के आनंद पहले अपनी दुकान से ग्राहकों को ऑनलाइन सर्विसेज दिलाया करते थे। लेकिन इसे उनके कुछ ही ग्राहक इस्तेमाल करते थे और उनकी कोई ख़ास कमाई नहीं हो पाती थी।

# पेड़ से टकराकर खंती में पलटी बोलेरो, चालक की मौत

संवाददाता। फतेहपुर

● हादसे में ग्यारह श्रद्धालु घायल, संकटा प्रसाद मंदिर से लौटते समय हादसा

**जनपद से** सटे जनपद रायबरेली जनपद के संकटा प्रसाद मंदिर के दर्शन कर वापस जा रही बोलेरो हुसैनगंज थाने के सरैला गांव के समीप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद खंती में जा पलटी जिसमें चालक की मौत हो गई। एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहॉ किशोरी की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ईसापुर मजरे डीघ के रहने वाले इच्छाराम पुत्र गुड्डा प्रसाद 45 गांव के ही रिश्तेदार सुनीता पत्नी शिव प्रसाद 40, सावित्री देवी पत्नी रामसजीवन 42, आशा देवी पत्नी स्व0 वंशगोपाल 55, अनीता पत्नी संतोष 45, सरोज देवी पत्नी इच्छाराम 40, बिटान देवी पत्नी शिवचरन 50, हिमांशी उर्फ पूनम पुत्री इच्छाराम 14, उर्मिला पत्नी चन्द्रभान 32, शिवकली पत्नी रमेशचन्द्र 45 एवं कुसमा देवी पत्नी मनेश के साथ बोलेरो में सवार होकर रायबरेली जनपद स्थित संकटा प्रसाद मंदिर के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। बताते है कि वाहन जैसे ही हुसैनगंज थाना क्षेत्र सरैला गांव के समीप पहुंचा। तभी अनियंत्रित होकर बोलेरो पेड़ टकराने के बाद खंती में जा पलटी जिससे वाहन में बैठे सभी श्रद्धालु घायल हो गये जबकि चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आस पास के लोग मौके में पहुंचे और वाहन में फंसे लोगों से निकाला वहीं घटना की सूचना पाकर मौके में पुलिस पहुंची।

## मदर सुहाग इंटर कॉलेज में वरिष्ठ छात्रों का हुआ विदाई समारोह



**फतेहपुर।** शहर के अमरजई स्थित मदर सुहाग इंटर कॉलेज में विदाई समारोह मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों ने अपने सीनियर बारहवीं कक्षा के छात्रों को विदाई दी। सीनियर छात्रों के योगदान को शिद्दत से याद किया। जूनियरों ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले अपने सीनियरों को तिलक लगाकर विदाई दी। साथ ही सभी अध्यापकों ने छात्र छात्राओं को अपने आशीर्वचन से उनमें उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक मोहित सिंह चंदेल ने सभी छात्र-छात्राओं को 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए कठिन परिश्रम और लगन से परीक्षा उत्तीर्ण होने का मन्त्र दिया।

## ट्रान्सफार्मर की चपेट में आकर युवक झुलसा

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ीवा में सोमवार की सुबह ट्रान्सफार्मर की चपेट में आ जाने से 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलस गया जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया जहॉ उसकी हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गढ़ीवा गांव निवासी हीरालाल का पुत्र मनोज आज सुबह जंगल की ओर जा रहा था तभी अचानक वह गांव के बाहर लगे ट्रान्सफार्मर की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। कुरारा हमीरपुर। अज्ञात कारणों के चलते बिलौटा ग्राम निवासी एक युवक ने गांव के पास ही बने चेकडेम के पास नीम के पेड़ में फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

# शत-प्रतिशत बनायें बच्चों के आधार कार्ड : डीएम

● आधार कार्ड में पता व मोबाइल नंबर रखे अपडेट

**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में आधार संबंधी गतिविधियों के अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आधार से संबंधित विभिन्न जानकारियां विस्तार से बताकर आधार कार्ड में पता व मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखने का आहवान किया गया। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने कहा कि जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों का आधार बनाने का निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि पेंशनरों के लिए फेस आधारित अपने मोबाइल से जीवन प्रमाण पत्र एप्लिकेशन के बारे में विस्तृत जानकारी नागरिको को मुहैया कराने के लिए स्टेप बाई स्टेप समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने के निर्देश अपर जिलाधिकारी न्यायिक को दिए। किसी भी कंप्यूटर, मोबाइल, लैपटॉप आदि पेंशन विभाग की क्लाइंट एप्लिकेशन के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। वेबसाइट से एप्लिकेशन एवं डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप फैमिली आईडी बनायी जानी है जिसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**उरई ( जालौन )।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी में संदिग्ध हालत के चलते महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी में राकेश अहिरवार की 35 वर्षिय पत्नी रामवती की हालत बिगड़ गई और वह अचेत हो गई। अचेत अवस्था में पड़ी पुत्रवधू को देखकर परिजन घबरा गए और उनमें चीख-पुकार मच गई। घर में मचा शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उसे उठाकर मेडिकल कॉलेज ले गए जहां पर उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली।

# गजब परिषदीय विद्यालय गेट पर ही लगा ली सब्जी की दुकान

**जालौन ( उरई )।** नगर में लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। अभी तक यह अतिक्रमण सड़कों तक ही सीमित था अब हालत यह हो गई है कि स्कूलों के मुख्य दरवाजे पर ही दुकानें सज गई हैं। जिससे स्कूल को जाने वाला रास्ता लगभग बंद हो गया है। नगर के व्यस्ततम बाजार छोटी माता मंदिर के सामने एक ही परिसर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगर क्षेत्र एवं प्राथमिक विद्यालय उर्दू माध्यम संचालित हो रहे हैं। इन दोनों स्कूल के बच्चों के आने जाने के मुख्य मार्ग पर गेट लगा हुआ है। विद्यालय के प्रधानाध्यापकों व स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्यान न दिए जाने के कारण मुख्य दरवाजे पर सब्जी की दुकानें लगने लगी है। अतिक्रमण के कारण मुख्य दरवाजा लगभग बंद हो गया है। दरवाजा बंद हो जाने के स्कूली बच्चों को निकलने के स्थान बदलना पड़ गया है। बच्चे मुख्य दरवाजे की जगह साइड में छोटे दरवाजे से निकलने को मजबूर हैं। मजे की बात यह है कि शिक्षा विभाग अधिकारी व स्थानीय प्रशासन को स्कूल के मुख्य दरवाजे पर अवैध कब्जा नहीं दिख रहा है। प्रशासन के ढुलमुल रवैया के कारण दुकानदार दुकान बंद करने के बाद भी दरवाजे पर अपना सामान रखकर चले जाते हैं। स्कूल के दरवाजे पर अवैध कब्जा से बच्चे परेशान हैं। इसके बाद भी न तो शिक्षा विभाग न ही स्थानीय प्रशासन को बच्चों की परेशानी दिख रही है। छोटे छोटे बच्चों को छोटे दरवाजे से निकलने में दिक्कत आ रही है।

## धोखाधड़ी और गबन के मामले में पूर्व मंत्री समेत तीन लोगों को मिली अंतरिम जमानत

● भाजपा नेता के विरुद्ध जारी था एनबीडब्लू

● पूर्व में हो चुकी है कुर्की की कार्रवाई

संवाददाता। फतेहपुर

**पूर्व मंत्री एवं** भाजपा नेता अयोध्या पाल के विरुद्ध 2017 में धोखाधड़ी एव एव रुपये हड़पने को लेकर दर्ज हुए मामले में जनपद की एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व मंत्री को अंतरिम जमानत देते हुए बड़ी राहत प्रदान की। वर्ष 2017 में शहर के कलेक्ट्रेट रोड स्थित पूर्वमंत्री के स्वामित्त्व वाले मंगलम मैरिज हाल के संचालन को लेकर दूसरे पक्ष से करार हुआ था। मैरज हाल संचालन के एवज में बाकायदा 50 लाख रुपये भी पूर्व मंत्री अयोध्या पाल को एडवांस में दिए जाने की बात कही जा रही है। बाद में पूर्व मंत्री द्वारा डील से मुकर जाने व पैसा न वापस किये जाने को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने आ गये। इस पर दूसरे पक्ष की ओर से महमूद अहमद पुत्र स्व सईद अहमद द्वारा पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल, राजकुमार पाल, अजय पाल, ओमदत्त पाल के विरुद्ध 419, 420, 406, 506 आईपीसी में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पूर्व मंत्री के विरुद्ध 82 सीआरपीसी कुर्की की कार्रवाई भी हो चुकी थी एवं गैर जमानती वारंट भी जारी था। खुद पर गिरफ्तारी की लटकती तलवार देखकर पूर्व मंत्री द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अपील की गयी।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ताओ का धरना कल, सहभागिता की अपील

**फतेहपुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के प्रदेश अध्यक्ष सूरज दिन विश्वकर्मा ने आज हुई एक बैठक में बताया कि फतेहपुर जनपद में विभिन्न कंपनियों के द्वारा लगभग दस लाख लोग पीड़ित है जबकि भारत सरकार द्वारा बोनस एक्ट 2019 व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यूपीआईडी एक्ट 2016 बनाया गया है, जो जमाकर्ताओं का ब्याज सहित भुगतान की गारंटी देता है। उन्होंने बताया कि सभी जमाकर्ता 15 फरवरी को प्रात: 11 बजें नहर कॉलोनी परिसर पहुंचकर सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेंगे। इस दौरान सभी जमाकर्ता भुगतान सम्बन्धी समस्याओं को रखेंगे। कार्यक्रम में पूरे जिले से बड़ी संख्या में ठगी पीड़ित पहुंचेगे।

# अवैध काटी गयी शीशम की लकड़ी को वन विभाग ने फिर बरामद किया

● पूर्व एसडीएम की कार्यप्रणाली लगा प्रश्नचिंह

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)



**क्षेत्र में** एक सप्ताह शीशम की लकड़ी काटने को लेकर हुये बन विभाग व एसडीएम के मध्य उपजे विवाद के बाद भी आज भी भारी मात्रा में लकड़ी के डंप बन विभाग ने बरामद किये है,इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिंह लग गया है। जानकारी के मुताबिक पूर्व एसडीएम द्वारा अवैध रुप से काटी गयी शीशम की लकड़ी को बन विभाग से जबरन छुड़ाने का प्रयास किया था हालाकि डीएम ने उनको हटाकर मौदहा का चार्ज आरके मिश्रा को दे दिया है मगर सोमवार को दोपहर बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच अराध्या पैलेस के पास स्थित खेतों से दो ट्राली लकड़ी बरामद की है। मौदहा अरतरा मार्ग पर अवैध रूप से कटाए गए दो दर्जन से अधिक शीशम के वृक्षों की सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने भारी मात्रा में लकड़ी बरामद की थी जिसके बाद लकड़ी छुड़ाने पहुंचे उपजिलाधिकारी तथा वन क्षेत्राधिकारी के बीच वन विभाग कार्यालय में बड़ी जद्दोजहद हुई थी। वहीं सोमवार को दोपहर बाद उसी जगह और भी लकड़ी होने की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने और भी दो ट्राली शीशम की लकड़ी बरामद की है।

# आसमानी जासूस को लेकर फिर ठनी

## चीन ने कहा, हमारे हवाई क्षेत्र में तो दस से अधिक अमेरिकी गुब्बारे उड़े, अमेरिका बोला-सब झूठ

एजेंसी। बीजिंग

**चीन** ने सोमवार को कहा कि पिछले एक साल के दौरान 10 से अधिक अमेरिकी गुब्बारे उसकी अनुमति के बिना उसके हवाई क्षेत्र में उड़े। उसकी यह प्रतिक्रिया अमेरिका के इन आरोपों के बाद आई है कि चीन दुनियाभर में निगरानी गुब्बारों का संचालन करता है। अमेरिका ने हालांकि चीन के इस आरोप से इनकार किया कि उसने चीन के ऊपर कोई निगरानी गुब्बारा उड़ाया था। चीन का आरोप अमेरिका द्वारा एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद आया है, जो अलास्का से दक्षिण कैरोलाइना तक को पार कर गया था। इससे द्विपक्षीय संबंधों में एक नया संकट पैदा हो गया है, जो दशकों में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुके हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कथित अमेरिकी गुब्बारों के बारे में इस तरह का कोई विवरण नहीं दिया कि उनसे कैसे निपटा गया या ए सरकार से या सेना से संबंधित थे या नहीं। वांग ने एक दैनिक ब्रीफिंग में कहा, अमेरिकी गुब्बारों का अन्य देशों के हवाई क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करना भी आम बात है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को टकराव को भड़काने के बजाय पहले खुद पर विचार करना चाहिए और अपना रवैया बदलना चाहिए।चीन का कहना है कि अमेरिका द्वारा मार गिराया गया गुब्बारा मौसम संबंधी अनुसंधान के लिए बनाया गया एक मानवरहित हवाई यान था जिसे रास्ते से ही उड़ा दिया गया। इसने अमेरिका पर इसे गिराकर अतिवादी प्रतिक्रिया करने का आरोप लगाया और प्रतिक्रिया में कार्वाई करने की धमकी दी है। उधर, वाशिंगटन में, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता आंद्रियाने वाट्सन ने सोमवार को कहा कि चीन के ऊपर अमेरिका द्वारा निगरानी गुब्बारे संचालित किए जाने का आरोप झूठा है। वाटसन ने कहा, यह चीन ही है जिसके पास खुफिया सूचना संग्रह के लिए एक उच्च निगरानी गुब्बारा कार्यक्रम है, जो पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से जुड़ा है, जिसका उपयोग उसने संयुक्त राज्य अमेरिका और पांच महाद्वीपों के 40 से अधिक देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करने के लिए किया है। इस घटना के बाद, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बीजिंग की यात्रा रद्द कर दी थी, जिससे कई लोगों को उम्मीद थी कि ताइवान, व्यापार, मानवाधिकारों और विवादित दक्षिण चीन सागर में चीनी कार्वाइयों को लेकर संबंधों में गिरावट पर विराम लग जाएगा।इसके अलावा सोमवार को, फिलीपीन ने एक चीनी तटरक्षक जहाज पर फिलीपीन तटरक्षक पोत को लेजर से निशाना बनाने और दक्षिण चीन सागर में इसके चालक दल के कुछ सदस्यों को अस्थाई रूप से अंधा करने का आरोप लगाया और इसे मनीला के संप्रभु अधिकारों का घोर उल्लंघन बताया। वांग ने कहा कि फिलीपीन के एक तटरक्षक पोत ने छह फरवरी को बिना अनुमति के चीनी जलक्षेत्र में प्रवेश किया था और चीनी तटरक्षक जहाजों ने पेशेवर और संयम के साथ जवाब दिया।चीन वस्तुतः सभी सामरिक जलमार्गों पर अपना दावा करता है और लगातार अपनी समुद्री सेना और द्वीप चौकियों का निर्माण कर रहा है। वांग ने कहा, चीन और फिलीपीन इस संबंध में राजनयिक चैनलों के माध्यम से संचार बनाए रख रहे हैं। चीन के रक्षा मंत्रालय ने इस घटना के बारे में सवाल का तुरंत जवाब नहीं दिया।इस बीच, एक अमेरिकी लड़ाकू विमान ने राष्ट्रपति जो बाइडन के आदेश पर रविवार को ह्यूरोन झील के ऊपर एक अज्ञात वस्तु को मार गिराया।



## अमेरिका ने अपने हवाई क्षेत्र में एक और संदिग्ध वस्तु को मार गिराया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने हवाई क्षेत्र में रविवार को एक और अज्ञात वस्तु को मार गिराया। इससे एक दिन पहले उसने कनाडा के ऊपर नजर आए इसी तरह की एक बेलनाकार वस्तु को मार गिराया था। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने रविवार को कहा कि राष्ट्रपति जो. बाइडन के निर्देश पर एक एफ-16 लड़ाकू विमान ने मिशिगन राज्य में हूरोन झील के ऊपर अमेरिकी हवाई क्षेत्र में लगभग 20,000 फुट की ऊंचाई पर उड़ रही वस्तु को एआईएम9एक्स मिसाइल के जरिए मार गिराया। सीएनन की खबर के अनुसार, वस्तु अष्टकोणीय आकार की थी। हालांकि, अमेरिका ने इस बारे में संकेत नहीं दिया है कि यह वस्तु जासूसी क्षमताओं से लैस थी, लेकिन इस बात से अभी इनकार नहीं किया गया है। पिछले शनिवार को दक्षिण कैरोलिना तट से दूर अटलांटिक महासागर के ऊपर एक चीनी जासूसी गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद, यह एक सप्ताह में अज्ञात हवाई वस्तु की इस तरह मार गिराए जाने की तीसरी घटना है। पिछले दो मामलों में, अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को अलास्का में और शनिवार को कनाडा के हवाई क्षेत्र में ऐसी ही अज्ञात वस्तुओं को मार गिराया था। राष्ट्रपति बाइडन ने रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की सिफारिश पर रविवार को हवा में उड़ रही वस्तु को मार गिराने का आदेश दिया। यह जिस मार्ग और ऊंचाई पर उड़ रही थी उसे लेकर चिंता जताई जा रही थी और यह आशंका भी थी कि यह नागर विमानन के लिए खतरा हो सकती है। पेंटागन के अधिकारी ने कहा कि इस वस्तु को मार गिराने के लिए ऐसी जगह को चुना गया, जिससे जमीन पर लोगों को कोई नुकसान न हो तथा इसके मलबे को एकत्र करने में भी मुश्किल न हो। उन्होंने कहा, किसी व्यक्ति के हताहत होने या नुकसान पहुंचने का कोई संकेत नहीं है।

## अमेरिका में अज्ञात वस्तुओं को मार गिराए जाने के बाद ब्रिटेन सुरक्षा समीक्षा करेगा

**लंदन।** ब्रिटेन ने उत्तरी अमेरिका के हवाई क्षेत्र में कुछ अज्ञात वस्तुओं को मार गिराए जाने के बाद एक सुरक्षा समीक्षा करने की घोषणा की है। रक्षा मंत्री बेन वालेस ने कहा कि ब्रिटेन और उसके सहयोगी देश इसकी समीक्षा करेंगे कि इन हवाई वस्तुओं की घुसपैठ सुरक्षा के लिए किस तरह की चुनौती है। उन्होंने कहा, यह घटनाक्रम इस बारे में एक और संकेत है कि वैश्विक खतरे का परिदृश्य किस तरह और खराब हो रहा है। परिवहन मंत्री रिचर्ड होल्डेन ने सोमवार को कहा कि ब्रिटेन चीन से सख्ती से निपटेगा। ब्रिटेन ने चीन को एक शत्रु देश बताया। अमेरिकी लड़ाकू विमानों द्वारा रविवार को हुरोन झील के ऊपर एक संदिग्ध वस्तु को मार गिराए जाने के बाद वालेस ने यह घोषणा की। इस महीने अमेरिका या कनाडा के हवाई क्षेत्र में मार गिराए जाने वाली इस तरह की यह चौथी अज्ञात वस्तु है।

## पाकिस्तान में ईशनिंदा के संदेह में हत्या करने के आरोप में 75 लोग गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान की पुलिस ने पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में एक व्यक्ति के अपहरण और उसकी हत्या किए जाने के मामले में 75 से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में कट्टरपंथी संगठन तहरीक लबैक पाकिस्तान(टीएलपी) के सदस्य भी शामिल हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भीड़ के हमले में मारा गया वारिस अली इस्सा पहले से ही पुलिस की हिरासत में था। इस मामले में 800 अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। ननकाना साहिब जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) असीम इफ्तिखार ने सोमवार को कहा, "विभिन्न मोबाइल वीडियो और सीसीटीवी क्लिप के माध्यम से संदिग्धों की पहचान की प्रक्रिया में अब तक हमने 75 से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया है" उन्होंने कहा कि वारिस की नृशंस हत्या में एक धार्मिक संगठन के कार्यकर्ता भी शामिल थे। भीड़ ने उसके कपड़े फाड़ दिए और घसीटते हुए सड़क पर ले आए तथा पीट पीट कर उसकी हत्या कर दी। वहीं, एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि टीएलपी कार्यकर्ता लोगों को भड़काने और भीड़ का नेतृत्व करने में शामिल थे। अधिकारी ने कहा, "गिरफ्तार किए गए लोगों में टीएलपी के कम से कम 10 सदस्य शामिल हैं। शेष टीएलपी कार्यकर्ताओं और इस जघन्य अपराध में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**सार्वजनिक सूचना**

संपत्ति के कागज, मांग पत्र, कब्जे की पर्ची, डीडीए की फाइल नं. F23(359)84/TP/NP/MIG सहायक निदेशक (एच) डीडीए द्वारा जारी कब्जा पत्र आबंटन पत्र, अधिकार पत्र, बिजली तथा पानी कनेक्शन हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र एनओसी मकान नं. 102बी पॉकेट IV मयूर विहार फेज 1, दिल्ली-110091, रुचिका भारद्वाज पुत्री बालकृष्ण शर्मा के नाम से गुम हो गये हैं, जिसकी रिपोर्ट LR no. 145494/ 2023, क्राइम ब्रांच दिल्ली में दर्ज करवाई गई है। उक्त दस्तावेज के कब्जे वाले जिस किसी भी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति के कागजात है, उनको इसके दुरुपयोग करने से बचनें की सलाह दी जाती है।

**Public Notice**

Notice is hereby given to the General public that Sh. Shyam Lal Arora is absolute owner of Second Floor upto ceiling level "said floor", built on Property bearing No. 3, area measuring 56-1/2, out of Rect. No. 38, Killa No. 8/2, situated at abadi of Sarojini Park, Gali No. 06, Shastri Nagar, in the area of Village Khureji Khas, Illaqa Shahdara, Delhi by way of Relinquishment Deed dated 03.02.2023 executed by Sh. Raghav Arora & Smt. Priti Nagpal. Now, Sh. Shyam Lal Arora intending to sell the above said property to Javed Alam and further, Javed Alam is mortgaging the said property with Aditya Birla Housing Finance Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Northex Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**MOULIN COMMERCIAL LIMITED**

CIN: L74899DL1982PLC067811

Regd. Off.: 1, Anand Gram, Aya Nagar, Mehrauli, Gurgaon Road, New Delhi-110047

E-Mail: info@vinylgroup.com Telephone No.: 91-124-4301035 Website: www.moulin.co.in

Statement of Unaudited Standalone Financial Results for the Third Quarter & Nine Months ended 31st December, 2022

(Rs. in Lacs except per share data)

| Particular | Quarter ended | | Nine Months ended |
|---|---|---|---|
| | 31.12.2022 (Unaudited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2022 (Unaudited |
| Total Income from Operations | 20.98 | 26.89 | 67.89 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.29 | (3.14) | 21.06 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.29 | (3.14) | 21.06 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 4.72 | (2.34) | 16.85 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 4.74 | (2.10) | 17.18 |
| Paid up Equity Share Capital (of Rs. 10/- each) | 57.30 | 57.30 | 57.30 |
| Reserves excluding Revaluation Reserves (As per previous acc. Year) | - | - | - |
| Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations)- 1. Basic : 2. Diluted: | 0.83<br>0.83 | (0.37)<br>(0.37) | 3.00<br>3.00 |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of the Unaudited Financial Results for the Third Quarter and Nine Months ended 31st December, 2022 filed with the CSE under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results for the Third Quarter and Nine Months ended 31st December, 2022 is available on the CSE website (https://www.cse-india.com/) and Company's website (www.moulin.co.in).
2. The above un-audited financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in its meeting held on 13th February, 2023

For MOULIN COMMERCIAL LIMITED
Sd/-
ASHISH GUPTA
(MANAGING DIRECTOR)
DIN: 00115090

Place: New Delhi
Date: 13.02.2023

# आर्थिक व विकास संबंधों को बढ़ाएंगे भारत-नेपाल



### नेपाली राष्ट्रपति और विदेश मंत्री से क्वात्रा ने की मुलाकात

**काठमांडू।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने सोमवार को नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी से मुलाकात की और उनकी भारतीय समकक्ष द्रौपदी मुर्मू की ओर से शुभकामनाएं दी। दोनों देशों के बीच बहुपक्षीय सहयोग के सभी विषयो पर देश के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे विदेश सचिव ने यहां शीतल निवास मे भंडारी को शुभकामनाएं दी। इससे पहले दिन मे, क्वात्रा ने अपने नेपाली समकक्ष भरत राज पौडयाल से मुलाकात की और व्यापक द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर उनसे सार्थक बातचीत की।

भाषा। काठमांडू

**भारत** और नेपाल सोमवार को आर्थिक एवं विकास सहयोग को और मजबूत करने पर सहमत हुए। इससे पहले विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने अपने नेपाली समकक्ष भरत राज पौडयाल से मुलाकात की और व्यापक द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सार्थक चर्चा हुई। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा सोमवार को देश के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ दोनों देशों के बीच व्यापक बहुमुखी सहयोग पर बातचीत करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को यहां पहुंचे। नेपाल में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, विदेश सचिव श्री विनय मोहन क्वात्रा ने नेपाल के अपने समकक्ष श्री भरत राज पौडयाल से मुलाकात की और भारत नेपाल के बीच व्यापक साझेदारी की समीक्षा की। दूतावास ने कहा, दोनों पक्ष, दोनों देशों तथा पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए अपने आर्थिक एवं विकास सहयोग को और मजबूत करने पर सहमत हुए। बाद में क्वात्रा ने नेपाल की विदेश मंत्री बिमला राय पौडयाल से मुलाकात की और भारत तथा नेपाल के बीच व्यापक संबंधों को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हुई। दूतावास ने ट्वीट किया, विदेश सचिव श्री विनय मोहन क्वात्रा ने नेपाल की विदेश मंत्री बिमला राय पौडयाल से आज मुलाकात की और भारत तथा नेपाल के बीच व्यापक संबंधों को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हुई। अपने दौरे के दौरान विदेश सचिव नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के साथ शिष्टाचार भेंट करेंगे। ऐसी संभावना है कि क्वात्रा इस दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड की संभावित भारत यात्रा के मुद्दे पर भी चर्चा करेंगे। प्रचंड ने कहा था कि वह अपनी विदेश यात्रा की शुरूआत भारत के दौरे से करेंगे।

नेपाल के विदेश मंत्रालय की ओर से रविवार को यहां जारी बयान में कहा गया है, भारत और नेपाल के विदेश सचिव द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा करेंगे। इसमें संपर्क, विद्युत व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य एवं संस्कृति सहित अन्य विषय शामिल हैं। इसमें कहा गया था कि विदेश सचिव की यह यात्रा दो मित्र पड़ोसियों के बीच होने वाली यात्राओं के नियमित आदान-प्रदान के तहत हो रही है। इससे पहले क्वात्रा के यहां पहुंचने पर त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके नेपाली समकक्ष पौडयाल ने उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक शुरू होने से पहले उन्होंने पौडयाल के साथ आमने सामने की मुलाकात की। विदेश सचिव स्तर की द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों की ओर से सात-सात सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## यूक्रेन : बखमुत के पास भीषण लड़ाई

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने सोमवार को कहा कि पूर्वी शहर बखमुत के पास भीषण लड़ाई हुई और रूसी सेना ने भारी गोलाबारी की है। पिछले 24 घंटों में युद्धग्रस्त देश में गोलाबारी के कारण कम से कम पांच नागरिक मारे गए, वही कम से कम पांच अन्य नागरिक घायल हुए है। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि बखमुत के उत्तरी उपनगर परस्कोविवका मे स्थिति अत्यंत गंभीर है और रूसी सेना भारी गोलाबारी के साथ क्षेत्र को निशाना बना रही है। रूसी सेना ने पिछले 24 घंटों में दोनेत्स्क क्षेत्र मे दर्जन भर शहरो और गांवो को निशाना बनाते हुए गोलाबारी की है। एक मिसाइल से अस्पताल को निशाना बनाया गया, वही गोलाबारी से सात घरो के साथ ही बच्चो का एक केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया। दोनेत्स्क के गवर्नर पावलो किरिलेंको ने कहा, "गोलाबारी तेज हो गई है।" और रूसियो ने अन्य शहरो पर हमले के लिए अधिक सैनिक एकत्र कर लिए है। भीषण लड़ाई हो रही है जिसमे रूसी न तो खुद को और न ही हमें बख्श रहे है। पड़ोसी लुहांस्क क्षेत्र मे, क्रेमिना शहर के पास कई दिनो की लड़ाई के बाद रूसी सैनिक पीछे हट गए। इस बीच, ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डोनबास क्षेत्र पर अपना ध्यान केंद्रित करने के बावजूद रूसी सेना दक्षिणी यूक्रेन मे रक्षात्मक किलेबंदी कर रही है। मॉस्को स्थित अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकी नागरिको को रूस की यात्रा नही करने संबंधी एक और परामर्श जारी किया।

**Public Notice** - This is to inform general public that Mrs. Krishna Devi has acquired the Property bearing area measuring 100 Sq. Yds., (total area 200 Sq. Yds.), out of Khasra No. 2932 & 2934 Min, situated in the Village Laxman Bihar Gurgaon in Under Hadud Comity Gurgaon, Haryana vide Sale Deed dated 29.03.1995, Doc no. 16751 and unfortunately, Mrs. Krishna Devi expired after her death Mr. Deepak is first class legal heir. Now, Mr. Deepak transfer his ownership rights of the property to his Wife Mrs. Jyoti both vide Transfer Deed and further Mrs. Jyoti and Mr. Deepak Kumar Sharma are mortgaging the above said properties with Fullerton India Credit Company Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

## चीन के जहाज ने फिलीपीन के पोत के चालक दल पर लेजर लाइट का किया इस्तेमाल

**मनीला।** चीन के तटरक्षक जहाज ने विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन के एक तटरक्षक जहाज को सैन्य-ग्रेड लेजर लाइट के साथ दो बार निशाना बनाया। इससे फिलीपीन के जहाज के चालक दल के सदस्यों में से कुछ सदस्यों को कुछ समय के लिए कुछ भी दिखना बंद हो गया। यह जानकारी फिलीपीन के तटरक्षक ने सोमवार को दी और चीनी जहाज के इस कृत्य को मनीला के संप्रभु अधिकारों का उल्लंघन करार दिया।फिलीपीन तटरक्षक ने एक बयान में कहा कि फिलीपीन के कब्जे वाले दूसरे थॉमस शोल के पास छह फरवरी को फिलीपीन तटरक्षक के बीआरपी मलपास्कुआ गश्ती जहाज को रोकने के लिए चीनी तटरक्षक जहाज खतरनाक तरीके से उससे लगभग 150 गज की दूरी पर आ गया था। फिलीपीस ने अकेले 2022 में विवादित जलक्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्वाइयों के खिलाफ लगभग 200 राजनयिक विरोध दर्ज कराए हैं।

फिलीपीन तटरक्षक के प्रवक्ता कमोडोर अर्मांड बालिलो ने बताया कि हालांकि चीनी तटरक्षक बल ने फिलीपीन के तटरक्षक जहाजों को विवादित जलक्षेत्र में रोकने की कोशिश पहले भी की है।

लेकिन यह पहली बार था जब उसने उसके खिलाफ लेजर लाइट का इस्तेमाल किया और फिलीपीन तटरक्षक कर्मियों को शारीरिक पीड़ा पहुंचाई। मनीला स्थित चीनी दूतावास की ओर से इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा, सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि मेरे मुवक्किल श्री विष्णु दत्त शर्मा, निर्मित संपत्ति संख्या WZ-221 के निर्माण के संबंध में श्री सुशील कुमार पुत्र श्री जगमोहन लाल, श्री शुभम अग्रवाल पुत्र श्री सुशील कुमार, श्री जगमोहन लाल पुत्र श्री बेज नाथ, श्रीमती पूनम रानी, पत्नी श्री राजेश कुमार, सभी निवासी WZ-221, श्री नगर, शकूर बस्ती, दिल्ली ११००३४ के साथ, सहयोग समझौता, करने का इरादा रखते हैं, जिसकी माप १५२.५ वर्ग, प्लॉट नंबर २१, ब्लॉक-एफ, जो खसरा नंबर ४०/२०, गांव शकूरपुर, दिल्ली के क्षेत्र में स्थित है तथा अब श्री नगर, शकूर बस्ती, दिल्ली -११००३४ के रूप में जाना जाता है, जो अंतिम मंजिल तक उक्त भूमि के फ्री होल्ड अधिकारों के साथ पूर्ण मालिक होने का दावा करते हैं। इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से ७ दिनों के भीतर, बिक्री, विरासत, कब्जे, उत्तराधिकार, बंधक, ग्रहणाधिकार, पट्टा उपहार या अन्यथा किसी भी तरह से उक्त संपत्ति में कोई भी अधिकार, शीर्षक, दावा या हित रखने वाला कोई भी व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी को, सहायक दस्तावेज के साथ, लिखित रूप में आपत्ति की सूचना देगा। अन्यथा, फिर किसी भी व्यक्ति के, ऐसे किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और यह समझा जाएगा कि उसने अपना दावा छोड़ दिया है (waive off / abandoned कर दिया), और मेरा मुवक्किल व् उक्त व्यक्ति बातचीत को समाप्त करने के लिए आगे बढ़ेंगे और उसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। कमल कात्यान (एडवोकेट) 407, साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली ११००१७ # 99999 56333.

**यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 66, सेक्टर-34, ईएचटीपी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001

सीआईएन : L17100HR1983PLC033460, वेबसाइट : www.ulilltd.com,

ई-मेल आईडी : investorrelations@ulilltd.com, फोन : 011-2628237

31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू. लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण (नीचे नोट्स देखें) | तिमाही समाप्त | | | नौ माह समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-12-2022 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-2022 (अलेखापरीक्षित) | 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित) | 31-12-2022 (अलेखापरीक्षित) | 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 445.19 | 289.91 | 176.16 | 935.51 | 302.11 | 525.32 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर, अपवादात्मक एवं असाधारण मदों से पहले | 17.13 | 30.49 | 45.56 | 63.34 | 42.75 | 67.05 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर, अपवादात्मक एवं असाधारण मदों के पश्चात | 12.85 | 18.94 | 45.56 | 47.51 | 42.75 | 56.59 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | 12.85 | 18.94 | 45.56 | 47.51 | 42.75 | 56.59 |
| 5 | कुल समावेशी आय | — | — | — | — | — | — |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (वार्षिककृत नहीं) क) मूल ख) तनुकृत | 0.43<br>0.43 | 0.63<br>0.63 | 1.52<br>1.52 | 1.58<br>1.58 | 1.43<br>1.43 | 1.89<br>1.89 |

नोट्स :-
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.ulilltd.com पर उपलब्ध है।

वास्ते यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
अनिल कुमार खन्ना
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00207839

स्थान : गुरूग्राम, हरियाणा
तिथि : 13 फरवरी, 2023

**RATHI STEEL AND POWER LIMITED**

Regd. Office: 24/1, Block - A, Mohan Cooperative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi - 110044

CIN-L27109DL1971PLC005905

web: www.rathisteelandpower.com, e-mail:investors@rathisteelandpower.com, Tel: 011- 40512426 Fax: 011-40512425

Extract of Unaudited Statement of Financial Results for the quarter and Nine Months ended 31st December 2022 (in Lacs)

| SL. No. | PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | NINE YEAR ENDED | | PR. YEAR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2022 (Unaudited) | 30.09.2022 (Unaudited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2022 (Unaudited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.03.2022 (Audited) |
| 1 | Total income from operations (net) | 17,302.02 | 19,573.35 | 17,794.95 | 56,068.27 | 44,655.92 | 54,577.56 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary item. | 300.65 | 185.05 | 88.68 | 713.42 | (55.04) | 462.49 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period befrore tax (before Extraordinary items) | 300.65 | 185.05 | 88.68 | 713.42 | (55.04) | 462.49 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 300.65 | 185.05 | 88.68 | 713.42 | (55.04) | (3,648.86) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 334.91 | 229.25 | 90.39 | 747.68 | (27.79) | (3,607.54) |
| 6 | Equity Share Capital | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | -- | -- | -- | -- | -- | -- |
| 8 | Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs.10/- each) a) Basic : b) Diluted: | 0.96<br>0.96 | 0.59<br>0.59 | 0.28<br>0.28 | 2.28<br>2.28 | (0.18)<br>(0.18) | (11.65)<br>(11.65) |

The above is an extract of the detailed format of Statement of Unaudited Financial Results for the quarter and Nine Months ended on 31st December 2022 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Statement of standalone Audited Financial Results are available on the websites of the BSE Limited (www.bseindia.com).

The above financial results were reviewed by the audit committee and approved by Board of Directors of the Company at their meeting held on 13-02-2023

Date: 13-02-2023, Place: New Delhi

# सदियों में कैसे बदल गए वेलेंटाइन डे उपहार



**मेलबर्न।** (द कन्वरसेशन) वैलेंटाइन डे के मौके पर कुछ जोड़े आपसी सनक में एक-दूसरे से लापरवाह हो जाते हैं, जिन्हें आधुनिक दुनिया में प्यार का पूंजीकरण निश्चित रूप से घिसा पिटा लग सकता है।लेकिन वेलेंटाइन डे के मौके पर उपहार देने का चलन बहुत पुराना है। सैकड़ों वर्षों से लोग इस दिन को मनाते आ रहे हैं और प्यार के इजहार के रूप में उपहार देते आ रहे हैं। इस संदर्भ में हम सबसे पहले 14वीं शताब्दी के कवि, सिविल सर्वेंट और जिज्ञासु यूरोपीय यात्री जेफ्री चौसर की बात करते हैं। 1380 के दशक की चॉसर की कविता, द पार्लियामेंट ऑफ फाउल्स, को 14 फरवरी को प्यार के दिन के रूप में पहला संदर्भ माना जाता है।

यह दिन पहले रोमन शहीद संत वैलेंटाइन का पर्व था, लेकिन चौसर ने इसे लोगों के लिए अपने प्रेमियों को चुनने के दिन के रूप में वर्णित किया। वह जानता था कि यह कहना आसान था करना नहीं। कविता का वर्णनकर्ता प्रेम में असफल है, वह इस बात से निराश है कि जीवन इतना छोटा है और उसकी तुलना में अच्छी तरह से प्यार करना सीखने में कितना समय लग जाता है। वह सो जाता है और एक बगीचे का सपना देखता है जिसमें दुनिया के सभी अलग-अलग पक्षी इकट्ठे होते हैं। कुदरत इकट्ठे हुए झुण्ड को समझाती है कि वे हर साल की तरह वैलेंटाइन डे पर उसके नियमों के अनुसार अपना साथी चुनने आए हैं।

लेकिन यह प्रक्रिया भ्रम और बहस का कारण बनती है: पक्षी इस बात से सहमत नहीं हो पाते कि उसके नियमों का पालन करने का क्या मतलब है क्योंकि वे सभी अपने भागीदारों में अलग-अलग चीजों को महत्व देते हैं।

**कानूनी और भावनात्मक महत्व:** आज की तरह, चौसर के समय में भी उपहार देना एक बड़ा अनुष्ठान हुआ करता था और यह इरादे और प्रतिबद्धता का प्रतीक था। पुरानी और मध्य अंग्रेजी में वेड शब्द का मतलब किसी वादे की गारंटी देने के लिए किया जाता था। 13वीं शताब्दी में इसका मतलब "शादी" या एक विवाह समारोह हुआ।इसी अवधि में विवाह को एक ईसाईकृत और अटूट प्रतिबद्धता (चर्च का एक संस्कार) में परिवर्तित होते देखा गया। गीतों, कहानियों और अन्य प्रकार की कलाओं में प्रेम की नई परम्पराओं का विकास हुआ।इन सम्मेलनों ने भावनाओं के व्यापक सांस्कृतिक विचारों को प्रभावित किया: प्रेम पत्र लिखे गए, सेवा के भव्य कार्य मनाए गए, और प्रेम के प्रतीक दिए गए।

# राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही रही बाधित

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस सदस्य रजनी पाटिल** का निलंबन वापस लेने, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कुछ विपक्षी सदस्यों के भाषणों के अंशों को सदन की कार्यवाही से हटाने और अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार को एक बार के स्थगन के बाद 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होगा। सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और उसके बाद नियम 267 के तहत प्राप्त दो नोटिस अस्वीकार कर दिए। नियम 267 के तहत उन्हें आप के संजय सिंह और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संदोष कुमार के पी के नोटिस मिले हैं लेकिन दोनों ही नोटिस नियमों के अनुरूप नहीं है इसलिए उन्हें अस्वीकार किया जाता है।

सभापति ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि संजय सिंह ने सदन में अभी तक सात नोटिस दिए हैं और सभी सातों के विषय वस्तु एक जैसी हैं, बस उनकी तारीख बदल दी जाती है। उन्होंने कहा कि नोटिस के बारे में बार-बार सदस्यों को आगाह किए जाने के बावजूद वे गलतियों को दोहरा रहे हैं। इसके बाद विपक्षी सदस्य अपने स्थानों से नारेबाजी करने लगे। संजय सिंह ने आसन से आग्रह किया कि वे विपक्ष के नेता को बोलने का मौका दें लेकिन सभापति ने शून्यकाल शुरु करवाने का निर्देश दिया। हंगामे के बीच ही भारतीय जनता पार्टी के जी वी एल नरसिम्हा राव, दर्शना सिंह और राधामोहन दास अग्रवाल ने लोक महत्व से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए। इसके बाद विपक्षी सदस्यों की मांग पर सभापति ने खरगे को बोलने का मौका दिया। खरगे ने अपने भाषणों के अंशों को हटाने का मुद्दा उठाया और कहा कि उनमें ऐसा कुछ भी असंसदीय नहीं था जिसे हटाया जाए।



खरगे ने रजनी पाटिल के निलंबन का भी मुद्दा उठाया और इसे वापस लेने की मांग की। सभापति ने कहा कि नियमों के तहत पाटिल पर कार्वाई की गई है। विपक्षी सदस्य आसन के निकट आकर नारेबाजी करने लगे। सभापति ने सदस्यों से सदन के अनुकूल आचरण करने का अनुरोध किया लेकिन इसका सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ। इसी बीच, सदन के नेता पीयूष गोयल ने आसन से आग्रह किया कि चूंकि विपक्षी सदस्यों का आचरण उचित नहीं है इसलिए उन पर कार्वाई करें या फिर सदन की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दें। सभापति ने हंगामा कर रहे सदस्यों के नाम भी लिए और उन्हें चेतावनी भी दी। लेकिन विपक्ष सदस्य आसन के समक्ष आकर नारेबाजी करते रहे। सभापति ने 11 बजकर 28 मिनट पर सदन की कार्यवाही 11 बजकर 50 मिनट तक के लिए स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद 11:50 बजे बैठक शुरू होने पर भी सदन में हंगामा जारी रहा और सत्ता पक्ष ने एक बार फिर अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने और रजनी पाटिल का निलंबन वापस लेने की मांग की।

कांग्रेस सदस्य प्रमोद तिवारी ने व्यवस्था के प्रश्न के तहत रजनी पाटिल का निलंबन वापस लिए जाने की मांग की। आसन से इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। जेपीसी गठित करने की भी मांग की। सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले सप्ताह सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के दौरान विपक्ष ने जिस प्रकार का अभद्र व्यवहार किया, उसके लिए विपक्ष पहले माफी मांगे और पश्चात्ताप करे। सभापति धनखड़ ने अफसोस जताया कि इस सत्र में दो राजनीतिक दलों ने राष्ट्रपति अभिभाषण का बहिष्कार किया। सदस्यों का आचरण अपेक्षा के विपरीत है और संविधान की मूल भावना पर कुठाराघात है। सवाल किया कि क्या जनता सदस्यों से यही उम्मीद करती है। प्रश्नकाल शुरु कराया लेकिन सदन में हंगामा जारी रहा। सदन में लगातार व्यवधान पर अपनी अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अगर सदन में इसी प्रकार से व्यवधान और नियमों का उल्लंघन होता रहेगा।



बेंगलुरू में एअरो इण्डिया 2023 के उद्घाटन के अवसर पर प्रदर्शन करता हुआ भारतीय एअर फोर्स सू-30 एअरक्राफ्ट

## खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में तीन महीने के उच्चस्तर 6.52 प्रतिशत पर

भाषा। नई दिल्ली

**खुदरा मुद्रास्फीति** जनवरी महीने में तीन महीने के उच्च स्तर 6.52 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसके साथ ही महंगाई दर एक बार फिर रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर की उच्चतम सीमा से ऊपर चली गई है। नवंबर और दिसंबर 2022 को छोड़ दिया जाए तो खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 2022 से ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत की ऊपरी सीमा से ऊंची रही है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में 5.72 प्रतिशत और जनवरी 2022 में 6.01 प्रतिशत थी। इससे पहले, खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में उच्च स्तर 6.77 प्रतिशत पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, सब्जियों की कीमतें जनवरी में घटी हैं। हालांकि ईंधन और प्रकाश समेत अन्य श्रेणियों में महंगाई बढ़ी है।

खाद्य पदार्थों की महंगाई दर जनवरी में 5.94 प्रतिशत रही। यह दिसंबर में 4.19 प्रतिशत और पिछले साल इसी तहीने में 5.43 प्रतिशत थी। गांवों में महंगाई शहरों के मुकाबले ऊंची रही। जहां ग्रामीण क्षेत्रों में यह 6.85 प्रतिशत रही, वहीं शहरी केंद्रों में यह छह प्रतिशत थी।

भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति पर विचार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। पिछले सप्ताह आरबीआई ने महंगाई को काबू में रखने के लिए नीतिगत दर रेपो 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दी। रिजर्व बैंक ने खुदरा मुद्रास्फीति 2022-23 में 6.5 प्रतिशत रहले का अनुमान जताया है।

## त्रिपुरा के विकास के लिए भाजपा ने कोई कसर नहीं छोड़ीः प्रधानमंत्री

**अगरतला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि त्रिपुरा में ऐसा कोई परिवार नहीं है जिसे भाजपा की नीतियों का लाभ नहीं मिला हो। मोदी ने त्रिपुरा में चुनावी प्रचार के आखिरी दिन यहां एक रैली को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भाजपा ने वफादार सेवक के रूप में, इस जगह को विकसित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अगरतला पूर्वोत्तर में अंतरराष्ट्रीय व्यापार का प्रवेश द्वार बन गया है, राज्य की राजधानी जल्द ही एक व्यापार केंद्र बन जाएगी। भाजपा बदले की नहीं, बदलाव की राजनीति में विश्वास करती है। वाम मोर्चा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों दल लोगों के कल्याण की परवाह किए बिना सिर्फ अपनी तिजोरी भरना चाहते हैं। उन्होंने कहा, वामपंथी और कांग्रेस सत्ता के लिए अपनी भूख मिटाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। वे केरल में लड़ते हैं और त्रिपुरा में मैत्रीपूर्ण संबंध बनाते हैं।

## राज्यपाल रवि ने दलितों के खिलाफ अत्याचार को लेकर द्रमुक पर निशाना साधा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने सत्तारूढ़ द्रमुक पर निशाना साधते हुए कहा कि सामाजिक न्याय पर काफी बातें होती हैं, लेकिन राज्य में दलितों को हर दूसरे दिन किसी न किसी तरह के अत्याचार का सामना करना पड़ता है। राज्यपाल ने एक महीने के अंतराल के बाद द्रमुक को घेरने की कोशिश की है। रवि ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अनुसूचित जाति के खिलाफ अत्याचार दलित कॉलेनी की पानी की टंकी में मानव मल फेंकने से लेकर सार्वजनिक अपमान करने, हमले, मंदिरों में प्रवेश न देने और आंगनवाड़ियों में भेदभाव तक हैं।

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि दलितों के लिए घर बनाने के वास्ते केंद्र की ओर से दिए गए धन का 30 प्रतिशत खर्च नहीं हुआ और शेष धन का एक बड़ा हिस्सा अन्य कार्यों में लगा दिया गया। बाबासाहेब आंबेडकर को एक महान राष्ट्रवादी बताते हुए रवि ने कहा कि जब ब्रिटिश शासन ने एससीएसटी के लिए अलग निर्वाचक मंडल बनाने और समाज को विभाजित करने की कोशिश की, तो आंबेडकर चट्टान की तरह खड़े रहे और इसकी अनुमति नहीं दी।

जब मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान की मांग शुरू की, तब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सोचा कि वे इस मामले को संभाल सकते हैं, लेकिन आंबेडकर ने इसके खिलाफ चेतावनी दी। देश के बंटवारे से पहले लिखी गई संविधान निर्माता की किताब पाकिस्तान ऑर द पार्टीशन ऑफ इंडिया का हवाला देते हुए राज्यपाल ने कहा, अगर हमने उनकी बात सुनी होती, तो शायद बंटवारा टल सकता था या यह उतना दर्दनाक नहीं होता। लाखों लोग मारे गए और कई लाख लोग विस्थापित हुए और बेघर हो गए। विभाजन, यदि टाला नहीं जा सकता था, तो यह कम कष्टदायक हो सकता था, लेकिन, हमने उनकी बात नहीं मानी।

## अडाणी समूह में पांच सरकारी बीमा कंपनियों का 347 करोड़ का निवेशः मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि पांच सरकारी बीमा कंपनियों का अडाणी समूह से संबंधित कंपनियों में कुल 347.64 करोड़ रुपए का निवेश है, जो इनकी (बीमा कंपनियों) कुल संपत्ति का 0.14 प्रतिशत है। वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उनसे अडाणी समूह की कंपनियों में बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं द्वारा किए गए निवेश या कर्ज के संदर्भ में सवाल किया गया था। मंत्री ने बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने 30 जनवरी को कहा था कि 31 दिसंबर, 2022 तक उसकी अडाणी समूह की कंपनियों से जुड़ी कुल हिस्सेदारी एवं कर्ज 35,917.31 करोड़ रुपए थी। उन्होंने कहा कि यह राशि एलआईसी की कुल पूंजी 41.66 लाख करोड़ रुपए का सिर्फ 0.975 प्रतिशत है।

## क्विक न्यूज

### इतिहास का पुनर्लेखन नहीं कर रहे, इसे व्यापक बना रहे हैं: शिक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि इतिहास के पुनर्लेखन की सरकार की कोई योजना नही है, लेकिन इतिहास को व्यापक बनाया जा रहा है। उन्होंने लोकसभा मे प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी के पूरक प्रश्न के उत्तर मे यह टिप्पणी की। प्रधान ने कहा, प्रश्न के लिखित उत्तर मे कहा गया है कि इतिहास का पुनर्लेखन करने का कोई उद्देश्य नही है। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि कई सारे ऐसे लोग थे जो इतिहास में छूट गए थे, उन्हे इसमें शामिल किया जाना चाहिए। उनका कहना था, देश 1100-



1200 साल तक अलग-अलग कालखंड मे पराधीनता से गुजरा है... इस दौरान अनेक साम्राज्य रहे, जिन्होंने देश की संस्कृति और सभ्यता को उजागर करने का काम किया। उन्होंने कहा, हम कोई पुनर्लेखन नही कर रहे है, इतिहास को व्यापक कर रहे है। आईसीएचआर (भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद) यही काम कर रहा है।

### पुस्तक मेले में 25 करोड़ से अधिक की किताबें बिकीं

**कोलकाता।** कोलकाता मे आयोजित 46वे अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले मे 25.50 करोड़ रुपए की पुस्तकों की बिक्री हुई है। आयोजकों ने इसकी जानकारी दी। पब्लिशर एवं बुकसेलर्स गिल्ड के महासचिव त्रिदिब चटर्जी ने बताया कि इस साल के पुस्तक मेले में करीब 26 लाख लोग आए। उन्होंने बताया कि मेले की शुरुआत 31 जनवरी को हुई थी और 12 फरवरी को इसका समापन हो गया। उन्होने बताया कि 1976 से लगने वाले इस पुस्तक मेले मे किताबो की बिक्री और आने वाले लोगो की संख्या ने एक रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने बताया, पिछले साल 24 लाख लोग मेले में आए थे जो उत्साहजनक था। क्योकि लोग कोरोना वायरस महामारी के बाद घरो से बाहर निकले थे।"।

### भाजपा सांसद ने बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने की मांग की

**नई दिल्ली।** भाजपा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने सोमवार को केंद्र सरकार से बुंदेलखंड को अलग प्रांत बनाने की मांग की। चंदेल ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि बुंदेलखंड एक अलग तरह का क्षेत्र है जहां सरकार को जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ वहां रोजगार, पर्यटन आदि पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने मांग की कि बुंलेदखंड के विकास के लिए इसे अलग राज्य बनाया जाना चाहिए। उत्तराखंड से भाजपा सांसद तीरथ सिंह रावत ने जोशीमठ मे भूमि धंसने और घरो में दरार पड़ने की घटनाओं की पृष्ठभूमि मे केंद्र से मांग की कि पहाड़ी क्षेत्र मे एक मास्टरप्लान बनाया जाना चाहिए। जोशीमठ की घटनाओ के बाद मीडिया आदि के माध्यम से ऐसा माहौल बना, मानो यह क्षेत्र खत्म हो गया, जबकि ऐसा नही है।

### उत्तराखंड में विष्णुप्रयाग पनबिजली परियोजना के पास हिमस्खलन हुआ, कोई हताहत नहीं

**गोपेश्वर (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड मे रविवार शाम विष्णुप्रयाग पनबिजली परियोजना के पास पहाड़ पर हिमस्खलन हुआ। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। चमोली जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एन के जोशी ने सोमवार को कहा कि जान-माल का कोई नुकसान नही हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि हिमालय मे इस तरह के हिमस्खलन सामान्य है। हिमस्खलन के बाद 420 मेगावाट पनबिजली परियोजना के बांध के पास पहाड़ से बर्फ का ढेर नीचे गिर गया। बांध बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग के पास है और खिरोन नदी से कुछ सौ मीटर नीचे है, जिसे अलकनंदा नदी की सबसे खतरनाक सहायक नदियो मे से एक माना जाता है।

### इंटरनेशनल प्लास्टिक एग्जीबिशन संपन्न

**नई दिल्ली।** अब दुनिया की सबसे बड़ी प्लास्टिक एग्जीबिशन बन चुकी इंटरनेशनल प्लास्टिक एग्जीबिशन प्लास्ट इंडिया 2023 का 11वां एडीशन शानदार रूप से सफल रहा। 5 दिवसीय सम्मेलन 1 फरवरी से 5 फरवरी में 3.60 लाख विजिटर्स की भारी भीड़ देखी गई। प्लास्टिक इंडस्ट्री के लिए सबसे व्यापक एग्जीबिशंस में से एक लगभग 1800 एग्जीबिटर ने प्लास्टइंडिया 2023 में अपने लेटेस्ट विश्व-स्तरीय प्रोसेसिंग मशीनरी, रॉ मैटेरियल, रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजी और लेटेस्ट ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन किया। एग्जीबिटर्स सफलतापूर्वक पोटेंशियल कस्टमर्स तक पहुंचे और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नए एवेन्यू की पहचान की। 5 दिनों में कई हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किए गए। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख भाई मंडाविया की अध्यक्षता में हाईपावर्ड सीईओ कॉन्क्लेव का आयोजन एग्जीबिशन वेन्यू पर किया गया। कॉन्क्लेव में 90 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स और सीईओ ने भाग लिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष जिगीश दोशी ने कहा कि मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि प्लास्टइंडिया का अब तक का सबसे बड़ा एडिशन प्लास्टइंडिया 2023 को एक शानदार सफलता मिली है।

## वेलस्पन वन उत्तर प्रदेश में 2,000 करोड़ का निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** वेलस्पन वन लॉजिस्टिक्स पार्क्स (डब्ल्यूओएलपी) ने उप्र में 2,000 करोड़ रुपए के निवेश से भंडारण इकाई और लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने के लिए राज्य सरकार के साथ करार किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने उत्तर भारत में भंडारण क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से उप्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू 10-12 फरवरी, 2023 को लखनऊ में आयोजित हुए उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक सम्मेलन-2023 में किया गया। वेलस्पन वन श्रेणी ए की भंडारण इकाइयां और लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने के लिए लखनऊ में सरकारी और निजी जमीनों का उपयोग करना चाहती है। डब्ल्यूओएलपी इसके तहत उत्तर प्रदेश में 2,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। भंडारण इकाइयां और लॉजिस्टिक्स पार्क लगभग 60 लाख वर्ग फुट इकाई में फैले होंगे और 3-4 साल में बनकर तैयार होंगे, जिससे रोजगार के 6,000 अवसर पैदा होंगे।

## सत्ता में आने पर त्रिपुरा में पुरानी पेंशन योजना लागू करेंगे : करात

**अगरतला।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात ने कहा है कि त्रिपुरा में सत्ता में आने पर वाम-कांग्रेस गठबंधन सरकार सबसे पहले पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के बारे में फैसला करेगी। पश्चिम त्रिपुरा जिले के खएरपुर में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए करात ने कहा, त्रिपुरा में जब तक वाम मोर्चा की सरकार सत्ता में थी, प्रदेश में नई पेंशन योजना लागू नहीं की गई। उन्होंने कहा, यह भाजपा ही थी, जिसने 2018 में सत्ता में आने पर राज्य में नई पेंशन योजना को लागू किया।

माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य ने कहा कि सत्ता में आने के बाद पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के बारे में वाम-कांग्रेस गठबंधन सरकार पहला फैसला लेगी। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत हुई और उसने जैसा वादा किया था, राज्य में कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को दोबारा बहाल कर दिया। त्रिपुरा में अगर वाम-कांग्रेस गठबंधन की अगली सरकार बनती है तो यहां भी ऐसा ही किया जाएगा।

वाम मोर्चा और कांग्रेस ने त्रिपुरा में राज्य सरकार के 1.88 लाख कर्मचारियों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से बहाल करने का वादा किया है। करात ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी पूर्वोत्तर राज्य में विफल रही है। उन्होंने कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहद खराब हो गई है, जनवरी 2020 और दिसंबर 2022 के बीच बलात्कार के 707 मामले सामने आए हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध में राज्य का नाम बेहद खराब है। माकपा नेता ने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा बड़े पैमाने पर धन खर्च कर रही है। भाजपा जिस तरह से पैसा खर्च कर रही है, उससे लोगों को सतर्क रहना चाहिए। हमें राज्य में लोकतंत्र को धूमिल करने की चाल को नाकाम करना चाहिए।

## रामपुर सदर विस सीट पर हुए उपचुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से न्यायालय का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने रामपुर सदर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव को अमान्य घोषित करने का अनुरोध वाली एक जनहित याचिका पर सोमवार को विचार करने से इनकार कर दिया। जनहित याचिका में उपचुनाव को इस आधार पर अमान्य करार देने का अनुरोध किया गया था कि कई मतदाताओं को वोट डालने से रोक दिया गया था। दोषी ठहराए जाने के पश्चात समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जिसके बाद यह सीट खाली हो गई थी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने कहा, आप एक रिट याचिका दायर करके चुनाव को कैसे चुनौती दे सकते हैं? कृपया चुनाव याचिका दायर करें। अब तो नतीजे भी घोषित हो चुके हैं और चुनाव याचिका के अलावा किसी याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता।

## होलकर शासकों का राजमहल बेचना चाहती थी कांग्रेस सरकार : चौहान

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सूबे में लम्बे समय तक राज करने वाली इस पार्टी की सरकार इंदौर के पूर्व होलकर शासकों का ऐतिहासिक राजमहल राजबाड़ा बेच देना चाहती थी। चौहान ने शहर के बीचों-बीच स्थित राजबाड़ा के जीर्णोद्धार का काम पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, कई लोगों को पता ही नहीं है कि जब राज्य में एक जमाने में कांग्रेस की सरकार थी, तो उसने राजबाड़ा बेचने का फैसला कर लिया था। इसके खिलाफ स्थानीय लोगों ने आंदोलन किया था। उन्होंने वर्ष 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के सिख विरोधी दंगों के दौरान राजबाड़ा में आगजनी की घटना की ओर इशारा करते हुए कहा, कांग्रेस की सरकार के वक्त राजबाड़ा में आग लगा दी गई थी और इस ऐतिहासिक विरासत की ऐसी दुर्गति हो रही थी कि इसमें लगी लकड़ियां सड़-सड़कर गिर रही थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार ने राजबाड़ा का जीर्णोद्धार करके इसके गौरव को फिर से स्थापित किया है। राज्य सरकार ने ऐसे वक्त राजबाड़ा के जीर्णोद्धार का काम पूरा किया है, जब शहर में जी20 के कृषि कार्य समूह की बैठक हो रही है। बैठक के पहले दिन सोमवार को कई देशों के प्रतिनिधियों ने हेरिटेज वॉक के दौरान राजबाड़ा भी देखा। मुख्यमंत्री चौहान ने शहर के सुपर कॉरिडोर पर सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनी यश टेक्नोलॉजीज के आईटी पार्क का उद्घाटन भी किया। विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) के रूप में विकसित इस परिसर से 12,500 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने अपने एक दिवसीय दौरे में शहर के फूटी कोठी चौराहे पर एक फ्लाईओवर की नींव रखी और चिकित्सा क्षेत्र में अलग-अलग परियोजनाओं की शुरुआत की।

## शीर्ष अदालत का एनएसई की पूर्व एमडी रामकृष्ण को जमानत देने के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व प्रबंध निदेशक चित्रा रामकृष्ण को को लोकेशन घोटाले में जमानत देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से सोमवार को इनकार कर दिया। इस मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच की जा रही है। उच्च न्यायालय के पिछले साल 28 सितंबर के आदेश के खिलाफ सीबीआई की अपील को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी ने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय की टिप्पणी केवल जमानत देने के संबंध में थी और इसका निचली अदालत में मुकदमे के गुण-दोष पर प्रभाव नहीं होगा।

शीर्ष अदालत ने कहा, हम जमानत आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं देखते। न्यायालय ने इसके साथ ही कहा कि मामले से जुड़े कानूनी सवाल खुले हैं। पीठ ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के पूर्व ग्रुप ऑपरेटिंग ऑफिसर (जीओओ) आनंद सुब्रमण्यम को भी जमानत देने के उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। उन्हें पिछले साल 24 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

सीबीआई ने पिछले साल छह मार्च को रामकृष्ण को गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी निचली अदालत द्वारा अग्रिम जमानत अर्जी खारिज किए जाने के एक दिन बाद हुई थी। रामकृष्ण को उच्च न्यायालय ने को लोकेशन मामले में पिछले साल 28 सितंबर को जमानत दी। उच्च न्यायालय ने नौ फरवरी को एनएसई कर्मियों के कथित तौर पर गैर कानूनी तरीके से फोन टैप करने और जासूसी करने के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के मामले में भी जमानत दे दी थी। ईडी ने धन शोधन के मामले में उन्हें पिछले साल 14 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

शीर्ष न्यायालय में सीबीआई का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल (एएसजी) संजय जैन ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय का आदेश पूरी तरह से गलत था। उन्होंने कहा कि स्वत: जमानत का कानून बहुत ही स्पष्ट है और यह तब दिया जा सकता है, जब गिरफ्तारी के 60 दिनों के भीतर आरोप पत्र दाखिल नहीं किया जाता। हालांकि, इस मामले में रामकृष्ण 46 दिनों के लिए हिरासत में रहीं, जबकि सुब्रमण्यम 57 दिनों के लिए हिरासत में रहे। उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज में कथित अनियमितताओं का खुलासा होने के बाद मई 2018 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सीबीआई एनएसई कंप्यूटर सर्वर से सूचना कथित तौर पर अनुचित तरीके से दलालों को देने के आरोपों की जांच कर रही है।

## बांग्लादेश से 69 रोहिंग्याओं को लेकर नाव अंडमान निकोबार पहुंची

भाषा। पोर्ट ब्लेयर

**केन्द्र शासित** प्रदेश अंडमान में सोमवार सुबह एक मोटरबोट 69 रोहिंग्याओं को लेकर निकोबार जिले में पहुंची। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मा-बाबर दोआ (माता-पिता का आशीर्वाद) नाम की एक नाव सुबह करीब साढ़े दस बजे कार निकोबार के मलक्का तट पर पहुंची। नाव में 19 पुरुष, 22 महिलाएं और 28 बच्चे सवार थे। अधिकारियों के मुताबिक, नाव इंडोनेशिया के रास्ते में थी लेकिन खराब मौसम के कारण वो अंडमान और निकोबार द्वीप आ गए। उन्होंने बताया कि नाव का ईंधन भी खत्म हो गया था।

अधिकारियों ने बताया कि नाव पर सवार लोग करीब दो हफ्ते पहले बांग्लादेश के एक राहत शिविर से भाग गए थे। वहीं, एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया, इस मामले पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। चिकित्सा अधिकारियों की एक टीम उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि मलक्का घाट पर तटरक्षक बल, पुलिस और आपदा प्रबंधन दल मौजूद हैं। सुरक्षाकर्मियों ने नाव में सवार लोगों के लिए खाना, पानी और दवाओं की व्यवस्था की है।

साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय को सूचित कर दिया गया है। गौरतलब है कि जनवरी 2020 में, बांग्लादेश से 66 रोहिंग्याओं के साथ एक नाव को तारमुगली द्वीप के पास पकड़ा गया था, जो कि प्रतिबंधित नार्थ सेंटिनल द्वीप से लगभग 34 किमी दूर थी। यह द्वीप सेंटिनली आदिवासी समुदाय का घर है जिनका बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं है।

## मेरा प्रयास बिहार के राजभवन को लोकभवन में तब्दील करने का होगाः राजेंद्र आर्लेकर

**पणजी।** बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने सोमवार को कहा कि उनका प्रयास वहां के राजभवन को लोकभवन में बदलने का होगा, जहां तक लोगों की पहुंच सुगम हो। पीटीआई-भाषा से बातचीत करते हुए उन्होंने बिहार में नीतीश कुमार नीत गैर-भाजपा सरकार के साथ टकराव की किसी भी संभावना से इनकार किया। गोवा निवासी आर्लेकर (68) इससे पहले हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल थे और रविवार को उन्हें बिहार स्थानांतरित कर दिया गया। बिहार में नीतीश कुमार नीत गठबंधन सत्ता में है। आर्लेकर ने कहा, मुझे फिलहाल किसी टकराव की कोई वजह नजर नहीं आती। वहां की सरकार में सभी लोग समझदार हैं। मैं अपनी सीमाएं समझता हूं और वे अपनी। अगर दोनों पक्षों में परस्पर समझ है, तो मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि कोई टकराव होगा।

उन्होंने कहा, आज की जरूरत है कि हमें लोगों के पास जाना चाहिए और उन्हें राजभवन आमंत्रित करना चाहिए। आर्लेकर पहले गोवा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक थे और वह तटीय राज्य की विधानसभा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसी राज्यपाल को लोगों के मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों के मन में राज्यपाल के प्रति काफी सम्मान होता है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, राजभवन को लोकभवन में बदलना होगा। लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि वह मेरे राज्यपाल हैं और यह मेरा राजभवन है। मैं ऐसा करने का प्रयास करूंगा। मुझे नहीं पता कि पहले के राज्यपाल ने ऐसा किया था या नहीं। मैंने हिमाचल प्रदेश में भी ऐसा किया और मुझे बिहार में भी ऐसा करना चाहिए।

राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य बिहार के राज्यपाल के तौर पर उनकी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर आर्लेकर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह राजनीतिक रूप से बहुत अस्थिर राज्य है। मुझे इस पर प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। चाहे वह हिमाचल प्रदेश हो या कोई और राज्य, मुझे बिना किसी राजनीतिक घटनाक्रम पर विचार किए वहां काम करना है। अगर कोई राजनीतिक घटनाक्रम है, जिन पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है, तो चीजें भिन्न होंगी। बिहार का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर उनकी प्रतिक्रिया पूछे जाने पर आर्लेकर ने कहा कि प्रतिक्रिया केवल राज्य के लोगों की होगी। बिहार के लोगों का राज्यपाल एक नया व्यक्ति होगा। यही एकमात्र बदलाव है। मेरे लिए, मैं हिमाचल प्रदेश में काम कर रहा था और अब बिहार में काम करूंगा।

# डब्ल्यूपीएल के साथ नई पारी शुरू करेगा महिला क्रिकेट

## पर आईपीएल काफी आगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय महिला** क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना का महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में तीन करोड़ 40 लाख रुपए में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से जुड़ने पर रोमांचित होना खिलाड़ियों के बीच इस बड़े दिन के उत्साह को दिखाता है। डब्ल्यूपीएल के साथ महिला क्रिकेट में नए अध्याय की शुरुआत हो रही है जहां वे इंडियन प्रीमियर लीग के अपने समकक्ष पुरुष खिलाड़ियों के समान करोड़ों रुपए की बोली आकर्षित कर रही हैं। लंबे समय से भारत में महिलाओं की टी20 लीग शुरू करने की बात चल रही है लेकिन इस साल चार मार्च को सब कुछ बदल जाएगा जब पांच फ्रेंचाइजी के टूर्नामेंट का पहला मैच खेला जाएगा। पूरी संभावना है कि इसका आयोजन बड़े टूर्नामेंट आईपीएल से पहले ही किया जाएगा। पैसे और रुतबे की बात करें तो डब्ल्यूपीएल और आईपीएल की तुलना नहीं की जा सकती। डब्ल्यूपीएल हालांकि महिला क्रिकेट में ग्लैमर लेकर आएगा जो अब तक इससे दूर था। साथ ही भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। मंधाना के लिए नीलामी में तीन करोड़ 40 लाख की बोली लगी जबकि दीप्ति शर्मा को यूपी वारियर्स ने दो करोड़ 60 लाख रुपए में खरीदा। जेमिमा रोड्रिग्स और युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के लिए भी दिल्ली की टीम ने दो करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए। डब्ल्यूपीएल में हालांकि जहां खिलाड़ियों के लिए वेतन की कुल सीमा 12 करोड़ है तो वहीं पिछले साल आईपीएल की बड़ी नीलामी के लिए प्रत्एक फ्रेंचाइजी के पास 90 से 95 करोड़ रुपए का बजट था। डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी और आईपीएल की पहली नीलामी की बात करें तो सोमवार को मंधाना को जो राशि मिली उसकी तुलना में तब चेन्नई सुपर किंग्स ने महेंद्र सिंह धोनी (नौ करोड़ 50 लाख रुपए) को खरीदने के लिए उससे लगभग तीन गुना अधिक राशि का भुगतान किया था। आईपीएल की 2010 की नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने शेन बॉन्ड और मुंबई इंडियन्स ने कीरोन पोलार्ड के लिए चार करोड़ 80 लाख रुपए खर्च किए थे। वर्ष 2011 से फ्रेंचाइजी की वेतन सीमा बढ़ने लगी। केकेआर ने तब गौतम गंभीर को 14 करोड़ 90 लाख रुपए में खरीदा था। समय आगे बढ़ने के साथ प्रसारण, मीडिया और ऑनलाइन राजस्व में इजाफा हुआ जिससे खिलाड़ियों को भी फायदा हुआ। रविंद्र जडेजा 2012 में 12 करोड़ 80 लाख रुपए बिके। आरसीबी ने युवराज सिंह के लिए 14 करोड़ रुपए खर्च किए जबकि दिल्ली डेयरडेविल्स (दिल्ली कैपिटल्स) ने फिर उनके लिए उस समय की आईपीएल रिकॉर्ड 16 करोड़ की बोली लगाई। वेतन की बढ़ती सीमा के बीच इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन को 2023 की नीलामी में सर्वकालिक रिकॉर्ड 18 करोड़ 50 लाख रुपए मिले। पुरुष क्रिकेटरों को मिलने वाली भारी भरकम राशि पर गौर करें मंधाना को मिलने वाली तीन करोड़ से अधिक की राशि मामूली ही नजर आती है।



नीलामी के अवसर मुंबई की मालिल नीता अंबानी व झूलन

### डब्ल्यूपीएल नीलामी में बिकी महिला खिलाड़ियों की सूची

**दिल्ली कैपिटल्स** : जेमिमा रोड्रिग्स 2.20 करोड़ रु, शेफाली वर्मा 2.00 करोड़ रु,मारिजाने काप 1.50 करोड़ रु,मेग लैनिंग 1.10 करोड़ रु,एलिस कैप्से 75 लाख रु,शिखा पांडे 60 लाख रु,जेस जोनासेन 50 लाख रु, लॉरा हैरिस 45 लाख रु,राधा यादव 40 लाख रु,अरुंधति रेड्डी 30 लाख रु,मीनू मणि 30 लाख रु,पूनम यादव 30 लाख रु,स्नेहा दीप्ति 30 लाख रु,तानिया भाटिया 30 लाख रु,टिटास साधु 25 लाख रु,जसिया अख्तर 20 लाख रु,अपर्णा मंडल 10 लाख रु,तारा नॉरिस 10 लाख रु

**गुजरात जायंट्स**: एशले गार्डनर 3.20 करोड़ रु,बेथ मूनी 2 करोड़ रु,जॉर्जिया वारेहम 75 लाख रु, स्नेह राणा 75 लाख रु, अनाबेल सदरलैंड 70 लाख रु, डायंड्रा डॉटिन 60 लाख रु, सोफिया डंक्ले 60 लाख रु, सुषमा वर्मा 60 लाख रु,तनुजा कंवर 50 लाख रु,हरलीन देओल 40 लाख रु, अश्विनी कुमारी 35 लाख रु,दयालन हेमलता 30 लाख रु,मानसी जोशी 30 लाख रु,मोनिका पटेल 30 लाख रु,सबिनेनी मेघना 30 लाख रु,हर्ले गाला 10 लाख रु,पारुणिका सिसोदिया 10 लाख रु, शबनम शकील 10 लाख रु

**मुंबई इंडियंस**:नताली साइवर 3.2 करोड़ रु,पूजा वस्त्राकर 1.90 करोड़ रु,हरमनप्रीत कौर 1.80 करोड़ रु,यास्तिका भाटिया 1.50 करोड़ रु,अमेलिया केर1 करोड़ रु,अमनजोत कौर 50 लाख रु,हेले मैथ्यूज 40 लाख रु,क्लो ट्रायोन 30 लाख रु,हीथर ग्राहम 30 लाख रु,इसाबेल वोंग 30 लाख रु,प्रियंका बाला 20 लाख रु, धारा गुर्जर 10 लाख रु, हुमैरा काजी 10 लाख रु, जिंतिमनी कलिता 10 लाख रु,नीलम बिष्ट 10 लाख रु,सायका इशाक10 लाख रु, सोनम यादव 10 लाख रु

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर**: स्मृति मंधाना 3.40 करोड़ रु,ऋचा घोष 1.90 करोड़ रु,एलिस पैरी 1.70 करोड़ रु,रेणुका सिंह 1.50 करोड़ रु,सोफी डेविने 50 लाख रु,हीथर नाइट 40 लाख रु,मेगन शुट 40 लाख रु,कनिका आहुजा 35 लाख रु,डेन वैन निकर्क 30 लाख रु,एरिन बर्न्स 30 लाख रु,प्रीति बोस 30 लाख रु,कोमल जंजाद 25 लाख रु,आशा शोभना रा 10 लाख,दिशा कासत 10 लाख रु, इंद्राणी राय 10 लाख रु,पूनम खेमनार 10 लाख रु,सहाना पवार 10 लाख रु,श्रेयंका पाटिल 10 लाख रु

**यूपी वारियर्स**:दीप्ति शर्मा 2.60 करोड़ रु,सोफी एक्लेस्टोन 1.80 करोड़ रु,देविका वैद्य 1.40 करोड़ रु,तहलिया मैकग्रा 1.40 करोड़ रु,शबनीम इस्माइल1 करोड़ रु,ग्रेस हैरिस 75 लाख रु,एलिसा हीली 70 लाख रु,अंजलि सरवनी 55 लाख रु,राजेश्वरी गायकवाड़ 40 लाख रु,श्वेता सहरावत 40 लाख रु,किरण नवगिरे 30 लाख रु,लॉरेन बेल 30 लाख रु,लक्ष्मी यादव 10 लाख रु,पार्शवी चोपड़ा 10 लाख रु,एस. यशश्री 10 लाख रु,सिमरन शेख 10 लाख रु

# कैप्से का तेज तर्रार अर्धशतक

## इंग्लैंड ने आयरलैंड को चार विकेट से हराया

**भाषा।** पाल



**शीर्ष** क्रम बल्लेबाज एलिस कैप्से की 22 गेंद में 51 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने सोमवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप मैच में पड़ोसी देश आयरलैंड को चार विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने कैप्से को सोमवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी के दौरान 75 लाख रूपए में खरीदा। उन्होंने अपनी ताबड़तोड़ पारी के दौरान 10 चौके जमाए जिससे इंग्लैंड ने 34 गेंद रहते आयरलैंड को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। जीत के लिए महज 106 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने पावरप्ले में एक विकेट पर 69 रन बनाए। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज सोफी डंकले (04) के रूप में पहला विकेट पहले ही ओवर में सस्ते में गंवा दिया था। कैप्से सातवें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुईं। नैट स्किवर ब्रंट (05) भी सस्ते में पवेलियन लौट गई जिन्हें डब्ल्यूपीएल नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 3.2 करोड़ रूपए में खरीदा। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट (14) और विकेटकीपर एमी जोंस (12) भी ज्यादा रन नहीं जोड़ सकीं लेकिन कैप्से (231.8 स्ट्राइक रेट) की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने 14.2 ओवर में छह विकेट पर 107 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। कैथरीन स्किवर ब्रंट ने नाबाद पांच रन बनाए। आयरलैंड के लिए कारा मरे ने 15 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि ओर्ला प्रेंडरगास्ट और अरलेन कैली ने एक एक विकेट हासिल किए। इससे पहले इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन (13 रन देकर तीन विकेट), सारा ग्लेन (19 रन देकर तीन विकेट) और चार्ली डीन (26 रन देकर दो विकेट) ने आयरलैंड की बल्लेबाजों को क्रीज पर जमने ही नहीं दिया जिससे टीम 18.2 ओवर में 105 रन पर सिमट गई। एक्लेस्टोन को यूपी वारियर्स ने खरीदा है। आयरलैंड के लिए गैबी लुईस 36 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं।

### चार राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा राउरकेला स्टेडियम

**राउरकेला।** पिछले महीने भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम के साथ पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करने वाले यहां के नवनिर्मित बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयु वर्ग की चार राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा जिससे कि घरेलू खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं के बीच खेलने का अनुभव मिल सके। जिन टूर्नामेंट का आयोजन इस स्टेडियम में किया जाएगा वे जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप (13-23 अप्रैल), जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप (28 अप्रैल से आठ मई), सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप (13-23 मई) और सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप (28 मई से सात जून) शामिल हैं।

### गोयल अकादमी ने जीती लीग

**बाराबंकी।** गोयल क्रिकेट अकादमी ने प्रथम चौधरी मोहम्मद हबीब मेमोरियल अवध ओपन प्राइजमनी जिला क्रिकेट लीग के फाइनल में बालाजी क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराकर विजेता ट्राफी जीत ली। जिला क्रिकेट एड्इनल में बालाजी क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 102 रन ही बना सका। सत्यम अवस्थी ने 33 रन का योगदान किया। जवाब में गोयल क्रिकेट अकादमी ने मात्र दो विकेट गंवाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। जीत में अरुण प्रधान ने नाबाद 40 रन का योगदान किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजा मयंकेश्वर शरण सिंह राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य व संसदीय कार्य व विशिष्ट अतिथि अंगद सिंह ने पुरस्कार वितरित किये। टूर्नामेंट में बेस्ट बैटर फहद अहमद और बेस्ट बॉलर व प्लेयर ऑफ़द टूर्नामेंट अरुण प्रधान चुने गए।

### लखनऊ फाइनल में

**लखनऊ।** क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) ने गौतम बुद्ध आल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में फरीदाबाद हरियाणा की टीम को 6 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। लखनऊ की जीत में मैन ऑफ़द मैच हसन अख्तर ने 7 विकेट झटके और आतिफसाजिद व शिवम पाण्डेय ने अर्द्धशतक जड़े। पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा 142 रन पर ऑल आउट हो गया। लखनऊ से हसन अख्तर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4.4 ओवर में 7 रन देकर 7 विकेट हासिल किये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ ने सधी बल्लेबाजी के सहारे 21.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर जीत के लिए जरुरी रन बना लिए।

### कूह स्पोर्ट्स क्लब की जीत

**लखनऊ।** मैन ऑफ़द मैच अनिकेत सिंह-2 विकेट 16 रन के उपयोगी प्रदर्शन के साथ कृतुराज सिंह नाबाद 52 के अर्द्धशतक से कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में यूथ क्रिकेट क्लब के खिलाफ5 विकेट से जीत हासिल की। यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रन का मामूली स्कोर ही बना सका। जवाब में कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने 22 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाकर 5 विकेट से मुकाबला जीत लिया।

### निगाहें विश्व चैम्पियनशिप क्वालीफिकेशन पर

रांच। संदीप कुमार और प्रियंका गोस्वामी सहित देश के शीर्ष खिलाड़ियों की निगाहें मंगलवार से यहां शुरू होने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर विश्व चैम्पियनशिप क्वालीफिकेशन हासिल करने पर लगी होगी।

# जडेजा ने जामथा में ट्रेनिंग की

## अय्यर के दूसरा टेस्ट खेलने की संभावना नही

**भाषा।** नई दिल्ली



**पीठ की** चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर हुए स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अब भी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं जिससे टीम प्रबंधन के उनके टेस्ट मैच में उतारने का जोखिम उठाने की संभावना नहीं है।

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट शुक्रवार से फिरोजशाह कोटला में खेला जाएगा और देखना होगा कि अय्यर टीम से जुड़ते हैं या नहीं। अय्यर ने बेंगलुरू में एनसीए में रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम के कुछ वीडियो पोस्ट किए थे जिसमें वह ट्रेनर एस रजनीकांत के साथ थे। अय्यर स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन राष्ट्रीय टीम के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी के मानदंड के अनुसार उन्हें कम से कम एक घरेलू मैच खेलना जरूरी होगा। इसलिए अय्यर को सीधे टेस्ट मैच में नहीं उतारा जा सकता है क्योंकि इसमें उन्हें 90 ओवरों के लिए क्षेत्ररक्षण करना होगा और लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी पड़ सकती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि चेतन शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति एक से पांच मार्च तक मध्य प्रदेश के खिलाफ होने वाले ईरानी कप मैच के लिए अय्यर को फिटनेस साबित करने के लिए शेष भारत टीम में शामिल करती है या नहीं। चयन समिति ने रविंद्र जडेजा को फिटनेस साबित करने के लिए रणजी ट्राफी मैच खेलने के लिए कहा था। वहीं जसप्रीत बुमराह की स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने की प्रक्रिया काफी धीमी रही है जिससे भारतीय टीम प्रबंधन चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीन वनडे में उन्हें खिलने का जोखिम नहीं उठाएंगे। बुमराह की जरूरत लंदन के ओवल में सात से 11 जून तक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में हो सकती है और साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए भी उनकी मौजूदगी महत्वपूर्ण होगी।

### टीम से बाहर होना सबसे मुश्किल दौर, खेल छोड़ने पर विचार कर रही थी: जेमिमा

**केपटाउन।** पिछले साल न्यूजीलैंड में वनडे विश्व कप की टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ने से लेकर रविवार को टी20 विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ विजई रन बनने तक जेमिमा रोड्रिग्स ने 12 महीने से भी कम समय में शानदार वापसी की है। जेमिमा ने कहा कि एक समय तो वह खेल छोड़ने के बारे में भी विचार कर रही थी। मुझे लगता है कि पिछले साल इस समय जब मैं घर पर थी और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में नहीं थी क्योंकि मुझे (भारत की) 50 ओवर के विश्व कप की टीम से बाहर कर दिया गया था।

## उत्तर प्रदेश में खेल का आधारभूत संरचना और मजबूत होगा

**लखनऊ।** इन्वेस्ट यूपी समिट में उत्तर प्रदेश को खेल के क्षेत्र में अवसरों के लिए तैयार करना नामक खेल केंद्रित सत्र में राज्य के जमीनी स्तर के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और राज्य में एथलीट प्रशिक्षण को सशक्त बनाने के लिए पीपीपी मॉडल पर काम करने के लिए कॉरपोरेट्स और संगठनों के साथ तालमेल बनाने के लिए समझोते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। लखनऊ। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को एक खेल शक्ति बनाने के सपने को साकार करने के लिए अनुराग सिंह ठाकुर केंद्रीय युवा मामले और खेल एवं सूचना और प्रसारण मंत्री, गिरीश चंद्र यादव राज्य मंत्रीस्वतंत्र प्रभार खेल और युवा कल्याण उत्तर प्रदेश सरकार और नवनीत सहगल अतिरिक्त मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश भी मौजूद रहे। एचसीएल फाउंडेशन भारत के मौजूदा खेल पारिस्थितिकी तंत्र में उन्हें मुख्य विचारधारा में लाने की नजर से कई खेलों में प्रतिभाओं की पहचान करने और उनका पोषण करने के लिए 5,000 वंचित बच्चों,युवाओं और विकलांग व्यक्तियों के साथ काम करना चाहता है। प्रस्तावित प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश के लखनऊ, गौतम बुद्ध नगर और हरदोई जिलों में शुरू किया जाएगा। डा निधि पुंढीर वाइस प्रेसिडेंट ग्लोबल सीएसआरए एचसीएल फाउंडेशन ने बताया कि स्पोर्ट्स फॉर चेंज एचसीएल फाउंडेशन की एक सीएसआर पहल है, जिसमें पूरे भारत में 27,000 से ज्यादा एथलीटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है और इसमें से 14,000 से ज्यादा एथलीट उत्तर प्रदेश के हैं।

# तीसरा टेस्ट धर्मशाला से इंदौर स्थानांतरित

## बीसीसीआई का फैसला : भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत और ऑस्ट्रेलिया** के बीच एक से पांच मार्च तक होने वाला तीसरा टेस्ट खराब आउटफील्ड के कारण धर्मशाला से इंदौर स्थानांतरित कर दिया गया है। बीसीसीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी। मैच को स्थानांतरित किया जाएगा इसकी पुष्टि रविवार को ही हो गई थी जब बीसीसीआई के क्यूरेटर तापस चटर्जी की रिपोर्ट में नई आउटफील्ड को अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए अनफिट बताया गया था। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान में कहा, ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे का तीसरा टेस्ट जो एक से पांच मार्च तक धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में होना था, वह अब इंदौर के होल्कर स्टेडियम में होगा। क्षेत्र में कड़ी शीतकालीन परिस्थितियों के कारण आउटफील्ड में पर्याप्त घास नहीं है और इसके पूरी तरह तैयार होने में समय लगेगा। खराब मौसम ने भी हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ की मुसीबत बढ़ाई क्योंकि स्थानीय मैदान कर्मियों को घास उगाने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला। नवीनतम निरीक्षण से पहले भी बीसीसीआई की पिच एवं मैदान समिति ने एक बार मैदान का दौरा किया था और उस समय भी यह तैयार होने के करीब भी नहीं था। इसके बाद कार्यक्रम तय करने वाली बीसीसीआई की टीम पर सवाल उठ रहे हैं कि मैच को आवंटित करते हुए मौसम सहित सभी पहलुओं पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया। धर्मशाला स्टेडियम में पिछले एक सत्र में कोई क्रिकेट नहीं हुआ है। इस मैदान पर पिछले दो अंतरराष्ट्रीय मुकाबले बारिश की भेंट चढ़ गए थे जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबले थे। बारिश होने के बाद मैदान को कम ओवरों के मुकाबले के लिए भी तैयार नहीं किया जा सका था। पिच और आउटफील्ड को नए सिरे से तैयार किए जाने के कारण हिमाचल प्रदेश की रणजी टीम अपने घरेलू मुकाबले नादौन में खेल रही है। किसी मैदान पर अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करने के लिए कुछ मानकों को पूरा करना होता है और वनडे , टी20 या टेस्ट की मेजबानी से कुछ हफ्तों पहले मैदान पर कम से कम एक प्रतिस्पर्धी मैच आयोजित होना चाहिए।

### भारत के निचले क्रम के बल्लेबाज टेस्ट श्रृंखला में अंतर पैदा करेंगे: कोच मैक्डोनाल्ड

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड का मानना है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी के बचे हुए टेस्ट मैचो मे भारत का मजबूत निचला बल्लेबाजी क्रम अंतर पैदा करेगा जिसमे रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे क्रिकेटर शामिल है। जडेजा और पटेल ने पहले टेस्ट की पहली पारी मे क्रमशः 70 और 84 रन बनाकर बल्ले से अहम भूमिका अदा की थी जिससे भारत ने मेजबान देश के177 रन के जवाब मे 400 रन का स्कोर खड़ा किया था। रोहित शर्मा के शतक तथा जडेजा और अश्विन के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से मेजबान टीम ने तीन दिन के अंदर आस्ट्रेलिया को नागपुर मे पारी और 132 रन से शिकस्त देकर चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला मे1-0 की बढ़त हासिल की। मैक्डोनाल्ड ने सोमवार को सेन रेडियो से कहा, उनका (भारत का) निचला बल्लेबाजी क्रम भी इस श्रृंखला मे अंतर पैदा करने वाला रहेगा जिसमे जडेजा, पटेल और अश्विन शामिल है। उनका निचला क्रम वास्तव मे काफी मजबूत है और हमे इससे चुनौती मिलेगी। कोच ने कहा, इसमें कोई शक नही है कि उनका निचला बल्लेबाजी क्रम हमारी तुलना मे ज्यादा रन जुटाएगा इसलिए हमे कोशिश करनी होगी कि इससे किस तरह से निपटा जाए। मैक्डोनाल्ड ने हालांकि कहा कि शुरूआती टेस्ट मे मिली हार से अगले तीन मैचो के लिए रणनीति मे टीम कोई बदलाव नही करेगी और उन्होंने उम्मीद जताई कि श्रृंखला से पूर्व की योजना अब भी कारगर हो सकती है।

# सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी बने गिल

**भाषा।** दुबई



**भारतीय बल्लेबाज** शुभमन गिल को एकदिवसीय प्रारूप में लगातार अच्छी पारियां खेलने के लिए जनवरी माह का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया जबकि इंग्लैंड की अंडर-19 कप्तान ग्रेस स्क्रीवन्स महिला वर्ग में यह सम्मान पाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनी। गिल ने जनवरी में सीमित ओवरों के क्रिकेट में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया। उन्होंने श्रीलंका और न्यूजीलैंड दोनों के खिलाफ एकदिवसीय प्रारूप में काफी रन जुटाए। तेइस साल के गिल ने जनवरी में 100 से अधिक के तीन स्कोर बनाए और इस दौरान 567 रन जोड़े। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच में दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने सिर्फ 149 गेंद में 28 बाउंड्री की मदद से 208 रन बनाए और इस दौरान एकदिवसीय प्रारूप में दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने इसके अलावा श्रीलंका के खिलाफ 116 और न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय में 112 रन की पारी भी खेली। गिल ने न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे और हमवतन मोहम्मद सिराज को वैश्विक मतदान में पछाड़कर पहली बार आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। इसके साथ ही वह अक्टूबर 2022 में विराट कोहली के बाद यह पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय भी बने। गिल ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा, जनवरी मेरे लिए विशेष माह रहा और इस पुरस्कार को जीतकर यह और यादगार हो गया। प्रदर्शन को मान्यता मिलना हमेशा अच्छा होता है।

### इयोन मोर्गन ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट से भी संन्यास लिया

**भाषा।** लंदन

**इंग्लैंड के** 50 ओवर विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन ने सोमवार को तुरंत प्रभाव से सभी तरह के छोटे प्रारूप के फ्रेंचाइजी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। एक साल से भी कम समय पहले मोर्गन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। 36 साल के मोर्गन ने जुलाई 2022 में 16 साल के करियर से संन्यास लिया था लेकिन दुनिया भर में छोटे प्रारूप के टूर्नामेंट में खेलना जारी रखा था। मोर्गन ने एक बयान में कहा, मैं बड़े गर्व के साथ क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं।

# चेन्नई ओपन चैलेंजर : नागल व मुकुंद एकल के मुख्य ड्रा में



**भाषा।** चेन्नई

**भारतीय** खिलाड़ी सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद ने सोमवार को यहां अपने क्वालीफाइंग दौर के मैच जीतकर चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के एकल मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। नागल ने अपने दूसरे दौर के क्वालीफाइंग में जी सुंग नाम पर 6-1, 6-3 से जीत दर्ज की जबकि मुकुंद ने क्वालीफाइंग में ताइपे के शीर्ष वरीय जेसन जंग को 4-6, 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर करते हुए मुख्य ड्रा में अपना स्थान पक्का किया। दिग्विजयप्रताप सिंह हालांकि आस्ट्रेलिया के तीसरे वरीय जेम्स मैककेबे से 2-6, 6-7 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। नागल और मुकुंद के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने से भारत के चार खिलाड़ी मुख्य ड्रा में खेलेंगे। ए दोनों देश के शीर्ष स्टार प्रजनेश गुणेश्वरन और रामनाथन रामकुमार के साथ शामिल हो जाएंगे। मुकुंद (26 वर्ष) ने जंग को दो घंटे और 24 मिनट तक चले मुकाबले में पराजित किया जिससे अब मुख्य ड्रा के पहले दौर में उनका सामना 2022 विम्बलडन पुरूष युगल चैम्पियन मैक्स पुर्सेल से होगा। नागल का सामना पहले दौर में चौथे वरीय ब्रिटेन के रेयान पेनिस्टन से होगा। प्रजनेश और रामकुमार को 32 खिलाड़ियों के मुख्य ड्रा में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। प्रजनेश पहले दौर में ब्रिटेन के जे क्लार्क से भिड़ेंगे और रामकुमार का सामना दिमितार कुजामनोव से होगा।

### हर्षिता और नीलाक्षी ने श्रीलंका को बांग्लादेश पर जीत दिलाई

**भाषा।** केपटाउन

**सलामी** बल्लेबाज हर्षिता समरविक्रम और नीलाक्षी डिसिल्वा के बीच अटूट शतकीय साझेदारी से श्रीलंका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में रविवार को ग्रुप ए के कम स्कोर वाले मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम आठ विकेट पर 126 रन ही बना सकी जिसके जवाब में श्रीलंका ने हर्षिता (नाबाद 69) और नीलाक्षी (नाबाद 41) की पारियों से 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 129 रन बनाकर जीत दर्ज की। हर्षिता और नीलाक्षी ने चौथे विकेट के लिए उस समय 104 रन की अटूट साझेदारी की जब टीम पावरप्ले में 26 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। मारूफा अख्तर (23 रन पर तीन विकेट) ने श्रीलंका के शीर्ष क्रम को धवस्त किया लेकिन हर्षिता और नीलाक्षी ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी की और टीम को पहली बार लगातार दो जीत दिला दी।

# कजाखस्तान के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे भारतीय शटलर

## बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप आज से

**भाषा।** दुबई





**फिट हो चुकी** पीवी सिंधू और एचएस प्रणय की अगुआई में भारत मंगलवार को यहां शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2023 के ग्रुप बी के अपने पहले मैच में कजाखस्तान के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू स्ट्रेस फ्रेक्चर से पूरी तरह से उबर चुकी हैं जिसके कारण वह पिछले साल पांच महीने नहीं खेल पाईं थी और नए सत्र में सफलता हासिल करने के लिए बेताब हैं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद चोट के कारण सिंधू को विश्व चैंपियनशिप से हटना पड़ा था और वह पिछले सत्र के बाकी हिस्से से भी बाहर हो गईं थी। नए सत्र में मलेशिया ओपन और फिर स्वदेश में इंडिया ओपन में पहले दौर में शिकस्त के बाद सिंधू की नजरें जीत पर टिकी हैं और वह यहां अपना सब कुछ झोंकी देंगी। महिला एकल में सिंधू की बैकअप दुनिया की 32वें नंबर की खिलाड़ी आकर्षी कश्यप हैं जिन्होंने पिछले महीने बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय चैलेंज का खिताब जीता। पुरुष एकल में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय और 10वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। पुरुष युगल में चोटिल सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की गैरमौजूदगी में चिराग शेट्टी और ध्रुव कपिला जोड़ी बनाकर खेलेंगे। सात्विक कूल्हे की चोट के कारण प्रतियोगिता से हट गए हैं। पुरुष युगल में एक अन्य जोड़ी कृष्ण प्रसाद गारगा और विष्णुवर्धन गौड़ पी की है। सात्विक की गैरमौजूदगी में पुरुष युगल भारत का कमजोर पक्ष रहेगा और ध्रुव तथा चिराग की जोड़ी के लिए एशिया की अन्य शीर्ष जोड़ियों की चुनौती से पार पाना आसान नहीं होगा। महिला युगल में भारतीय चुनौती की अगुआई राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी करेगी।

### मस्कट में चौरसिया शीर्ष भारतीय, कनाया को खिताब

**भाषा।** मस्कट

**एसएसपी** चौरसिया ने अपने 2023 अंतरराष्ट्रीय सत्र की अच्छी शुरुआत करते हुए यहां 20 लाख डॉलर इनामी अंतरराष्ट्रीय गोल्फ सीरीज में संयुक्त 30वां स्थान हासिल किया और भारतीय गोल्फरों के बीच शीर्ष पर रहे। चौरसिया ने 75, 71, 72 और 73 का स्कोर बनाया तथा राशिद खान के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर रहे। एशिाई टूर पर दो बार के विजेता राशिद ने 70, 77, 70 और 74 का स्कोर बनाया। जापान के प्रतिभावान ताकुमी कनाया ने देश के बाहर पहला पेशेवर खिताब जीता। उन्होंने अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से कुल 10 अंडर का स्कोर बनाया। जापान के 24 साल के कनाया ने अमेरिका के बैरी हेनसन (70) और थाईलैंड के सेडम केईवकांजाना को चार शॉट से पछाड़ा। अन्य भारतीयों में शिव कपूर (75) और ज्योति रंधावा (76) संयुक्त 43वें जबकि गगनजीत भुल्लर संयुक्त 53वें स्थान पर रहे।